उज्जैन
शनिवार
24
जनवरी, 2026
मूल्य- 2 रु.
वर्ष-12
अंक-83
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

दैनिक ब्रह्मास्त्र



धूम फेम एक्ट्रेस ने इंडस्ट्री छोड़ने की वजह बताई बॉलीवुड का नशा खत्म हो गया रिमी सेन बोलीं महिलाओं के लिए इंडस्ट्री में लंबा करियर नहीं

पेज- 8

## 18वां रोजगार मेला आज- पीएम 61 हजार जॉब लेटर बांटेंगे

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी शनिवार को 18वें रोजगार मेले में 61 हजार जॉब लेटर बांटेंगे। ये नियुक्ति गृह मंत्रालय,



स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, वित्तीय सेवा विभाग, उच्च शिक्षा विभाग सहित अन्य विभागों में की गई है। रोजगार मेले का आयोजन देश के 45 जगहों पर किया जाएगा। रोजगार मेले का आयोजन देश भर में 45 स्थानों पर किया जाएगा। पिछला रोजगार मेला 24 अक्टूबर 2025 को आयोजित किया गया था। प्रधानमंत्री ने 22 अक्टूबर 2022 को रोजगार मेले का पहला फेज शुरू किया था। अब तक 11 लाख से ज्यादा लोगों को रोजगार मिल चुका है।



श्री राम मंदिर और श्री महाकाल पोस्टर कैलेंडर नि:शुल्क वितरण हुआ। अब दूसरा कैलेंडर नि:शुल्क आज अपने हॉकर से प्राप्त करें।

## एसआईआर की चिंता में बंगाल में रोज 4 आत्महत्याएं, 110 से ज्यादा लोगों की मौत हुई

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने शुक्रवार को कहा कि बंगाल में रक्फ़की चिंता में हर रोज 3 से



4 लोग आत्महत्या कर रहे हैं। अब तक 110 से ज्यादा लोग मर चुके हैं। 40-45 लोग अस्पतालों में जिंदगी और मौत से जूझ रहे हैं। इतने साल बाद क्या हमें यह साबित करना पड़ेगा कि हम इस देश के नागरिक हैं? ममता बनर्जी ने कोलकाता के रेड रोड पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती के कार्यक्रम में ये बातें कही। ममता बनर्जी ने बताया कि दिसंबर में जारी ड्राफ्ट वोटर लिस्ट से 58 लाख से ज्यादा मतदाताओं के नाम हटा दिए गए।

## परिजनों से बचाने के लिए प्रेमिका ने प्रेमी को लोहे के संदूक में किया बंद

**कानपुर।** उत्तर प्रदेश के कानपुर जिले से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है, जहाँ चकेरी इलाके में एक युवती ने अपने प्रेमी को परिजनों से छुपाने के लिए लोहे के भारी संदूक में बंद कर दिया। करीब 45 मिनट तक संदूक के भीतर कैद रहने के बाद जब युवक ने शोर मचाया और हाथ-पांव मारे, तब जाकर परिजनों को शक हुआ। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने संदूक का ताला खुलवाया और युवक को बाहर निकाला। पुलिस ने मौके पर मौजूद उग्र परिजनों को शांत कराया और युवक-युवती दोनों को हिरासत में लेकर थाने ले आई है, जहाँ उनसे पूछताछ की जा रही है।

# यूपी के 74 जिलों में ब्लैकआउट

## युद्ध का सायरन बजा, गोरखपुर में डमी मिसाइल गिरी, कानपुर में धमाका

ब्रह्मास्त्र » गोरखपुर

यूपी के 74 जिलों में शुक्रवार शाम 6 बजे से ब्लैकआउट हुआ। मॉक ड्रिल के दौरान सायरन बजते ही हर जगह अंधेरा छा गया। गोरखपुर में जहां डमी मिसाइल गिरी, वहीं कानपुर में धमाके की आवाज सुनकर लोग जमीन पर लेट गए। वाराणसी में बिल्डिंग में फंसी महिला को रस्सी के सहारे बचाया गया। प्रयागराज में माघ मेले के बसंत पंचमी नहान की वजह से कल मॉकड्रिल होगा।

ऑपरेशन सिंदूर के समय भी ऐसा ही मॉक ड्रिल देखने को मिला था। सीएम योगी ने लखनऊ पुलिस लाइन से मॉक ड्रिल की मॉनिटरिंग की। उन्होंने इसमें हिस्सा लेने वाली सभी टीमों की तारीफ की। सुभाष चंद्र बोस की



जयंती पर यूपी में 10 मिनट के लिए ब्लैकआउट किया गया।

मॉक ड्रिल युद्ध के समय हवाई हमलों जैसे हालात में दुश्मन से लोकेशन छिपाने और सुरक्षा तैयारियों को परखने के लिए कराया जाता है। सिविल डिफेंस, एनडीआरएफ, होमगार्ड, फायर ब्रिगेड, स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य सुरक्षा एजेंसियां इस मॉक ड्रिल में शामिल रहीं। प्रशासन ने सभी जिलों में इसके लिए पहले ही जगहों को चिन्हित किया था।

## अंडर-19 वर्ल्ड कप में आज भारत-न्यूजीलैंड का मुकाबला

ब्रह्मास्त्र » बुलावायो

14 साल के वैभव सूर्यवंशी आज सरफराज खान का रिकॉर्ड तोड़ सकते हैं। उनके नाम अभी 1047 रन दर्ज हैं, जबकि सरफराज खान के 1080 रन हैं। ऐसे में वैभव को सरफराज से आगे निकलने के लिए सिर्फ 33 रन की जरूरत है। इतना ही नहीं, अगर वे इस मुकाबले में 102 रन बना लेते हैं तो शुभमन गिल के 1149 यूथ वनडे रनों का रिकॉर्ड भी टूट जाएगा।

शनिवार को अंडर-19 वर्ल्ड कप में भारत और न्यूजीलैंड के बीच मुकाबला खेला जाएगा। मैच दोपहर 1 बजे से जिम्बाब्वे के बुलावायो में शुरू होगा। यह दोनों टीमों का लीग स्टेज का आखिरी मैच है। भारत ने अब तक दोनों मुकाबले जीतकर ग्रुप-बी में टॉप पर जगह बनाई है, जबकि न्यूजीलैंड के दोनों मैच बेनतीजा रहे हैं और टीम 2 पॉइंट्स के साथ तीसरे स्थान पर है। अंडर-19 स्तर पर भारत और न्यूजीलैंड के हेड-टू-हेड आंकड़ों में भारत का दबदबा रहा है। दोनों टीमों के बीच अब तक खेले गए 20 मुकाबलों में भारत ने 17 मैच जीतकर बढ़त बनाई है, जबकि न्यूजीलैंड को सिर्फ 3 मैचों में जीत मिली है।

### पाकिस्तान में शादी समारोह में हमलावर ने विस्फोट किया

## 7 लोगों की मौत, 25 घायल

ब्रह्मास्त्र » इस्लामाबाद

पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के डेरा इस्माइल खान जिले में शुक्रवार को एक शादी समारोह के दौरान आत्मघाती हमलावर ने धमाका कर दिया। इस हमले में सात लोग मारे गए और 25 घायल हो गए।

हमला नूर आलम महसूद नाम के एक प्रो-गवर्नमेंट कम्युनिटी लीडर नूर आलम महसूद के घर पर हुआ। जहां शादी की खुशी मनाई जा रही थी। पुलिस के अनुसार, मेहमान नाच रहे थे तभी यह धमाका हुआ, जिससे जगह पर अफरा-तफरी मच गई। विस्फोट इतना जोरदार था कि छत ढह गई, जिससे मलबे के नीचे फंसे लोगों को बचाना मुश्किल हो गया। अधिकारियों के अनुसार, मृतकों में एक पूर्व तालिबान सदस्य भी शामिल था। बाकी मृतक उसके रिश्तेदार बताए गए हैं।

शुरूआती रिपोर्ट के मुताबिक, शांति समिति के नेता वाहीदुल्लाह महसूद उर्फ जिगरी महसूद भी इस हमले में मारे गए हैं। सभी घायलों और मृतकों को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां कई घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है।


# राजस्थान में पारा 10 डिग्री गिरा

## माउंट आबू में माइनस 7 डिग्री, यूपी-एमपी समेत 5 राज्यों में बारिश

ब्रह्मास्त्र » नई दिल्ली

देश के सबसे उत्तरी 3 राज्यों जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में गुरुवार-शुक्रवार से शुरू हुई बर्फबारी देर शाम तक चली। शिमला, मनाली, मसूरी, कटरा में चारों तरफ बर्फ ही बर्फ नजर आ रही है।

उधर, उत्तराखंड के उत्तरकाशी, चमोली और जम्मू के डोडा में पिछले 24 घंटे से रुक-रुककर बर्फबारी हो रही है। मैदानी इलाकों में लगभग एक फुट और ऊपरी पहाड़ी क्षेत्रों में 2-3 फीट बर्फ जम



गई है। श्रीनगर एयरपोर्ट शनिवार को भी बंद है। एनएच-44 पर ट्रैफिक रोका गया है। मौसम विभाग ने तीनों राज्यों में ऊंचे इलाकों में एवलांच (हिमस्खलन) की चेतावनी जारी की है।

इधर वेस्टर्न डिस्टरबेंस के असर से राजस्थान में ओले-बारिश के बाद तापमान 10 डिग्री तक गिर गया है। राज्य के इकलौते हिल स्टेशन माउंट आबू में पारा माइनस 7 डिग्री तक पहुंच गया। सीकर में ओस जम गई।

यूपी, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, मध्य प्रदेश के कई जिलों में भी हल्की बारिश हो रही है। राजधानी दिल्ली में बारिश के बाद कोहरा और धुंध छंट गई है, लेकिन तापमान 11 डिग्री पर पहुंच गया है। यहां पहाड़ों से आने वाली तेज सर्द हवाओं के कारण ठिठुरन बढ़ गई है।


### अब उज्जैन में भी दूर होगी सड़कों की खामियां...

## दुर्घटनाएं रोकने के लिए उठाए जा रहा बड़ा कदम

ब्रह्मास्त्र » उज्जैन

अब प्रदेश के साथ ही उज्जैन जिले में भी सड़कों की खामियों को दूर करने के लिए लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी)अभियान चलाएगा। जानकारी के अनुसार, पीडब्ल्यूडी द्वारा सड़कों का रोड सेफ्टी ऑडिट कराया जाएगा। दरअसल, सरकार की कोशिश है कि सड़कें गुणवत्ता, सुरक्षा और भरोसे का ब्रांड बनें। दरअसल, बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए लोक निर्माण विभाग द्वारा पहली बार सड़कों का अनिवार्य रूप से रोड सेफ्टी ऑडिट करवाने जा रही है।

रोड सेफ्टी ऑडिट से सड़क पर किसी तकनीकी खामी के कारण होने वाली दुर्घटनाओं को कम किया जा सकता है। इसमें सड़क की डिजाइन, साइन बोर्ड, रोशनी, गति नियंत्रण, पैदल यात्रियों व साइकिल चालकों की सुरक्षा और ब्लैक स्पॉट्स का आकलन किया जाता है। कई बार सड़कें बनने के बाद छोटी-छोटी खामियां बड़ी दुर्घटनाओं का कारण बन जाती हैं, जिन्हें ऑडिट के जरिए सुधारा जा सकता है। यह प्रक्रिया नई सड़कों के निर्माण से पहले निर्माण के दौरान और उपयोग में आने



### सुधारात्मक उपाय पर जोर दिया जाएगा

तीसरा कंस्ट्रक्शन स्टेज के तहत वर्क जोन सेफ्टी, बैरिकेडिंग और डायवर्सन, रात की विजिबिलिटी और चेतावनी संकेत का ऑडिट होगा। वहीं प्री-ओपनिंग के तहत सड़क खोलने से पहले निरीक्षण,सभी साइन, मार्किंग और स्पीड ब्रेकर की जांच और ब्लैक स्पॉट की पहचान की जाएगी। वहीं पोस्ट-ओपनिंग के तहत दुर्घटना डेटा का विश्लेषण, ट्रैफिक का अध्ययन और सुधारात्मक उपाय पर जोर दिया जाएगा। एनएचएआई के एक्सप्रेस-वे की तर्ज पर पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा निर्मित स्टेट हाईवे सहित अन्य जिला मार्ग और मुख्य जिला मार्ग की सड़कों का रोड सेफ्टी ऑडिट किया जाएगा। जिसमें सड़कों को सुरक्षा के दृष्टिकोण से विभिन्न मापदंडों में परखा जाएगा। प्री- डिजाइन स्टेज से लेकर कंस्ट्रक्शन तक सेफ्टी का ऑडिट विभिन्न चरणों में किया जाएगा। उसके बाद सड़क की शुरूआत होने के बाद भी उसे सुरक्षा के मापदंड पर फिर परखा जाएगा।

के बाद भी की जाती है। सडकों का सेफ्टी ऑडिट तीन चरणों में होंगे। पहला प्री-डिजाइन स्टेज। इसके तहत सड़क की आवश्यकता और स्थान का अवलोकन, ट्रैफिक वॉल्यूम-वाहन के प्रकार, स्कूल, अस्पताल और बाजार जैसे प्वॉइंट का चयन किया जाएगा। दूसरा डिजाइन स्टेज के तहत रोड चौड़ाई, कर्व, ग्रेड और जंक्शन डिजाइन, फुटपाथ, स्टॉप और अन्य ट्रैक तथा ड्रेनेज, लाइटिंग, साइन बोर्ड और मार्किंग की पड़ताल होगी।

ब्रह्मास्त्र
स्वागतम् 2026
तीन-तीन बहुरंगीय कैलेंडर


नए साल के तीन तरह के
नि:शुल्क कैलेंडर जल्द आपके हाथों में
श्री राम लला मंदिर और श्री महाकाल पोस्टर कैलेंडर
11 दिसंबर के अंक के साथ नि:शुल्क वितरित हो चुका है।
अब दो कैलेंडर बाकी पंचांग कैलेंडर और तिथि कैलेंडर
हॉकर से अपनी प्रति सुरक्षित करें और लेते रहे एक एक करके तीनों कैलेंडर
9977755777, 77710 90777, 9617957337, 9893047988, 0734 4041777, 0731 4085777

## खबर एक नजर...

### जहरीला पदार्थ खाने के बाद भाई को किया कॉल

**उज्जैन।** पशु चिकित्सक की पढ़ाई करने वाले युवक ने गुरुवार शाम जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने के बाद मामा के पुत्र को कॉल किया। परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे। लेकिन रात में युवक की मौत हो गई। मामला तराना तहसील के ग्राम हनुमंति का होना सामने आया है। यहां रहने वाले चंद्रपाल पिता भगवानसिंह 25 साल को गुरुवार रात परिजन उपचार के लिये उज्जैन लेकर पहुंचे थे। चंद्रपाल को निजी अस्पताल में भर्ती किया गया। जहरीला पदार्थ खाने पर उसकी हालत काफी गंभीर हो चुकी थी। कुछ घंटे चले उपचार के बादद चंद्रपाल की मौत हो गई। शुक्रवार सुबह माधवनगर थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया। इस दौरान परिजनों ने बताया कि चंद्रपाल पशु चिकित्सक की पढ़ाई कर रहा था। वह दोपहर को घर से निकला था। शाम को ग्राम कंरज से उसने ममेरे भाई बलराम को कॉल किया और बोला कि जहरीला पदार्थ खा लिया है। माधवनगर थाना पुलिस के अनुसार पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा गया है। जांच के लिये मर्ग डायरी तराना थाना पुलिस को भेजी जायेगी।

### हरियाखेड़ी प्रोजेक्ट का काम इस माह से होगा शुरू

**उज्जैन।** सिंहस्थ 2028 को ध्यान में रखते हुए 1133.07 करोड़ रुपए की हरियाखेड़ी जल आवर्धन योजना को राज्य शासन से पूरी स्वीकृति मिल चुकी है। निगम ने प्रोजेक्ट का एलओए (स्वीकृति पत्र) संबंधित कंपनी को जारी कर दिया है। पीएचई के ईई वैभव भावसार ने बताया अंतिम औपचारिकताओं के बाद नगर निगम मंगलवार या बुधवार तक वर्कऑर्डर जारी कर प्रोजेक्ट शुरू करेगा। प्रोजेक्ट को 24 माह में पूरा करना है। हरियाखेड़ी प्रोजेक्ट के तहत देवास रोड स्थित मताना क्षेत्र के सिलारखेड़ी तालाब की क्षमता 6 एमसीएम से बढ़ाकर 51 एमसीएम की जाएगी। इस तालाब से निगम हरियाखेड़ी वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट के माध्यम से रोजाना 100 एमएलडी पानी ले सकेगा। योजना में 5 नए जलशोधन संयंत्र और 2 इंटेकवेल बनाए जाएंगे। 49,000 नए नल कनेक्शन कर हर घर तक शुद्ध पानी पहुंचाएंगे। त्र 136 किमी क्लियर वॉटर मेन और 534 किमी वितरण नेटवर्क से पूरे नगर और मेला क्षेत्र में समान जलापूर्ति। त्र 17 नए ओवरहेड टैंक बनेंगे और 44 पुराने टैंक होंगे मजबूत। त्र सिंहस्थ 2028 में लगभग 30 करोड़ श्रद्धालुओं के लिए पानी की आवश्यकता पूरी होगी।

### रीगल टॉकीज निर्माण : मिट्टी के नमूना रिपोर्ट के बाद शुरू हो सकेगा काम

**उज्जैन।** गोपाल मंदिर क्षेत्र में रीगल टॉकीज के कमर्शियल कॉम्प्लेक्स निर्माण के दौरान करीब 10-12 फीट की खुदाई पर पानी निकलने से काम फिलहाल रुका है। निगम ने शुक्रवार को मिट्टी का नमूना लैब भेजा है, ताकि नमी और पानी के स्तर का पूरा पता चल सके। रिपोर्ट तीन-चार दिन में आएगी। इसके बाद ही यह स्पष्ट होगा कि निर्माण कार्य में क्या बदलाव करने होंगे और समय सीमा कितनी लगेगी। यह सुनिश्चित किया जाएगा कि भवन का स्ट्रक्चर पानी की स्थिति के अनुसार सुरक्षित और मजबूत बनाया जाए। फिलहाल निर्माण कार्य तब तक रोका है, जब तक रिपोर्ट नहीं आती।

### हल्दी कुमकुम में भजनों पर किया नृत्य



**उज्जैन।** नागझिरी ग्राम बड़गांव में महिलाओं ने हल्दी कुमकुम का आयोजन किया। एक-दूसरे को हल्दी कुमकुम कर सुहाग सामग्री भेंट की। महिलाओं ने भजनों पर नृत्य किया। ग्राम पंचायत ने स्वल्पाहार की व्यवस्था की। सरपंच अनिता बिडारे, महिला संगठन अध्यक्ष सूरज सोलंकी, पूर्व अध्यक्ष शारदा कन्हैया, बनारस पटेल, वंदना कुशवाह आदि शामिल थीं।

---

#### शोकसभा स्थल पर गीता संदेश, एलईडी स्क्रीन से मिलेगा आत्मिक सुकून

# चक्रतीर्थ अब अंत्येष्टि स्थल नहीं, शांति का केंद्र

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उज्जैन का चक्रतीर्थ, जो अब तक केवल अंत्येष्टि स्थल था, अब आध्यात्मिक शांति और आत्मिक सुकून का केंद्र बनने जा रहा है। यहां दाह संस्कार के बाद शोकसभा स्थल पर एलईडी स्क्रीन के माध्यम से गीता के सार और आध्यात्मिक संदेशों का स्लाइड शो दिखाया जाएगा, जिससे शोक संतप्त परिवारों को शांति मिल सके।




चक्रतीर्थ विकास योजना के तहत इस संवेदनशील स्थल का स्वरूप पूरी तरह बदला जा रहा है। यहां लगभग 80 मीटर लंबा भव्य डोम फैब्रिक शेड तैयार किया गया है, जो धूप और बारिश से सुरक्षा प्रदान करेगा। दाह संस्कार स्थल पर नए शेड, बैठने के लिए पक्के ओटले और दीवारों पर धार्मिक चित्रकारी की गई है, जो वातावरण को आध्यात्मिक स्वरूप दे रही है।

दीवारों पर यमराज, सुदर्शन चक्र, भगवान शिव के साथ-साथ स्वच्छता और जीवन के सत्य से जुड़े संदेशों की आकृतियां उकेरी गई हैं। ये चित्रकलाएं हर आने वाले को जीवन की नश्वरता और सत्य का अहसास कराती हैं।

परिजनों और नागरिकों की सुविधा के लिए शोकसभा स्थल पर 50 से अधिक स्टील कुर्सियां, वाटर कूलर, प्याऊ, स्नानघर और शौचालय की व्यवस्था की गई है। उद्यान क्षेत्र में लगाया गया नया फाउंटेन भी शांतिपूर्ण माहौल बनाने में सहायक होगा। महापौर मुकेश टटवाल ने निरीक्षण के दौरान बताया कि चक्रतीर्थ को ऐसा स्वरूप दिया जा रहा है, जहां अंतिम विदाई के क्षणों में लोगों को दुख के साथ-साथ धैर्य, शांति और आत्मिक संतुलन भी मिल सके।

---

#### महाकाल मंदिर में 70 दिन में

# दस प्रकार के दुर्लभ प्रजातियों के कमल



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

महाकाल मंदिर और महाकाल लोक परिसर में 70 दिन में एक हजार पंखुड़ियों सहित दस प्रकार के कमल के फूल लहलहाएंगे। इसके लिए शुक्रवार को कमल के फूल के विशेषज्ञ की मौजूदगी में परिसर में कमल रोपे गए हैं। यह फूल 70 दिन में परिपक्व होकर 150 दिन तक फूलों से लदे रहने का दावा किया जा रहा है।

वसंत पंचमी पर महालोक लोक में दुर्लभ प्रजाति के कमल लगाए गए। इनका रोपण वास्तु कमल के विशेषज्ञ प्रमोद गायकवाड़ ने किया। चर्चा में गायकवाड़ ने बताया कि देश का पहला ज्योतिर्लिंग होगा, जिसमें दस दुर्लभ प्रजातियों के कमल के फूल लहलहाएंगे। इसके अलावा पानी में गप्पी और मौली मछलियां छोड़ी गई हैं, जिससे पानी को साफ रखने में मदद मिलेगी। साथ ही 17 प्रजातियों की वाटर लिली भी लगाई है, जिससे मंदिर व लोक के सौंदर्यीकरण में मदद मिलेगी।

#### इन 10 प्रकार के कमल से सजेगा परिसर

1. सहस्त्रदल : एक हजार पंखुड़ियां रहेंगी।
2. लौंग कांचा : सफेद रंग का रहेगा।
3. ड्रॉप ब्लड : सूर्ख लाल रंग का होगा।
4. विष्णु कमल : यह ऑफ व्हाइट रहेगा।
5. लक्ष्मी कमल : देसी प्रजाति का होगा।
6. अष्ट दल : आठ पंखुड़ियां रहेंगी।
7. कावेरी : 850 पंखुड़ियां का होगा।
8. रेड पियोनी : लाल रंग का 900 पंखुड़ियां होंगी।
9. ग्रीन एप्पल : कच्चा सेवफल की तरह दिखेगा।
10. पिंक क्लाउड : गुलाबी रंग का 450 पंखुड़ियां वाला फूल।

**मंदिर और महाकाल लोक में निर्माण ऐसे करें कि भक्तों को असुविधा न हो-** श्री महाकालेश्वर मंदिर के आंतरिक एवं बाहरी परिसर के साथ महाकाल महालोक परिसर में किए जा रहे कामों को इस तरह किए जाएं कि दर्शन के लिए आने वाले भक्तों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रशासक प्रथम कौशिक ने यह बात कही। वे शुक्रवार को महाकालेश्वर मंदिर और महालोक में किए जा रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर रहे थे।

---

# कानीपुरा में बनाएंगे स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स वर्कऑर्डर जारी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

कानीपुरा पीएम आवास मल्टी के पास नया स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स बनाया जाएगा। यह परिसर 1.703 हेक्टेयर क्षेत्र में विकसित होगा। मुख्यमंत्री नगरीय क्षेत्र अधोसंरचना निर्माण योजना के तहत यह प्रोजेक्ट तैयार किया है। हाल ही में भूमि पूजन हुआ। निर्माण एजेंसी को वर्कऑर्डर जारी कर दिया गया है। अधिकारियों ने बताया निर्माण कार्य इसी माह शुरू होगा।



इस प्रोजेक्ट की कुल लागत 3.47 करोड़ रुपए है। निर्माण दो चरणों में होगा। पहले चरण में बाउंड्रीवॉल और 200 मीटर लंबा सिंथेटिक रनिंग ट्रैक बनेगा। दूसरे चरण में इनडोर स्टेडियम बिल्डिंग, ओपन गार्डन एरिया, डेकोरेटिव वेलकम वॉल, स्ट्रीट लाइटिंग और बैडमिंटन कोर्ट तैयार किया जाएगा।

इस परिसर का उद्देश्य शहर के युवाओं और खिलाड़ियों को बेहतर खेल सुविधाएं देना है। नगर निगम ने बताया, शासन स्तर पर पहले ही स्थान तय हो चुका था। अब निर्माण की स्वीकृति मिल गई है। काम जल्द पूरा किया जाएगा। परिसर में मल्टीपरपज खेल क्षेत्र, जिम्नेशियम और मलखंभ जैसी खेल सुविधाएं भी होंगी। बाहर से आने वाले खिलाड़ियों के लिए हॉस्टल ब्लॉक का प्रावधान किया है, जिससे उन्हें रहने और अभ्यास करने में आसानी होगी।

आगंतुकों और खिलाड़ियों के लिए पर्याप्त पार्किंग की सुविधा भी दी जाएगी। सुरक्षा के लिए गार्ड रूम और परिसर के अंदर उचित व्यवस्था की जाएगी। जल निकासी के लिए परिसर में पीछे की ओर नाला बनाया जाएगा और भविष्य में विस्तार के लिए रिजर्व लैंड भी छोड़ा जाएगा।

---

## एग्जाम स्पेशल



Exam special by : Rahul Shukla
( Educator n Motivator Guru )

आज दसवी बोर्ड परीक्षा के विज्ञान विषय पर बात करते हैं। इसमें भी दो नंबर वाले लघुउत्तरीय प्रश्न महत्वपूर्ण हैं साथ ही नामांकित चित्र व विद्युत परिपथ भी कम महत्व के नहीं हैं। सभी परिभाषाएं और भौतिक राशियों के मात्रक अच्छे से याद करें। अंतर याद करने पर फोकस जरूर करें। रासायनिक सूत्र, समीकरणों को संतुलित करने की अच्छी प्रैक्टिस करें।

### महत्वपूर्ण प्रश्न परीक्षा की दृष्टि से

- अब विज्ञान विषय के कुछ महत्वपूर्ण प्रश्नों की तैयारी आप अच्छे से कर लीजिए ,यह सभी प्रश्न परीक्षा हेतु बहुत उपयोगी है
- अम्ल और क्षार में अंतर
- धातु और अधातु में अंतर
- समावयवता की परिभाषा और उदाहरण
- रक्त और लसीका में अंतर
- मेंडल के आनुवंशिकता के नियम
- मानव में लिंग निर्धारण
- प्रतिवर्ती क्रिया और उसका उदाहरण
- मानव हृदय और मानव मस्तिष्क का नामांकित चित्र
- प्रकाश के परावर्तन और अपवर्तन के नियम
- ओम का नियम और उसका परिपथ
- गुणसूत्र की संरचना का नामांकित चित्र
- हार्मोन की परिभाषा और उसके कार्य
- वक्रता केंद्र और फोकस दूरी की परिभाषा
- तारे क्यों टिमटिमाते हैं
- किसी चालक का प्रतिरोध किन कारकों पर निर्भर करता है
- फ्लेमिंग का दाएं हाथ का नियम
- टोमेटा का नामांकित चित्र
- पीएच. मान से आप क्या समझते हैं, इसका महत्व
- प्रभावी लक्षण किसे कहते हैं
- लार के क्या कार्य हैं।
- पावर अल्कोहल क्या है। इसके उपयोग
- प्लास्टर आफ पेरिस का रासायनिक नाम, सूत्र और तीन उपयोग।
- एलडिहाइड व किटोन क्या हैं। प्रत्येक ग्रुप के प्रथम तीन मेम्बर के नाम व सूत्र।
- मिथेनोल व इथेनोल के सूत्र और सामान्य नाम लिखो
- केटिनेशन किसे कहते हैं।
- साबुन व अपमार्जक मे अंतर बताओ।



एक सुनियोजित ढंग से नियमितरूप से इन विषयवस्तु पर फोकस करके पढाई की जाए तो सफलता मिलेगी ही।

-शशांक शुक्ला।सेवानिवृत व्याख्याता व पर्यावरणविद।

---

# इंदौर-उज्जैन के बीच अवैध शराब परिवहन का मार्ग बना सांवराखेड़ी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

**बाइक सवार 2 इंदौरी युवकों से बरामद की 43 हजार की शराब**

धार्मिक नगरी में शराब पर प्रतिबंध लगने के बाद अवैध परिवहन बढ़ता दिखाई दे रहा है। पिछले कुछ दिनों से इंदौर-उज्जैन के बीच होने वाले परिवहन के लिये सांवराखेड़ी मार्ग का उपयोग होता दिखाई दे रहा है। गुरूवार-शुक्रवार रात एक बार फिर बाइक सवार 2 युवकों को पकड़ा गया है। जिनके पास से देशी-विदेश शराब बरामद की गई है।

नीलगंगा थाना एएसआई उद्यमसिंह राठौर ने बताया कि रात में सूचना मिली थी कि बाइक सवार 2 युवक इंदौर-नागदा बायपास मार्ग से सांवराखेड़ी के रास्ते अवैध शराब लेकर आने वाले है। सूचना पर सांवराखेड़ी रोड पर घेराबंदी की गई। बाइक क्रमांक एमपी 09 क्यू एक्स 0571 पर 2 युवक आते दिखाई दिये। बाइक के बीच में पेटियां रखे हुई थी। दोनों को घेराबंदी में पकड़ा गया। उनके पास से 6



पेटी देशी शराब और एक पेटी अंग्रेजी शराब की बरामद हो गई। दोनों को थाने लाया गया। जहां पूछताछ में उनके नाम विक्की पिता कालू उर्फ कोमल यादव और लक्ष्मणसिंह बघेल निवासी इंदौर होना सामने आये। शराब परिवहन संबंधित दस्तावेज दिखाने के लिये कहा गया तो दिखा नहीं पाये। मामला अवैध शराब परिवहन का होने पर बाइक जप्त कर आबकारी अधिनियम की धारा 34 (2) का प्रकरण दर्ज किया गया। शराब की कीमत 34 हजार रुपए 500 रुपए सामने आई है। दोनों ने कबूल किया कि शराब इंदौर से लेकर आये थे और ग्राम चंद्रखेड़ी में देने जा रहे थे। एएसआई राठौर के अनुसार शराब डिलेवरी का पता चलने पर दोनों को शुक्रवार दोपहर कोर्ट में पेश किया गया, जहां से रिमांड पर लिया गया है। इस बात का पता लगाया जा रहा है कि चंद्रखेड़ी में शराब किसने मंगवाई थी। जानकारी सामने आते ही उसके खिलाफ भी मामला दर्ज कर गिरफ्तारी की जायेगी।

**350 क्वार्टर के साथ पकड़ाये थे 2 युवक-** 21 जनवरी को भी नीलगंगा थाना पुलिस ने बाइक पर सवार रितिक उर्फ भूरा पिता विनोद परमार निवासी जयसिंहपुरा ओर हिमांशु पिता राजेश धानक निवासी ध्रुवनगर को सांवराखेड़ी मार्ग पंचमुखी हनुमान मंदिर के पास से पकड़ा था। जिनके पास से देशी शराब के 350 क्वार्टर बरामद किये गये थे, जिसकी कीमत 31 हजार रुपए से अधिक सामने आई थी। सांवराखेड़ी मार्ग से पूर्व में कई लोगों को पकड़ा जा चुका है, जिनके पास से शराब बरामद हुई है। अब सभी से शराब इंदौर से लाने की जानकारी सामने आई है।

उज्जैन
शनिवार
24
जनवरी, 2026

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

महालक्ष्म्यै च विद्महे विष्णुपत्न्यै च धीमहि।
तन्नो लक्ष्मीः प्रचोदयात्॥

**अर्थः** हम विष्णु पत्नी महालक्ष्मी को जानते हैं तथा उनका ध्यान करते हैं। वे लक्ष्मीजी सन्मार्ग पर चलने के लिये हमें प्रेरणा प्रदान करें।


## खबर एक नजर...

### आलू चिप्स के कारखानों में जलाऊ लकड़ी पहुंच रही

**इंदौर।** इंदौर वन मंडल की महू रेंज के तहत आने वाले कोदरिया में आलू चिप्स के कारखानों में कुछ महीनों से धामनोद, मांडू, कुक्षी, धार, होशंगाबाद, बड़वाह, सनावद तरफ से भारी मात्रा में जलाऊ लकड़ी कटकर आ रही है। 240 के लगभग कारखाने हैं। एक कारखाने में लगभग 50 क्विंटल तक लकड़ी की खपत हो रही है। किसानों को अपने खेत और जमीनों से जलाऊ लकड़ी काटने की अनुमति है, लेकिन यह भी प्रक्रिया के तहत ही काटी जाती है। बिना परिवहन अनुमति (टीपी) के यह लकड़ी सप्लाय की जा रही है। उड़नदस्ता गश्ती कर रहा है, लेकिन कारखानों में सप्लाय की जा रही लकड़ी उसे नजर नहीं आ रही। रोज 10 से 15 ट्रक लकड़ी इन कारखानों तक पहुंच रही है। आलू को उबालने के लिए जो बायलर चलाए जाते हैं, वह लकड़ी जलाकर ही चलाए जाते हैं। डीएफओ से भी इसकी शिकायत की गई। विभाग की सामाजिक वानिकी में पदस्थ कर्मचारियों की मिलीभगत की भी शिकायत की गई है। विभाग द्वारा कारखानों में आ रही लकड़ी की आकस्मिक जांच ही नहीं की गई है। हर कारखाने के बाहर लकड़ियों के ढेर लगे हैं। ये लकड़ी किस जगह से कटकर आई है। कटाई की अनुमति, पेड़ों की संख्या, किस वन मंडल ने टीपी जारी की। इस टीपी का रूट क्या था, इसकी जांच ही नहीं की जाती। लकड़ी सप्लाय करने वाले एक ही टीपी पर कई बार तारीख बदलकर उसका इस्तेमाल कर लेते हैं। देर रात से तड़के के बीच ट्रकों के जरिये सप्लाय की जा रही है।

### 3 माह की बच्ची को हौज में डुबोकर हत्या करने वाले पिता को उम्रकैद

**इंदौर।** खजराना थाना क्षेत्र में तीन माह की बच्ची की हत्या के सनसनीखेज मामले में कोर्ट ने आरोपी पिता को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 1000 का अर्थदंड भी लगाया है। खजराना टीआई मनोज सेंधव के अनुसार, मामला 29 अगस्त 2024 का है। खजराना गणेश मंदिर के पीछे पुरानी पार्किंग के पास पानी की हौज में एक बच्ची का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई थी। अगले दिन, 30 अगस्त को पुलिस को सूचना मिली थी। जांच में मृत बच्ची की पहचान आरती के रूप में हुई। जांच के दौरान सामने आया कि घटना वाली रात बच्ची का पिता, कालू उर्फ शेरू, उसे गोद में लेकर पानी से भरी हौज की ओर जाता देखा गया था। सीसीटीवी फुटेज और पूछताछ के आधार पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस ने चार्जशीट कोर्ट में पेश की। ट्रायल के दौरान अभियोजन पक्ष के गवाहों और प्रस्तुत साक्ष्यों के आधार पर कोर्ट ने आरोपी को दोषी माना।

### इंदौर में सुरक्षाकर्मी ने युवक पर तानी पिस्टल

**इंदौर।** इंदौर में एक सांसद के पीएसओ ने एक युवक पर पिस्टल तान दी। बताया जाता है कि वह शराब के नशे में था। सूचना मिलने पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने उसका मेडिकल कराया है और मामले की जांच कर रही है। एसीपी विनोद दीक्षित के मुताबिक, घटना लोखड़े पुल की है। यहां अविनाश भदौरिया ने विवाद के दौरान एक युवक पर पिस्टल तान दी। बाद में लोगों ने उसे पकड़ लिया। इसके बाद मौके पर जमकर हंगामा हुआ। सूचना मिलने पर पुलिस के जवान भी वहां पहुंचे। अविनाश को पकड़कर थाने ले जाया गया। बताया जा रहा है कि वह शराब के नशे में था और एक पेड़ के पास टॉयलेट करने गया था। इसी बात को लेकर युवक से उसका विवाद हो गया। एसीपी विनोद दीक्षित के अनुसार, वह किसका सुरक्षाकर्मी है, इसकी जानकारी अभी जुटाई जा रही है।

### 137 साल पुरानी लीज शर्तों का उल्लंघन करने पर कार्रवाई, तीन दिन में कब्जा लेने के आदेश

# क्रिश्चियन कॉलेज की 400 करोड़ की जमीन सरकारी हुई

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर में क्रिश्चियन कॉलेज की जमीन सरकारी घोषित कर दी गई। करीब 400 करोड़ रुपए मूल्य की इस भूमि पर लंबे समय से भूमाफिया की नजर थी, वहीं कॉलेज प्रबंधन इसके व्यावसायिक उपयोग की कोशिशें कर रहा था।

लीज शर्तों के उल्लंघन को आधार बनाते हुए कलेक्टर शिवम वर्मा ने शुक्रवार को यह कार्रवाई की। साथ ही जूनी इंदौर तहसीलदार को तीन दिन में जमीन का कब्जा लेने के आदेश दिए हैं। कलेक्टर के आदेश के अनुसार, कब्जा लिए जाने के बाद इस जमीन का उपयोग शासन हित में किया जाएगा।

**हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट से भी नहीं मिली राहत–** कॉलेज प्रबंधन ने कलेक्टर की ओर से जारी कारण बताओ नोटिस को पहले हाई कोर्ट में चुनौती दी थी, लेकिन वहां से भी कोई राहत नहीं मिली। हाई कोर्ट ने स्पष्ट किया था कि कलेक्टर का पत्र केवल नोटिस है, अंतिम आदेश नहीं। प्रबंधन को अपना पक्ष रखने का पूरा अवसर दिया जाएगा। इसके बाद प्रबंधन सुप्रीम कोर्ट पहुंचा, जहां याचिका खारिज करते हुए शीर्ष अदालत ने कहा कि कलेक्टर कानून के अनुसार निर्णय लेने के लिए स्वतंत्र हैं। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद यह तय हो गया था कि अंतिम फैसला कलेक्टर ही लेंगे।



#### नक्शा पास कराने की कोशिश से खुला पूरा मामला

- इंदौर कस्बे के खसरा नंबर 407/1669/3 की कुल 68.303 हेक्टेयर भूमि में से 1.702 हेक्टेयर पर क्रिश्चियन कॉलेज संचालित है। कॉलेज प्रबंधन ने परिसर की शेष जमीन पर व्यावसायिक कार्यालय, दुकानें और अन्य निर्माण के लिए नक्शा मंजूरी के लिए आवेदन किया था। इसकी जानकारी मिलते ही जिला प्रशासन ने पूरी जमीन की जांच शुरू की।

#### महिला अस्पताल और स्कूल के लिए दी गई थी जमीन

- प्रशासनिक रिकॉर्ड के अनुसार, यह जमीन वर्ष 1887 में होलकर रियासत के समय महारानी भागीरथी बाई द्वारा कैनेडियन मिशन को महिला अस्पताल और स्कूल चलाने के उद्देश्य से दी गई थी। लीज की शर्तों में स्पष्ट उल्लेख था कि जब तक जमीन का उपयोग अस्पताल और स्कूल के लिए होगा, तब तक ही यह चर्च के पास रहेगी। उपयोग बंद होने की स्थिति में जमीन शासन को वापस लेने का अधिकार रहेगा।

जांच में सामने आया कि जमीन पर महिला अस्पताल का संचालन नहीं हो रहा है। कॉलेज भी केवल सीमित हिस्से में संचालित है। इसके बावजूद शेष भूमि पर व्यावसायिक गतिविधियों की योजना बनाई जा रही थी, जो मूल उद्देश्य और लीज शर्तों के खिलाफ है। इसके बाद कलेक्टर ने न केवल प्रस्तावित नक्शे पर रोक लगाई, बल्कि जमीन वापस लेने की प्रक्रिया शुरू करते हुए प्रबंधन को कारण बताओ नोटिस जारी किया।

**छुट्टी के कारण स्टे लेने का विकल्प भी नहीं–** सभी कानूनी विकल्प समाप्त होने के बाद 23 जनवरी को कलेक्टर कोर्ट से अंतिम आदेश पारित हुआ। अवकाश के चलते कॉलेज प्रबंधन के पास अब किसी प्रकार का स्टे लेने का विकल्प भी नहीं बचा है। कलेक्टर शिवम वर्मा ने जूनी इंदौर तहसीलदार को तीन दिन के भीतर जमीन का कब्जा लेकर शासन के नाम दर्ज करने के निर्देश दिए हैं।

# अब दूषित पानी से बीमार 10 मरीज एडमिट

### एक वेंटिलेटर पर, एक आईसीयू में, अधिकांश मरीज बुजुर्ग, डायरिया के मरीजों में कमी

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पानी से हादसों में मरने वालों की संख्या 27 हो गई है। दूसरी ओर मरीजों की संख्या अब काफी कम हो गई है। इस मामले में अब तक 450 से ज्यादा मरीज एडमिट हो चुके हैं। इनमें से अब 10 मरीज एडमिट हैं।

इनमें से भी एक वेंटिलेटर पर और दूसरा आईसीयू में हैं। वार्ड में एडमिट 8 मरीजों की हालत ठीक है। इसके साथ ही भागीरथपुरा के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर अब डायरिया के मरीज भी इक्का-दुक्का ही आ रहे हैं जिन्हें एडमिट करने की भी जरूरत नहीं पड़ रही है।

उधर, क्षेत्र में 30% हिस्से में एक दिन छोड़कर पानी सप्लाय करने के साथ सैंपल लिए जा रहे हैं लेकिन लोग पानी का उपयोग नहीं कर रहे हैं। दूसरी ओर 70% हिस्से में मुख्य पाइप लाइन डाले जाने काम चल रहा है।




विद्या बाई को 10 जनवरी से उल्टी-दस्त की शिकायत थी। वहीं, बद्री प्रसाद को 17 जनवरी को हालत खराब होने पर अरबिंदो अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

यह काम इसी माह खत्म होने का अनुमान है। फिर इस हिस्से में भी लीकेज चेक करने का काम चलेगा। इसके बाद पानी सप्लाई के साथ सैंपल टेस्ट किए जाएंगे?

# चलती कार में धुआं

### 4 धमाके और आग, तीन बच्चों समेत 5 लोगों ने कूदकर बचाई जान



ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर के भंवरकुआं इलाके के आईटी पार्क के पास एक कार में आग लग गई। सूचना के बाद फायर ब्रिगेड पहुंची। चार हजार लीटर पानी डालने के बाद उस पर काबू कर लिया गया। घटना शुक्रवार शाम करीब 4 बजे की है। फायर ब्रिगेड के एसआई संतोष कुमार दुबे के मुताबिक, घटना इंपीटस कंपनी की बिल्डिंग के सामने की है। आग लगने के बाद 3 से 4 धमाके भी हुए। कार में तीन बच्चे सहित पांच लोग सवार थे। बोनट से जब धुआं निकला तो सभी तुरंत बाहर निकल आए। आग लगने के दौरान एक तरफ का ट्रैफिक रोक दिया गया था।

# बीआरटीएस बस स्टॉप तोड़ने के लिए होंगे टेंडर

### ठेकेदारों को टेंडर भरकर काम लेने के लिए कहा, 1.53 लाख किलो स्टील निकलेगा बीआरटीएस से

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर में बीआरटीएस कॉरिडोर हटाने की प्रक्रिया में अब बस स्टॉप तोड़ने का काम नई चुनौती बन गया है। पुरानी एजेंसी द्वारा काम छोड़कर भाग जाने के बाद नगर निगम अब बस स्टॉप और बची हुई रेलिंग को अलग से टेंडर के जरिए ठेके पर देने की तैयारी में जुट गया है। इसके लिए पांच ठेकेदारों को पहले ही भरोसे में ले लिया गया है। निगम अधिकारियों ने सभी को टेंडर डालने के लिए कहा है।

निगम सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार नगर निगम के अधिकारियों ने यह फैसला लिया है कि बस स्टॉप और बची हुई रेलिंग को अलग-अलग टेंडर जारी करके हटाने के ठेके दिए जाएं। इन ठेकेदारों को निर्देश दिए गए हैं कि टेंडर जारी होते ही आवेदन करें और प्रत्येक ठेकेदार कम से कम चार बस स्टॉप तोड़ने का जिम्मा ले, तो यह कार्य आसानी से पूरा हो जाएगा। सूत्रों के मुताबिक, ठेकेदारों ने इस काम पर अपनी सहमति भी दे दी है। अब एक-दो दिन के अंदर नया टेंडर जारी कर दिया जाएगा। बीआरटीएस कॉरिडोर कुल 12 किलोमीटर लंबा है। इसमें से एक तरफ की रेलिंग पहले ही निकाल ली गई है, लेकिन दूसरी तरफ की रेलिंग और कुल 19 बस स्टॉप अभी भी बने हुए हैं। रेलिंग और उसके नीचे के बीम तोड़ना अपेक्षाकृत आसान है, लेकिन मुख्य समस्या 19 बस स्टॉप को तोड़ने, उनके लोहे-लंगर और मलबे को हटाने की है। निगम इस अटाला सामान को अपने पास नहीं रखना चाहता। पहले जिस एजेंसी को पूरा कॉरिडोर तोड़ने का ठेका दिया गया था, वह काम बीच में छोड़कर चली गई थी। इसी बीच कल से नगर निगम द्वारा इस कॉरिडोर में रोड डिवाइडर बनाने और लाइट लगाने का काम शुरू कर दिया गया है। कल महापौर पुष्यमित्र भार्गव द्वारा इस कार्य का भूमिपूजन किए जाने के साथ ही अब इस काम को शुरू करने का रास्ता साफ हो गया है। बीआरटीएस कॉरिडोर के करीब 6 किलोमीटर हिस्से में लोक निर्माण विभाग द्वारा एलिवेटेड कॉरिडोर का निर्माण प्रस्तावित है, जिसकी तैयारी शुरू हो चुकी है। इस हिस्से को छोड़कर बचे हुए 6 किलोमीटर में ही नगर निगम डिवाइडर बनाएगा। इसमें भी देवास नाका फ्लाईओवर ब्रिज और सत्य साईं चौराहा फ्लाईओवर ब्रिज वाले क्षेत्र को छोड़ना पड़ेगा। इस तरह बहुत कम क्षेत्र बचेगा।



## खबर एक नजर...

### बच्चों ने दी रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सुंदर प्रस्तुतियाँ

**उज्जैन।** अन्नपूर्णा मॉन्टेसरी हाई स्कूल का 34वाँ वार्षिक उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिसमें बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सुंदर प्रस्तुतियाँ दी गईं। विश्व बैंक कॉलोनी, सांदीपनी नगर स्थित अन्नपूर्णा मॉन्टेसरी हाई स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में उज्जैन उत्तर के विधायक अनिल जैन कालुखेड़ा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर वार्ड क्रमांक 17 की पार्षद राखी मांगीलाल कडेल भी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। विद्यालय की प्राचार्य अनीता बागरवाल ने अतिथियों का स्वागत किया एवं बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### महामृत्युंजय महायज्ञ की पावन अग्नि के समक्ष संपन्न हुआ विवाह संस्कार



**उज्जैन।** श्री मौनतीर्थ पीठ में ब्रह्मर्षि श्रीश्री मौनीबाबा जी महाराज द्वारा त्रिजुगीनारायण से लाई गई पावन अग्नि से प्रतिदिन आयोजित होने वाले महामृत्युंजय महायज्ञ के समक्ष महू निवासी चि. सक्षम एवं सौ. का. प्रिया ने विवाह के सात फेरे लिए। यह पवित्र विवाह पूज्य गुरुदेव अनंतश्री विभूषित श्रीश्री 1008 महामंडलेश्वर स्वामी डॉ. सुमनानंद गिरि जी महाराज के पावन सान्निध्य में संपन्न हुआ। श्री मौनतीर्थ पीठ के विद्वान आचार्यों एवं पंडितों ने वैदिक मंत्रोच्चार और शास्त्रोक्त विधि-विधान के साथ विवाह संस्कार पूर्ण कराया। उल्लेखनीय है कि त्रिजुगीनारायण वह पावन तीर्थ है, जहां भगवान शिव एवं माता पार्वती का विवाह संपन्न हुआ था। मान्यता है कि इस दिव्य यज्ञ की साक्षी में विवाह करने तथा विवाह पश्चात यहां दर्शन मात्र से दांपत्य जीवन सुखमय, शांतिपूर्ण एवं समृद्ध होता है। साथ ही जिन दंपतियों के बीच क्लेश बना रहता है, उनके लिए भी यहां दर्शन से गृहस्थ जीवन में सुख-शांति एवं सौहार्द का संचार होता है। आध्यात्मिक वातावरण और वैदिक परंपराओं के अनुरूप संपन्न यह विवाह समारोह श्रद्धा, आस्था और सनातन संस्कृति का अनुपम उदाहरण रहा।

# भारत की ज्ञान परम्परा और सनातन धर्म आज भी प्रासंगिक हैं - पंडित राहुल व्यास

### माधव कॉलेज में दो दिवसीय इंटरनेशनल कान्क्लेव॰परम्परा॰का शुभारंभ

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय माधव महाविद्यालय में दो दिवसीय इंटरनेशनल कान्क्लेव परम्परा का शुभारंभ गुरु सान्दिपनि आश्रम के महंत पंडित राहुल व्यास के मुख्य अतिथ्य में हुआ। कालेज की स्वामी आनन्दजीवन दास चेयर द्वारा आयोजित कान्क्लेव का शुभारंभ करते हुए गुरु सान्दिपनि के वंशज पं राहुल व्यास ने कहा कि सन्देह से सन्देह और विश्वास से विश्वास बढ़ता है । इसलिए अपना आचरण अच्छा रखें। संबंधों में पारदर्शिता रखें और सनातन को आगे बढ़ाएं । इसके साथ ही गुरू की आज्ञा का पालन करना चाहिए।भगवान श्री कृष्ण एवं उनके गुरु महर्षि सांदीपनि के आश्रम में विश्व के कोने-कोने से लोग आते हैं। यह आपका सौभाग्य है कि आपका महाविद्यालय गुरु सांदीपनि के आश्रम के पास स्थित है। उन्होंने कहा कि भगवान कृष्ण जी जैसे महापुरुष, महायोगी एवं निराशक्त भाव से गीता का उपदेश देने वाले कर्म योगी का अनुसरण आज सारे विश्व को करना चाहिए। कान्क्लेव की रुपरेखा प्रस्तुत करते हुए प्रो अल्पना उपाध्याय ने कहा कि इस चेयर की स्थापना भारतीय ज्ञान परम्परा को आगे बढ़ाने के लिए हुई है। हमारा शोध भारतीय ज्ञान परम्परा पर आधारित होना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य प्रो कल्पना वीरेंद्र सिंह ने भारतीय ज्ञान परम्परा एवं विज्ञान विषय पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत में प्राचीन काल से ही विज्ञान को बढ़ावा दिया जाता रहा है। सिंधु घाटी सभ्यता के समय से ही भारत में अन्न भंडारण की श्रेष्ठ योजना बनाई गई थी और उसे कार्यान्वित किया गया था। जल संरक्षण के लिए भी उन्नत तकनीक का प्रयोग किया जाता था। भारतीय धातु विज्ञान का श्रेष्ठ उदाहरण दिल्ली में स्थित लौह स्तम्भ है जो सदियों से खड़ा है, लेकिन उसमें क्षरण नहीं हो पाया है।हमारे वैज्ञानिक पारे की भस्म का श्रेष्ठ तरीके से उपयोग करते हुए कार्य करते थे। रिमोट सेंसिंग का उपयोग महाभारत काल में होता था । चरक और सुश्रुत के ग्रन्थों में चिकित्सा विज्ञान के नियम बताए गए हैं जो आज भी प्रासंगिक हैं । वैदिक कालीन घड़ी वैज्ञानिक रूप से सही समय बताती है । हमारा विज्ञान प्राचीन काल में जहां था, वहां से उसे विधार्थियों तक ले जाने की जरूरत है।कार्यक्रम में स्वागत वक्तव्य डॉ शौभा मिश्रा ने प्रस्तुत किया। संचालन डॉ. जफर महमूद ने किया।आभार डॉ नीता तोमर ने व्यक्त किया। अतिथियों का स्वागत डॉ राजश्री सेठ, एकनाथ भगत ने किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों एवं शिक्षक उपस्थित थे।

### संस्कृत वैदिक गुरुकुल में बसंत पंचमी पर वैदिक बटुकों ने किया माँ सरस्वती का पूजन

**उज्जैन।** संस्कृत वैदिक गुरुकुल में बसंत पंचमी के पावन अवसर पर वेद एवं माँ सरस्वती का विधिवत पूजन वैदिक बटुकों द्वारा संपन्न हुआ। आयोजन महंत पीर श्री सुंदरपुरी जी महाराज, गादीपति दत्त अखाड़ा, राम घाट उज्जैन के पावन सान्निध्य में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर आचार्य संजय गोस्वामी जी, वेद आचार्य पुरुषोत्तम जी बैरागी एवं आचार्य आशुतोष शर्मा के द्वारा विधि-विधान से पूजन संपन्न कराया गया।

### नेताजी अमर रहे, के उद्घोष से गूंजा फव्वारा चौक

**उज्जैन।** क्रांतिकारी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 128वी जयंती के अवसर पर फव्वारा चौक में अन्नपूर्णा ग्रुप द्वारा नेताजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। योगेश शर्मा, सुखदेव यादव, अरमान सुभाष यादव, केदार परिहार, संचित शर्मा, बबलू तिवारी, अखलाक खान, बादल गुप्ता, अंकित यादव, माधव डागा, आलम लाला, हरीश जैन आदि की उपस्थिति में सुभाषचंद्र बोस को पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया।

# श्री हिरदेश्वर महादेव मंदिर में मनाया जाएगा 10 दिवसीय कलश स्थापना महोत्सव

### बसंत पंचमी पर हुआ कथा पंडाल, पंडाल स्थल का भूमि पूजन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

युवा मंच सत्संग समिति एवं हिरदेश्वर सामाजिक कल्याण सेवा समिति द्वारा श्री हिरदेश्वर महादेव मंदिर पंचकोशी यात्रा का प्रथम व अंतिम पड़ाव स्थल पर 10 दिवसीय शिखर पर कलश स्थापना महोत्सव के रूप में मनाया जा रहा है जिसके अंतर्गत श्री शिव शक्ति महायज्ञ का ध्वजारोहण किया गया।

समाजसेवी अजीत मंगलम ने बताया कि 6 फरवरी प्रातः 11 बजे भव्य कलश यात्रा मायावती हनुमान मंदिर सामाजिक न्याय केंद्र परिसर से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गो से चामुंडा माता चौराहा, देवास गेट, मालीपुरा, दौलतगंज, फव्वारा चौक, नई सड़क, क्षीरसागर से कोयला फाटक होती हुई कथा स्थल पर पहुंचेगी। तत्पश्चात उपस्थित भक्तों का महाप्रसाद भी रखी गई है। संगीतमय शिव महापुराण कथा कथाव्यास वैदिक पंडित प्रदीप संजा जी महाराज भाई जी के मुखारविंद से 7 फरवरी प्रातः 11 से 2 बजे आरती की जावेगी एवं संगीतमय श्री राम कथा कथाव्यास श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर स्वामी भागवतानंद गिरिजी महाराज (बापूजी) के



मुखारविंद से 7 फरवरी दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे आरती की जावेगी। साथ ही शिव शक्ति महायज्ञ 11 फरवरी से प्रातः 8 बजे से 11 बजे आरती की जावेगी। अजीत मंगलम ने बताया की उक्त कार्यक्रम हेतु पंडाल स्थल का भूमि पूजन बसंत पंचमी 23 जनवरी प्रातः 10:30 बजे क्षेत्रीय पार्षद रेखा मांगीलाल कड़ेल, भारत स्वर्णिम मंच अध्यक्ष दिनेश श्रीवास्तव, रितेश वर्मा, विजय चौहान, मंडल अध्यक्ष दौलतगंज भाजपा, नेता प्रतिपक्ष रवि राय द्वारा ध्वज पूजन कर ध्वजारोहण किया। साथ ही कथा पंडाल का भूमि पूजन श्री हिरदेश्वर महादेव मंदिर पंचकोशी यात्रा का प्रथम व अंतिम पड़ाव स्थल हीरा मिल परिसर जीरो पॉइंट ब्रिज के पास संपन्न किया गया।

### सौभाग्येश्वर महादेव श्रीराम मंदिर में हुई सीता रसोई



**उज्जैन।** ऋषिनगर स्थित सौभाग्येश्वर महादेव श्रीराम मंदिर में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी सीता रसोई, महा आरती, अखंड रामायण सुंदरकांड एवं विशाल भंडारा दाल बाटी चूरमे का आयोजन हुआ। जिसमें करीब 11000 लोगों ने दाल बाटी चूरमे का प्रसाद लिया। महंत पुजारी लखन शर्मा ने बताया कि प्राचीन श्री सौभाग्येश्वर महादेव राम मंदिर में अखण्ड रामायण पाठ की पूर्णाहुति के पश्चात संध्या 6 बजे से हनुमान चालीसा पाठ भजन संध्या प्रारंभ हुआ। भगवान को छप्पन भोग लगाकर महाआरती की गई। तत्पश्चात विशाल भण्डारा नगर भोज प्रारंभ हुआ। सौभाग्येश्वर महादेव मंदिर समिति ने समस्त धर्मप्राण जनता का इस धार्मिक आयोजन में शामिल होकर धर्मलाभ लेने पर आभार व्यक्त किया।

# नेताजी सुभाषचंद्र बोस की 128वीं जयंती पर प्रतिमा पर माल्यार्पण

### स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान आजाद हिंद सरकार का गठन कर नेताजी सुभाष चंद्र बोस देश के पहले प्रधानमंत्री कहलाए- विधायक अनिल जैन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

आजाद हिंद पैनल ने आज राष्ट्रवीर क्रांतिकारी नेताजी सुभाषचंद्र बोस की 128वीं जयंती के उपलक्ष में आगर रोड तिराहा पर आजाद हिंद पैनल द्वारा स्थापित नेताजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नेताजी की जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में मनाया।

माल्यार्पण कार्यक्रम के मुख्यअतिथि उज्जैन उत्तर के विधायक अनिल जैन (कालुहेड़ा) ने संबोधित करते हुए कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस एक सफल संगठन कर्ता थे जिन्होंने विदेश में रहकर आजाद हिंद फौज का गठन कर स्वतंत्रता आंदोलन में भाग लिया और अंग्रेजो देश छोड़ने को मजबूर कर देश में आजाद हिंद सरकार का गठन कर देश के पहले प्रधानमंत्री कहलाए, नेताजी के आदर्श एवं सिद्धांतों को हमें आत्मसात करना चाहिए।

कार्यक्रम को अतिथि उज्जैन नगर पालिका निगम के महापौर श्री मुकेश टटवाल ने संबोधित करते हुए कहा कि आज हम जो आजादी की सांस ले रहे हैं वह नेताजी की दी हुई सौगात है नेताजी सुभाषचंद्र बोस भारतीय स्वतंत्रता समर के उन योद्धाओं में से एक थे जिनका नाम और जीवन वृतांत आज भी करोड़ों देशवासियों को मातृभूमि के लिए समर्पित होकर कार्य करने की प्रेरणा देता है। माल्यार्पण कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पैनल के मार्गदर्शक एवं पूर्व मंत्री श्री पारस जैन ने संबोधित करते हुए कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस ऐसे भी सैनिक थे इतिहास आज भी उनकी गाथा गाता रहेगा उनके विचार कर्म और आदर्श अपना आकर राष्ट्र वह सब कुछ हासिल कर सकता है जिसका वह हकदार है नेताजी सुभाषचंद्र बोस स्वतंत्रता समर के अमर सेनानी होकर मां भारती के सच्चे सपूत थे।

माल्यार्पण कार्यक्रम को भारतीय जनता पार्टी के नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल ने संबोधित करते हुए कहा कि नेताजी के जीवन वृतांत से यह भी सीखने को मिलता है कि हम देश सेवा से ही जन्मदायिनी मिट्टी का कर्ज उतार सकते हैं उन्होंने अपने परिवार के बारे में न सोचकर पूरे देश के बारे में सोचा और देश के स्वतंत्रता आंदोलन का शंखनाद कर अंग्रेजों को देश छोड़कर भागने पर विवश कर दिया और देश स्वतंत्र होकर आज हम स्वतंत्रता की सांस हम ले रहे हैं। कार्यक्रम को पैनल के संरक्षक श्री प्रकाश चित्तौड़ा एवं नगर निगम जनकार्य समिति के अध्यक्ष पार्षद शिवेंद्र तिवारी ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथि गणों द्वारा नेताजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया पश्चात राष्ट्रीय गीत ॰जन गण मन अधिनायक॰ का गान किया गया, कार्यक्रम में उपस्थित राष्ट्र भक्त नागरिकों ने जय हिंद, दिल्ली चलो पुकार के और तुम मुझे खून दो तुम्हें तुम्हें आजादी दूंगा, नेताजी सुभाषचंद्र बोस अमर रहे, भारत माता की जय,वन्दे मातरम, आदि नारों का जय घोषकर गुंजाईमान कर दिया।

## खबर एक नजर...

### श्रीमती शांति देवी नागर की देह पंचतत्व में विलीन



**पिपलिया मंडी।** समीप गांव बालागुढ़ा निवासी श्रीमती शांति देवी नागर पति स्व.वैद्य भागीरथ जी नागर उम्र 90 वर्ष का 19 जनवरी को स्वर्गवास हो गया। जिनकी शवयात्रा में बड़ी संख्या में समाजजन एवं गांव वालों ने भाग लेकर अंतिम बिदाई दी। अंत्येष्टि संस्कार में पुत्र डा.हरिओम नागर,डा.हनुमान नागर पौत्र नवीन, विनोद राघव ने पं शीवनाराण नागर के आचार्यत्व में वैदिक मंत्रोच्चार से मुखाग्नि दी।इस अवसर पर नागर समाज/न्यास के अध्यक्ष बाबूलाल नागर, सचिव सतीश नागर,गली वाले शीवजी पाटीदार, जनपद सदस्य कमलेश पाटीदार, दिनेश पाटीदार, पूर्व सरपंच अमृतराज पाटीदार, सरपंच प्रकाश पाटीदार, रमेश पाटीदार सहित कई गणमान्य नागरिक ने शोक संवेदना व्यक्त कर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पीत करी।

### युवक ने फांसी लगाकर अपनी जान दी

मन्दसौर। जिले के दलौदा स्थित पद्मिनी विहार कॉलोनी के एक मकान में २२ वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान कारूण्य पिता प्रमोद पालीवाल निवासी नंदावता के रूप में हुई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। प्रकरण में मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम हेतु धुंधड़का के सामुदायिक केन्द्र भेजा गया। जहां पर शुक्रवार की सुबह पीएम होने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। बताया गया है कि घटना के समय मृतक घर पर अकेला था। मृतक के पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। मामले में पुलिस जांच कर रही है।

### भारतीय सनातन परंपरा में नारी का स्थान अत्यंत उच्च

# शासकीय कालिदास कन्या महाविद्यालय, उज्जैन में बसंत उत्सव एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती समारोह आयोजित

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



शासकीय कालिदास कन्या महाविद्यालय, उज्जैन में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के अंतर्गत बसंत उत्सव एवं स्वाधीनता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संयोजन भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के प्रभारी डॉ. आनंद सिंदल द्वारा किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजन एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत किया गया।

मुख्य वक्ता डॉ. वरुण गुप्ता ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय सनातन परंपरा में नारी का स्थान अत्यंत उच्च है। जीवन में प्राप्त होने वाला प्रत्येक शुभ फल देवी कृपा से ही प्राप्त होता है, जिसकी अधिष्ठात्री स्त्री रूप है। उन्होंने कहा कि जब पुरुष स्त्री के गुण अपनाता है तो वह उत्थान की ओर बढ़ता है, जबकि स्त्री जब पुरुष के गुण अपनाती है तो वह पतन की ओर जाती है। अतः स्त्रियों को अपने स्त्रियोचित गुणों को बनाए रखते हुए अपने कार्य करने चाहिए।

नेताजी सुभाष चंद्र बोस को स्मरण करते हुए उन्होंने कहा कि नेताजी जैसा साहसी और दृढ़ देशभक्त विरल है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि वर्ष 1942 में अंडमान में ब्रिटिश शासन समाप्त होने के बाद भारत की सरकार बनी थी, जिसके प्रधानमंत्री नेताजी सुभाष चंद्र बोस थे, इस दृष्टि से वे भारत के प्रथम प्रधानमंत्री माने जा सकते हैं।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. वंदना गुप्ता ने अपने उद्बोधन में कहा कि ऐसे आयोजन केवल अतीत का स्मरण नहीं, बल्कि भविष्य का मार्गदर्शन है। बसंत पंचमी हमें सिखाती है कि जैसे प्रकृति नवनिर्माण की ओर अग्रसर होती है, वैसे ही समाज और राष्ट्र भी विचारों की नवीनता से सशक्त होते हैं।

# ग्रीड बालाजी मंदिर परिसर में कल आयोजित होगा हिन्दू सम्मेलन

ब्रह्मास्त्र ›› पिपलिया मंडी

स्थानीय नगर परिषद उपाध्यक्ष भारत सिंह सोनगरा एवं सभापति प्रतिनिधि गोवर्धन योगी ने संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति में बताया है कि ग्रीड बालाजी मंदिर परिसर में कल 25 जनवरी रविवार को हिंदू सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। जिसमें विशाल भंडारा आयोजित किया जाएगा। श्री सोनगरा ने समस्त नागरिकों से अपील की है कि अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्म लाभ ले।

### सुभाष चंद्र बोस की जयंती पराक्रम दिवस के रूप मे मनाई

**पिपलियामंडी।** नगर के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में आज नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पराक्रम दिवस के रूप में मनाई गई! इस अवसर पर एक विशाल पथ संचलन निकाला! पथ संचलन विद्यालय से टिलाखेड़ा, मनासा रोड, गांधी चौराहा, अग्रवाल मोहल्ला, सब्जी मंडी, शिक्षक कॉलोनी होते हुए पुनः विद्यालय पहुंचा! जहां राष्ट्रगान के साथ पथ संचलन का समापन हुआ! इस अवसर पर छोटे-छोटे भैया बहिनों ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस, भारत माता, झांसी की रानी, भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव आदि महापुरुषों का रूप धारण कर समाज को एक अच्छा संदेश दिया!

# टैक्स रिटर्न के नाम पर लाखों की धोखाधड़ी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

ब्रह्मास्त्र ›› मन्दसौर



शहर कोतवाली पुलिस ने जीएसटी और इनकम टैक्स रिटर्न भरने के नाम पर व्यापारियों के साथ धोखाधड़ी करने वाले एक शातिर आरोपी को मध्यप्रदेश के मैहर जिले से गिरफ्तार किया है। आरोपी ने फरियादी के टैक्स अकाउंट में अपना मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी डालकर लाखों रुपये का हेरफेर किया और शासन को भी राजस्व की हानि पहुँचाई।

प्राप्त जानकारी अनुसार शिकायत कर्ता प्रभुलाल माली निवासी रामटेकरी मंदसौर ने विगत 11 जनवरी को थाना कोतवाली में आवेदन दिया था कि आरोपी नीलेश सिंह पिछले 8 वर्षों से उनका जीएसटी और आईटी संबंधी कार्य देख रहा था। आरोपी ने धोखाधड़ी की नीयत से फरियादी के जीएसटी अकाउंट में अपना मोबाइल नंबर और ईमेल अपडेट कर दिया, ताकि टैक्स संबंधी कोई भी मैसेज या अलर्ट फरियादी को न मिल सके। इस दौरान आरोपी ने फर्जी बिलों के माध्यम से जीएसटी रिबेट का लाभ अन्य फर्मों को दिलाकर उनसे लाखों रुपये का कमीशन प्राप्त किया। जब फरियादी ने जून 2025 में रिटर्न भरने के लिए संपर्क किया, तो आरोपी अपना किराया का मकान खाली कर फरार हो चुका था। जांच करने पर पता चला कि आरोपी ने फरियादी को करीब 15 से 20 लाख रुपये का आर्थिक नुकसान पहुँचाया है। एसपी विनोद कुमार मीना के मार्गदर्शन व थाना प्रभारी पुष्पेंद्र सिंह राठौर के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने आरोपी नीलेश सिंह (44) पिता भगवत प्रसाद बैंस को ममरहा, थाना रामनगर, जिला मैहर से गिरफ्तार किया।

# हम सबका दायित्व नगर को गौरवशाली बनाए-मंत्री काश्यप



### स्थापना दिवस पर जय रतलाम उद्घोष के साथ निकली रैली



ब्रह्मास्त्र ›› रतलाम

रतलाम का स्थापना दिवस बसंत पंचमी पर शुक्रवार को शहर में धूमधाम से मनाया। रतलाम स्थापना महोत्सव समिति ने रतलाम राज्य के जनक महाराजा रतनसिंह जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। आतिश बाजी कर मिठाई बांटी। शहर में जय रतलाम उद्घोष के साथ वाहन रैली निकाली, सभी ने एक-दूसरे को रतलाम के स्थापना दिवस की बधाई दी।

समिति ने रतलाम के स्थापना दिवस पर तीन दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किए। आखरी दिन बसंत पंचमी पर रतलाम नगर निगम तिराहे स्थित रतलाम की स्थापना करने वाले महाराजा रतनसिंह जी की प्रतिमा के पास कार्यक्रम आयोजित किया। मुख्य अतिथि प्रदेश के कैबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप, महापौर प्रहलाद पटेल, निगम अध्यक्ष मनीषा शर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय रहे। समिति के संयोजक मुन्नालाल शर्मा, अध्यक्ष प्रवीण सोनी, सचिव मंगल लोढ़ा समेत सभी पदाधिकारियों के साथ महाराजा रतनसिंह जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस दौरान नगर निगम पार्षद, शहर के आमजन समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

मंत्री काश्यप ने कहा कि रतलाम लगातार आगे बढ़ रहा है। हमें ओर विकास की गाथाएं लिखना है। है। हम पार्षद, एल्डरमैन, एमआईसी सदस्य बने है तो कही ना कही यह दायित्व हमारा भी बनता है कि हम अपने नगर को कैसे आगे बढ़ाए। हमारे मन में चिंतन होना चाहिए। राजा महाराजों ने नगरों को बसाया है। लेकिन आज के समय काल में यह दायित्व हम सब व आपके ऊपर है कि अपने शहर को कैसे गौरव शाली नगर बनाए। सभी अपना दायित्व समझ कर अपनी जवाबदारी का पूरी तरह से निर्वहन करे।

### जय रतलाम के उदघोष के निकली रैली

रत्नपुरी स्थापना उत्सव समिति द्वारा समिति संयोजक पूर्व मंत्री हिम्मत कोठारी के नेतृत्व में जय रतलाम उद्घोष के साथ रैली निकाली। महलवाड़ा स्थित मां पद्मावती माता मंदिर में पहले मातारानी की प्रतिमा को चुनरी अर्पण की। इसके बाद रैली शुरू हुई। दो पहिया वाहनों पर सवार होकर रैली में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि व शहरवासी शामिल हुए। रैली के जगह-जगह स्वागत किया गया। रैली शहर के अनेक मार्गों से होते हुए नगर निगम तिराहा स्थित महाराजा रत्नसिंह जी की प्रतिमा पर पहुंची।

# कांग्रेस सेवादल का संभागीय सम्मेलन सम्पन्न, सेवादल कांग्रेस की रीढ़ की हड्डी है – श्री भार्गव

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



मध्य प्रदेश कांग्रेस सेवादल के निदेर्शानुसार शहर जिला ग्रामीण कांग्रेस सेवादल उज्जैन द्वारा कांग्रेस सेवादल का संभागीय सम्मेलन राजीव गांधी भवन, कांग्रेस कार्यालय, क्षीरसागर उज्जैन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नेताजी सुभाषचंद्र बोस, कांग्रेस सेवादल के संस्थापक एन.एस. हार्डीकर एवं पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर किया गया। सम्मेलन में प्रदेश मुख्य संगठक श्री अवनीश भार्गव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि अध्यक्षता संभागीय प्रभारी श्री अरुण रोचवानी ने की। विशेष अतिथि के रूप में शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मुकेश भाटी, नेता प्रतिपक्ष रवि राय, यंग ब्रिगेड प्रदेश अध्यक्ष श्री गजानंद तिवारी, महिला कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष संगीता कांकरिया, कार्यकारी अध्यक्ष मीनाक्षी जायसवाल, उज्जैन शहर सेवादल प्रभारी लक्ष्मी नारपाठक एवं ग्रामीण प्रभारी किशोर दुधिये उपस्थित रहे।

प्रदेश मुख्य संगठक श्री अवनीश भार्गव ने अपने संबोधन में कहा कि ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में वर्ग (शाखा) लगाना, प्रभात फेरी निकालना तथा आम जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं को समझते हुए समाधान के प्रयास करना कांग्रेस सेवादल का मुख्य दायित्व है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सेवादल कांग्रेस की रीढ़ की हड्डी है तथा कांग्रेस की विचारधारा गांधी की विचारधारा है, जिसे आम जनता तक पहुंचाना ही हमारा लक्ष्य होना चाहिए।

कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ नेता मनोहर बैरागी, पूर्व सांसद सत्यनारायण पवार, रमेश गौड़ एडवोकेट, किशोर सिंह भदौरिया एवं बाबूलाल गोठवाल को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महिला कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष लीला परिहार, अनीता राजपूत, यंग विंग कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष हर्ष जैन, कुलदीप सुरावत, मुकुल घुरैया, मनीष, पोप सिंह पवार, देवीलाल जाटव, राजेंद्र चंदेल, अनिल शर्मा, विशु यादव, गोपाल सूर्यवंशी, रफी अहमद जैदी, छोटू काका, अशोक राठौर, विनोद जायसवाल, पुरुषोत्तम ठाकुर, ज्ञानसिंह दरबार, शेर खान, राम सिंह धनगर सहित बड़ी संख्या में सेवादल कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला ग्रामीण कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष डॉ. चैनसिंह चौधरी ने किया तथा आभार प्रदर्शन शहर कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष कुलदीप सिंह जाट द्वारा किया गया। उपरोक्त जानकारी सेवादल के राजेंद्र चंदेल ने दी।

## खबर एक नजर...

### विधायक की सचेतता के कारण छात्र की जान बची

**खाचरौद।** शा.उ.मा.वि.घिनोदा में अध्ययनरत छात्र सुनील पिता नागेश्वर गोयल निवासी ग्राम फर्नाखेड़ी विद्यालय से छुट्टी के पश्चात घर जाते समय ट्राले की टक्कर होने से घायल हो गया। छात्र को तुरंत जनसेवा नागदा ले जाया गया जहां प्राथमिक उपचार शुरू हुआ। विद्यालय परिवार के शिक्षकों द्वारा विधायक डॉ. तेजबहादुर सिंह चौहान को तत्काल अवगत कराया गया जिस पर विधायक ने तत्काल संज्ञान लेकर जनसेवा नागदा में स्वयं उपस्थित होकर छात्र का प्राथमिक उपचार करवाया गया तथा परिवार को 20000 की वित्तीय सहायता नगद रुप में दी गयी तथा डाक्टर के परामर्श के आधार पर छात्र को बाम्बे हास्पिटल इंदौर तत्काल एम्बुलेंस की व्यवस्था करवाकर उपचार हेतु भेजा गया। जिसमें विधायक जी द्वारा छात्र के उपचार की मुख्यमंत्री सहायता कोष से 2 लाख 50 हजार की सहायता राशि मंजूद करवाने हेतु प्रस्ताव भेजा गया। विधायक की इस सहायता पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ. जुगल किशोर शर्मा, जनशिक्षक सुभाष सेठिया, कमल सिंह कुम्भावत, अवधेश सोनी, प्रकाश पाटीदार, अमित बाघ, दीप्ति बैरागी, कविता कक्कड़, सुनिता चौरसिया, मनीषा पांचाल,कपिल गौतम, विशाल चतुर्वेदी एवं छात्र के परिजनों ने आभार व्यक्त किया।

# भगवा पताकाओं, झांकियों व कलश यात्रा के साथ निकला ऐतिहासिक चल समारोह

## संघ शताब्दी वर्ष पर सारंगपुर में भव्य हिंदू सम्मेलन आयोजित

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ सारंगपुर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर तथा अयोध्या श्रीराम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा की द्वितीय तिथि के पावन पर्व पर सारंगपुर नगर में हिन्दू समाज द्वारा एक भव्य हिन्दू सम्मेलन एवं विशाल चल समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर धर्ममय वातावरण से ओत-प्रोत दिखाई दिया और वंदे मातरम, भारत माता की जय तथा जय श्रीराम-के गगनभेदी नारों से पूरा नगर गूंज उठा। कार्यक्रम की शुरूआत पंडितवाडी स्थित श्रीराम मंदिर में विधिवत पूजन-अर्चन एवं महाआरती से हुई। इसके पश्चात भव्य कलश यात्रा एवं चल समारोह नगर भ्रमण के लिए रवाना हुआ।



### झांकियों और भगवा पताकाओं से सजा नगर

चल समारोह में बैंड-बाजों की मधुर धुनों के साथ बडी संख्या में महिला-पुरुष एवं युवा शामिल हुए। यात्रा में भगवा ध्वजों से सुसज्जित वाहन भगवान श्रीराम की आकर्षक झांकी भारत माता की जीवंत झांकी घोडे पर सवार रानी लक्ष्मीबाई की वीरता दशार्ती झांकी गौशाला, शिलानाथ बाबा का धूना राष्ट्र एवं महापुरुषों की प्रेरणादायी झांकियां नगरवासियों का मन मोह रही थीं। चल समारोह गांधी चौक, सदर बाजार, अम्बे माता मंदिर, जमा मस्जिद क्षेत्र, रंगेरवाडी, बागकुआ, बदलीपुरा, पालीवाल कॉम्प्लेक्स, बस स्टैंड, एबी रोड, अकोदिया नाका होते हुए कृषि उपज मंडी परिसर पहुंचा। नगर के विभिन्ना मार्गों पर नागरिकों द्वारा पुष्पवर्षा कर यात्रा का भव्य स्वागत किया गया।

### यज्ञ, पूणार्हुति एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

कृषि उपज मंडी परिसर में गायत्री परिवार द्वारा वैदिक यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें सभी श्रद्धालुओं ने आहुति प्रदान कर राष्ट्र, समाज और विश्व कल्याण की कामना की। इसके पश्चात मंचीय कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जहां छात्र-छात्राओं द्वारा राष्ट्रीय एवं सनातन संस्कृति पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं, जिन्हें उपस्थित जनसमूह ने करतल ध्वनि से सराहा। सभा मंच पर संघ के मध्य भारत प्रांत के प्रांतीय संगठन मंत्री सुरेन्द्र सोलंकी, मुख्य वक्ता श्री श्री 1008 अपूर्ण गिरी महामंडलेश्वर वर्षा नागर, संत नित्यानंद गिरी महाराज (पिपल्यापला) सहित अनेक संत समाजसेवी एवं गणमान्य नागरिक विराजमान रहे।

# श्री कामधेनु गो अभ्यारण्य में छत्तीसगढ़ गौ सेवा आयोग अध्यक्ष का आगमन

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ सुसनेर

छत्तीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष एवं कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त विशेषर सिंह पटेल बुधवार को धर्मपत्नी सहित सुसनेर स्थित श्री कामधेनु गो अभ्यारण्य, सालरिया पहुंचे। अभ्यारण्य कार्यालय में गौ माता की प्रतिमा एवं चित्र के समक्ष दुपट्टा पहनाकर उनका आत्मीय स्वागत किया गया।

इसके पश्चात पटेल धनवंतरी परिसर पहुंचे, जहां उन्होंने दुधारू गोवंश का निरीक्षण किया तथा गोवंश की देखभाल, स्वास्थ्य एवं व्यवस्थाओं की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गौसेवा को समाज और संस्कृति का अभिन्न अंग बताते हुए व्यवस्थाओं की सराहना की। इसके बाद वे पुरानी गौशाला पहुंचे, जहां विधिवत पूजा-अर्चना कर गौ माता का पूजन किया गया। सायंकाल महाराज एवं उपस्थित ग्वालों के साथ मिलकर गौ माता एवं हनुमान जी की आरती की गई तथा पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर विशेषर सिंह पटेल ने संक्षिप्त उद्बोधन में कहा कि गौसंरक्षण भारतीय सनातन संस्कृति की मूल भावना है और इसके संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं। कार्यक्रम में गो अभ्यारण्य सालरिया के संरक्षक पूज्य महंत रविन्द्रानंद सरस्वती महाराज की गरिमामयी उपस्थिति रही। अंत में विशेषर सिंह पटेल ने अभ्यारण्य से प्रस्थान किया। पूरे कार्यक्रम के दौरान वातावरण जय गौ माता, जय गोपाल के जयघोष से भक्तिमय बना रहा।



# सिविल अस्पताल में एसडीएम-तहसीलदार का औचक निरीक्षण

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ सुसनेर

शासकीय सिविल अस्पताल में गुरुवार को उस समय हड़कंप मच गया जब एसडीएम सर्वेश यादव एवं तहसीलदार रामेश्वर दांगी ने अचानक औचक निरीक्षण किया। शाम करीब साढ़े पांच बजे हुए इस निरीक्षण के दौरान अस्पताल की व्यवस्थाओं में कई गंभीर खामियां सामने आईं। जिस पर प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाते हुए संबंधित अधिकारियों व स्टाफ को तत्काल सुधार के निर्देश दिए।



निरीक्षण के दौरान एसडीएम एवं तहसीलदार ने सर्वप्रथम भर्ती वार्ड का भ्रमण किया। यहां कई मरीजों के बेड पर गंदी अथवा बिना बेडशीट के व्यवस्था मिलने पर एसडीएम ने गहरी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि अस्पताल में भर्ती मरीज पहले से ही बीमारी से जूझ रहे होते हैं। ऐसे में स्वच्छता में लापरवाही किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने वार्डों की नियमित सफाई, साफ बेडशीट एवं मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके पश्चात प्रभारी मुख्य बीएमओ डॉ. बृजभूषण पाटीदार से चिकित्सकों व स्वास्थ्य कर्मचारियों की उपस्थिति को लेकर जानकारी ली गई। ड्यूटी रजिस्टर में डॉक्टरों के हस्ताक्षर नहीं मिलने पर एसडीएम ने नाराजगी व्यक्त की। इस पर चिकित्सक डॉ. बी.बी. पाटीदार ने बताया कि डॉक्टरों एवं स्टाफ की उपस्थिति सार्थक एप के माध्यम से ऑनलाइन दर्ज की जाती है। अधिकारियों ने उपस्थिति व्यवस्था को पारदर्शी और समयबद्ध रखने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने दवाइयों के स्टॉक रजिस्टर, अटेंडेंट व्यवस्था तथा अस्पताल की अन्य व्यवस्थाओं की भी जांच की। वहीं दवा वितरण केंद्र की छत से सीलिंग गिरने की समस्या सामने आई। जिसे गंभीरता से लेते हुए संबंधित ठेकेदार को तुरंत अवगत कराया गया तथा शीघ्र मरम्मत कराने के निर्देश दिए गए।एसडीएम सर्वेश यादव ने निरीक्षण के दौरान स्वयं भी बीपी एवं शुगर की जांच कराकर आमजन को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सिविल अस्पताल आम जनता की सेवा का केंद्र है और यहां किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। भविष्य में भी इस प्रकार के औचक निरीक्षण जारी रहेंगे। निरीक्षण के समय पटवारी मोहित नागर, शिव पाटीदार, बीसीएम मुकेश सूर्यवंशी सहित अस्पताल का स्टाफ मौजूद रहा।

# डिजिटल डिटॉक्स पर कार्यशाला का आयोजन

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ महिदपुर

शासकीय महाविद्यालय महिदपुर में सोशल मीडिया की लत और स्क्रीन टाइम का मानसिक स्वास्थ्य पर प्रभाव विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. आशा सक्सेना ने की। मुख्य वक्ता डॉ. रीना अध्वर्यु ने अपने व्याख्यान में विद्यार्थियों को व्यावहारिक सुझाव देते हुए कहा की स्मार्टफोन का उपयोग सूचना के लिए करें मनोरंजन की लत के लिए नहीं। लगातार रील और नोटिफिकेशन के फेर में फंसकर हमारा मस्तिष्क डोपामिन के चक्र में उलझ जाता है। जिससे एकाग्रता में कमी और अनिद्रा जैसी समस्याएं पैदा होती है। उन्होंने छात्रों को डिजिटल डिटॉक्स की सलाह देते हुए कहा कि प्रतिदिन कम से कम 2 घंटे बिना फोन के बताएं और सोने से एक घंटा पहले मोबाइल का त्याग करें ताकि मानसिक शांति बनी रहे ' कार्यक्रम का प्रभावी संचालन करते हुए डॉ. जाकिर उद्दीन अहिंगर ने कहा कि सोशल मीडिया की लत एक साइलेंट किलर की तरह है जो हमारे सामाजिक संबंधों को खत्म कर रही है। इस अवसर पर डॉ. प्रभाकर मिश्रा, डॉ. राजेश कुमार माहौर, डॉ. प्रज्ञा शर्मा, डॉ. घनश्याम सिंह, श्री राम हरसोरा, सुश्री आयुषी नेहे, डॉ. नानूराम मुवेल, डॉ. सपना पटेल, श्रीमती हूमेरा खान सहित महाविद्यालय का स्टाफ एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# मेडतवाल वैश्य समाज के तत्वाधान में नवयुवक संघ द्वारा रक्तदान शिविर आयोजित

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ ब्यावरा।

मां फलोदी के आशीर्वाद से मेडतवाल वैश्य समाज ब्यावरा के तत्वाधान में नवयुवक संघ द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर उक्त शिविर में कुल 60 यूनिट रक्तदान हुआ जिसमें 10 महिलाएं समेत 50 पुरुषों ने रक्तदान किया वर्तमान समय में जिला राजगढ़ के ब्लड बैंक में रक्त की कमी को देखते हुए समाज के द्वारा यह लगातार नवां रक्तदान शिविर है।

उक्त शिविर की शुरूआत सबसे पहले मां फलोदी की पूजा अर्चना के साथ की गई इस शिविर के साथ निशुल्क रक्त परीक्षण शुगर परीक्षण डॉक्टर रानू गुप्ता पैथोलॉजी द्वारा की गई साथ ही डॉ अनमोल गुप्ता द्वारा दंत परीक्षण भी निशुल्क किया गया उक्त कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठ वरिष्ठ जनों के साथ डॉ



रामकरण गुप्ता डॉक्टर रमेश गुप्ता डॉ राकेश गुप्ता डॉक्टर ब्रजमोहन गुप्ता, डॉ,धर्मेंद्र गुप्ता डॉ गौरव गुप्ता डॉ अर्पित गुप्ता डॉक्टर अनमोल एवं राजगढ़ की टीम से आए हुए अतिथियों का समाजजनों ने स्वागत किया वह नवयुवक मंडल व महिला मंडल द्वारा सभी पधारे हुए अतिथियों एवं डॉक्टरों की टीम का स्वागत किया गया.

# युवा ब्राह्मण समाज ने किया भजन गायक गोकुल शर्मा का भव्य स्वागत



**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ सुसनेर

गुरुवार को अयोध्या में प्रभु श्रीराम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा की दूसरी वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित भजन संध्या में भाग लेने के लिए आए सुप्रसिद्ध भजन गायक गोकुल शर्मा का आगर रोड स्थित शिवाय होटल में युवा ब्राह्मण समाज ने भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर गायक के छोटे भाई लक्ष्मण शर्मा का भी स्वागत किया गया। युवा ब्राह्मण समाज ने इस अवसर को खास बनाने के लिए स्वागत और आयोजन की तैयारियों में सक्रिय भूमिका निभाई।

### बसंत पंचमी बच्चों ने मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर मांगा आशीर्वाद

महिदपुर रोड। नगर के शासकीय अशासकीय विद्यालयों सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों के विद्यालयों सरस्वती शिशु मन्दिरों में बसंत पंचमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया स्कूली बच्चों ने अपने शिक्षकों के मार्गदर्शन में सरस्वती माता की पूजा अर्चना कर उन्हें प्रसाद का भोग लगाया विद्यार्थियों ने बारी-बारी से ज्ञान की देवी सर स्वती की पूजा अर्चना कर उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया। नगर के श्री राम हनुमान मंदिर श्री शेषशायी विष्णु मंदिर गणेश मंदिर तथा अन्य मंदिरों में भक्त पूजा अर्चना करने पहुंचे.

## खबर एक नजर...

### राम मंदिर स्थापना के दो वर्ष पूर्ण, चौक बाजार में प्रभात फेरियों का समागम

**महिदपुर।** अयोध्या में श्रीराम मंदिर की स्थापना के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में नगर में लगातार प्रभात फेरियों का आयोजन किया गया। नगर की पांच बस्तियों से प्रतिदिन निकाली जा रही प्रभात फेरियों का गुरुवार को चौक बाजार में समागम के साथ समापन हुआ। समापन अवसर पर श्री रणजीत हनुमान जी की विधिवत आरती पंडित सत्यनारायण रावल ने की , जिसके पश्चात श्रद्धालुओं को हलवा प्रसादी का वितरण किया गया। इसके साथ ही भक्तों के लिए पोहा स्वल्पाहार की भी व्यवस्था की गई। प्रभात फेरी प्रमुख सदस्यों का सम्मान भी किया गया. उल्लेखनीय है कि नगर की पांच अलग-अलग पांचो बस्तियों से प्रतिदिन सुबह प्रभात फेरियां निकाली जा रही थीं। कड़ाके की सर्दी के बावजूद बड़ी संख्या में श्रद्धालु इन फेरियों में शामिल होकर राम नाम का जाप करते हुए नगर भ्रमण कर रहे थे। पूरे आयोजन के दौरान नगर का वातावरण भक्तिमय बना रहा और श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला।

### दो पहिया वाहन कार से टकराकर दीवार में घुसा, स्कूल के सामने हादसा

**देवास।** विजयागंज मंडी रोड पर गुरुवार को एक तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक चालक की मौके पर ही मौत हो गई। शिशु मंदिर स्कूल के सामने हुए इस हादसे में टक्कर इतनी भीषण थी कि कार अनियंत्रित होकर स्कूल की दीवार में जा घुसी। मृतक की पहचान भेसूनी निवासी मुकेश पिता देवीसिंह शर्मा के रूप में हुई है। हादसे के बाद मृतक युवक का पोस्टमार्टम उज्जैन के शासकीय अस्पताल में किया गया और शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसे के समय सड़क पर आवाजाही थी और टक्कर के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क के दोनों ओर अतिक्रमण के कारण विजयागंज मंडी रोड संकरी हो गई है, जिससे वाहनों को निकलने में दिक्कत होती है और हादसों का खतरा बढ़ जाता है।

### मंडूक पुष्कर के पास मेडिकल वेस्ट फेंकने पर दृष्टि आई केयर सेंटर पर कार्रवाई

देवास। देवास में मंडूक पुष्कर के पास मेडिकल वेस्ट फेंके जाने के मामले में नगर निगम ने दृष्टि आई केयर सेंटर पर चालानी कार्रवाई की है। यह कार्रवाई नजदीकी रहवासियों की शिकायत के बाद की गई। गुरुवार को शिकायत मिलने के तुरंत बाद नगर निगम की टीम मौके पर पहुंची और स्थिति का निरीक्षण किया। हालांकि, दृष्टि आई केयर सेंटर प्रबंधन ने मेडिकल वेस्ट फेंकने से इनकार किया, लेकिन निगम अधिकारियों ने मौके पर मिली स्थिति और जांच के आधार पर कचरा फेंकने की पुष्टि की। निगम अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि मेडिकल वेस्ट के निस्तारण में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने चेतावनी दी कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ भविष्य में भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

### पेंशनर महासंघ द्वारा मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन

**ब्यावरा।** भारतीय मजदूर संघ जिला शाखा राजगढ़ के बैनर तले सेवानिवृत अधिकारी कर्मचारी पेंशनर संघ द्वारा मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर राजगढ़ को 9 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सोपा गया जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य से सहमति की बाध्यता समाप्त करने, पेंशनरों की स्वीकृत डीए, डीआर प्रदान की जाए, 65 वर्ष की आयु में 20 प्रतिशत पेंशन वृद्धि की जाए, मृत्यु उपरांत एक्सग्रेसिया 50 हजार रुपये प्रदान किया जाए, छठवें वेतनमान का 32 माह का एरियर का भुगतान किया जाए सातवें वेतनमान के 27 माह की एरियर का भुगतान किया जाए, आयुष्मान योजना का लाभ दिया जाए.

# चालक ने रची किडनैपिंग व लूट की झूठी कहानी, 48 घंटे में खुलासा, 54 लाख का ट्रक व मसूर जप्त

ब्रह्मास्त्र ▸▸ सारंगपुर

सारंगपुर में मसूर से भरे ट्रक के गायब होने के मामले में पुलिस ने महज 48 घंटे में सनसनीखेज खुलासा करते हुए किडनैपिंग व लूट की झूठी कहानी रचने वाले ट्रक चालक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर 37 लाख रुपए कीमत का ट्रक और 17 लाख रुपए की मसूर जप्त की है।

आरोपित को टोंक जिले (राजस्थान) से गिरफ्तार किया गया। गुरुवार शाम 5 बजे मामले का खुलासा करते हुए एसडीओपी अरविंद सिंह एवं थाना प्रभारी निरीक्षक आकांक्षा हाडा ने बताया कि विगत 15 जनवरी को फरियादी व्यापारी महेश पिता स्व. शिवनारायण राठौर निवासी सारंगपुर ने थाना सारंगपुर में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। फरियादी ने बताया कि वह कृषि उपज मंडी सारंगपुर में गल्ले का थोक व्यापार करता है। 8 जनवरी 2026 को उसने अपने सहयोगी व्यापारी मोहनसिंह सोलंकी के साथ 230 क्विंटल मसूर (380 कट्टे) ट्रक क्रमांक आरजे 08 जीए 6989 में लोड कर खंडेलवाल ट्रांसपोर्ट कंपनी नलखेडा के माध्यम से दिल्ली भेजी थी। निर्धारित समय पर ट्रक दिल्ली नहीं पहुंचा और चालक का मोबाइल भी बंद आने लगा।



दो दिन बाद चालक का फोन आया, जिसमें उसने हरियाणा के नूंह जिले में केएमपी हाईवे पर नशीला पदार्थ खिलाकर बेहोश करने और ट्रक लूट लेने की कहानी सुनाई। चालक ने बताया कि उसे करीब 36 घंटे बाद होश आया और वह जयपुर के पास चंदवाजी में पडा मिला। चालक की कहानी पर संदेह होने पर व्यापारी ने थाना सारंगपुर में शिकायत दर्ज कराई और चालक पर अमानत में खयानत का शक जताया। पुलिस ने विशेष टीम गठित कर हरियाणा व राजस्थान में जांच शुरू की। जांच के दौरान सारंगपुर से हरियाणा तक लगभग 150 सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले गए और टोल प्लाजा रिकॉर्ड चेक किए गए। तकनीकी विश्लेषण और सख्त पूछताछ के बाद आरोपी चालक देवराज पिता मोहनलाल गुर्जर (32 वर्ष), निवासी माताजी का थांवला, थाना नसीरदा, जिला टोंक (राजस्थान) को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में उसने माल हडपने की बात कबूल की। आरोपी की निशानदेही पर 230 क्विंटल मसूर (380 बोरी) एवं 12 चक्का ट्रक, कुल मशरूका 54 लाख रुपए बरामद किया गया। इस कार्रवाई में निरीक्षक आकांक्षा हाडा, उपनिरीक्षक दीपक परमार, उपनिरीक्षक अमित त्यागी, सहायक उपनिरीक्षक आनंदीलाल, प्रधान आरक्षक मोहम्मद इरशाद खान सहित पुलिस टीम का सराहनीय योगदान रहा। पुलिस ने बताया कि व्यापारियों के साथ आर्थिक व साइबर धोखाधडी पर सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। सारंगपुर में मसूर से भरे ट्रक के गायब होने के मामले में अंतर्राज्यीय प्रकरण होने पर सारंगपुर विधायक एवं राज्यमंत्री गौतम टेटवाल ने हरियाणा एवं राजस्थान सरकार से सहयोग लिया, जिसके बाद यह सफलता मिली। इसके लिए गुरुवार को राज्यमंत्री के सेवा सदन पहुंचकर व्यापारियों ने मंत्री का सम्मान किया। सम्मान करने वालो में मोहन सिंह सोलंकी, अखिलेश राठौर, ओम प्रकाश साहू, नंदकिशोर राठड़ौर, राजेश जैन, दीपक प्रजापति, सुमित राठौर, आदर्श राठौर, आयुष राठौर आदि शामिल थे।

### बोले जिम्मेदार

ट्रक चोरी के मामले में ट्रक चालक किडनैपिंग व लूट की झूठी कहानी रची थी। 48 घंटे में खुलासा हमने खुलासा कर 54 लाख का ट्रक व मसूर जप्त की है। जांच के दौरान सारंगपुर से हरियाणा तक लगभग 150 सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले गए और टोल प्लाजा रिकॉर्ड चेक किए गए। तकनीकी विश्लेषण और सख्त पूछताछ के बाद आरोपी का गिरफ्तार किया गया है।

**अरविंद सिंह, एसडीओपी सारंगपुर**

## लटूरी गहलोत में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ सुसनेर

विधानसभा क्षेत्र के ग्राम लटूरी गहलोत में आगामी 27 जनवरी से 2 फरवरी तक संत शिरोमणि कमल किशोर नागर के दिव्य सान्निध्य में श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का भव्य एवं ऐतिहासिक आयोजन होने जा रहा है। इस पावन धार्मिक आयोजन को लेकर क्षेत्र में श्रद्धा, भक्ति और उत्साह का वातावरण निर्मित हो गया है। गुरुवार को सुसनेर विधायक भेरो सिंह बापू ने कथा स्थल का गहन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों एवं संबंधित विभागों को सुरक्षा व्यवस्था, स्वच्छता, यातायात प्रबंधन, पेयजल, विद्युत तथा श्रद्धालुओं की सुविधाओं को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। विधायक ने कहा कि दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुजन बिना किसी असुविधा के भक्ति भाव से कथा श्रवण कर सकें, यह प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। विधायक भेरो सिंह बापू ने कहा कि समस्त विधानसभा वासियों के लिए यह अत्यंत गौरव, सौभाग्य और आध्यात्मिक उल्लास का विषय है कि उन्हें परम पूज्य संत कमल किशोर नागर के श्रीमुख से श्रीमद् भागवत कथा के अमृत वचनों का श्रवण करने का पुण्य अवसर प्राप्त हो रहा है। उन्होंने अधिक से अधिक संख्या में श्रद्धालुओं से कथा में सहभागिता करने की अपील की। यह भव्य आयोजन क्षेत्र में धर्म, संस्कार, सद्भाव एवं आध्यात्मिक चेतना के नवसंचार का सशक्त माध्यम बनेगा तथा जनमानस को आध्यात्मिक ऊर्जा प्रदान करेगा।

### मध्यप्रदेश शिक्षक संघ द्वारा कर्तव्य बोध दिवस आयोजित किया

**खाचरोद।** मध्यप्रदेश शिक्षक संघ द्वारा कर्तव्य बोध दिवस का कार्यक्रम मनाया गया ,जिसमे अनेक शिक्षकों ने हिस्सा लिया, कार्यक्रम का शुभारंभ उपस्थित अतिथि द्वारा माँ सरस्वती तथा स्वामी विवेकानंद और सुभाषचंद्र बोस के चित्रों पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह डोडिया द्वारा कि गई

## कांटाफोड़ थाने से भागे चोरी के दो संदेही सतवास पुलिस ने खेत से पकड़ा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ खातेगांव

देवास जिले के कांटाफोड़ थाने में गुरुवार सुबह पुलिस हिरासत से दो संदिग्ध युवक अचानक फरार हो गए। हालांकि, पुलिस ने करीब 7 घंटे की मशक्कत के बाद दोनों को सतवास थाना क्षेत्र से दोबारा पकड़ लिया है। पकड़े गए युवकों के नाम नंदलाल मीणा (20) और रोहन बिजैरिया (20) हैं, जो जानसूर गांव के रहने वाले हैं।



### पानी पीने के बहाने पुलिस को दिया चकमा

एडिशनल एसपी सौम्या जैन ने बताया कि क्षेत्र के एक गणेश मंदिर में हुई चोरी के मामले में पुलिस इन दोनों से पूछताछ कर रही थी। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर उन्हें थाने लाया गया था। गुरुवार सुबह करीब 8:30 बजे दोनों ने पानी पीने और वॉशरूम जाने की बात कही। पुलिसकर्मियों की नजर बचते ही दोनों युवक मौका पाकर थाना परिसर से बाहर निकल गए और भाग निकले।

### सतवास पुलिस ने पकड़ा

दोनों के थाने से भागने के 4 घंटे बाद कांटाफोड़ टीआई ने इनके फोटो सोशल मीडिया पर जारी किए और जनता से सूचना देने की अपील की। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखने और इनाम देने का वादा भी किया गया। इसके बाद दोपहर करीब 3:30 बजे सतवास पुलिस ने दोनों युवकों को डाबरी गांव के एक खेत से घेराबंदी कर पकड़ लिया।

पुलिस हिरासत से भागने की इस घटना ने थाने की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। इस मामले में एडिशनल एसपी सौम्या जैन ने बताया कि हमारी पहली प्राथमिकता फरार युवकों को जल्द से जल्द पकड़ना था, जिसमें पुलिस सफल रही। अब इस बात की बारीकी से जांच की जाएगी कि सुरक्षा में चूक कहां हुई और इसके लिए कौन जिम्मेदार है। फिलहाल दोनों युवकों को वापस थाने लाकर चोरी के मामले में आगे की पूछताछ की जा रही है।

### विशाल हिंदू सम्मेलन की शोभा यात्रा में विजयवर्गीय परिवार द्वारा उत्कृष्ट जल सेवा

**सारंगपुर।** जल सेवा से बडी और कोई सेवा नहीं है, सूखे कंठ को केवल शुद्ध जल ही तृप्त कर सकता है, ऐसी ही सद्भावना को लेकर गुरुवार कोहिंदू विशाल सम्मेलन की शोभा यात्रा में स्थानीय बस स्टैंड पर श्रद्धालुओं, पुरुष मातृशक्ति एवं बच्चों को समाजसेवी मंगला संजय विजयवर्गीय के नेतृत्व में महिला मित्र मंडल द्वारा उत्कृष्ट जल सेवाएं दी गई। इस अवसर पर ज्योति विजयवर्गीय, योगिता सोनी, लता सोनी, डॉ उमा सिंह, मीना गुप्ता, प्रेमलता राठौर, मधुबाला विश्वकर्मा, गीता बाई वर्मा , पिंकी सोनी, मेघा जायसवाल, वर्षा एनी, आदि मात्र शक्तियों द्वारा पुष्प वर्षा करते हुए जल सेवाएं दी गई।


## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भूमि स्वामी भूरिया, कमल उर्फ भेरू पिता श्री जयराम माली, निवासी-15/63 जूना सोमवारिया, वीर दुगार्दास मार्ग, उज्जैन (म. प्र.) एवं परिवार के अन्य सदस्यो के मालिकी स्वामित्व में कृषि भूमि सर्वे क्रमांक-747/2/1 (S) रकबा 0.01 हेक्टर, 748/1 (S) रकबा 0.3660 हेक्टर, 749/1 (S)रकबा 0.1990 हेक्टर, 749/2/1 (र) रकबा 0.1050 हेक्टर, 750 (S) रकबा 0.5950 हेक्टर एवं 751 (S) रकबा 0.2190 हेक्टर कुल किता 06 कुल रकबा 1.4940 हेक्टर ग्राम कस्बा उज्जैन, तहसील उज्जैन जिला उज्जैन (म. प्र.) में स्थित है। उक्त कृषि भूमि सम्पूर्ण मेसे 0.2620 हेक्टर का सौदा मेरे पक्षकार ने भूरिया, कमल उर्फ भेरू पिता श्री जयराम माली से पूर्व में कर आंशिक राशि अदा कर दी है, शेष राशि का भुगतान कर, केवल विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना शेष है। मेरे पक्षकार द्वारा सौदा उपरांत भूमि स्वामी से विक्रय पत्र पंजीयन हेतु कई बार संपर्क किया किन्तु भूमि स्वामी द्वारा टाल-टूल, आना-कानी की जा रही है और अब तो संपर्क भी नही कर रहे है। मेरे पक्षकार को विश्वसनीय सुत्रो से ज्ञात हुआ है कि भूमि स्वामी उक्त कृषि भूमि को लालचवश अन्य व्यक्ति को विक्रय करने के प्रयास में है। इस जाहिर सूचना के माध्यम से सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कोई भी व्यक्ति उपरोक्त कृषि भूमि को क्रय करने का प्रयास न करे, अन्यथा ऐसा किया गया सौदा मेरे पक्षकार के साथ पूर्व में किये गये सौदे के समक्ष गलत व शून्य होगा, जिसका एकमेव दायित्व संबंधीत स्वय का रहेगा क्योकि भूमि स्वामी द्वारा मेरे पक्षकार के साथ किया गया सौदा वर्तमान प्रभावशील है। सूचित हो।

इति दिनांक-23.01.2026

**राजकुमार प्रजापत एडवोकेट**
**कार्यालय-A-1 भरतपुरी काम्पलेक्स,**
**देवास रोड उज्जैन (म.प्र.)**

### धूम फेम एक्ट्रेस ने इंडस्ट्री छोड़ने की वजह बताई

# बॉलीवुड का नशा खत्म हो गया



रिमी सेन बोलीं महिलाओं के लिए इंडस्ट्री में लंबा करियर नहीं

फिल्म धूम से पहचान बनाने वाली पूर्व एक्ट्रेस रिमी सेन ने हाल ही में एक्टिंग छोड़कर दुबई में अपना रियल एस्टेट बिजनेस शुरू करने का ऐलान किया है। एक हालिया पॉडकास्ट में रिमी ने हिंदी फिल्म इंडस्ट्री की सच्चाइयों पर खुलकर बात की और बताया कि उन्होंने एक्टिंग छोड़ने का फैसला क्यों लिया।

पॉडकास्ट में बातचीत के दौरान रिमी सेन ने कहा कि बॉलीवुड में खासतौर पर महिला कलाकारों के लिए करियर की उम्र सीमित होती है, जबकि पुरुष अभिनेता दशकों तक लीड रोल में बने रहते हैं। उन्होंने अपने नए बिजनेस को एक्टिंग से कहीं ज्यादा स्थिर और सुरक्षित बताया।

इस पॉडकास्ट में रिमी के साथ फाउंडर प्रियंक शाह और जाने-माने रियल एस्टेट बिजनेसमैन आशीष शर्मा भी मौजूद थे। बातचीत के दौरान आशीष शर्मा ने मजाकिया अंदाज में रिमी की तारीफ करते हुए कहा, रिमी जी, हमारे लिए भी कुछ छोड़ दो, आपने तो पूरा दुबई ही निचोड़ दिया। हमें यहां तक पहुंचने में 18 साल लगे और मैडम ने आते ही सब फोड़ दिया। इस पर रिमी सेन ने जवाब दिया, रियल एस्टेट एक स्टेबल बिजनेस है। बॉलीवुड का नशा अब खत्म हो चुका है और अब रियल एस्टेट का नशा चढ़ गया है।

### जेंडर असमानता पर बोलीं रिमी

पॉडकास्ट में रिमी ने फिल्म इंडस्ट्री में जेंडर असमानता पर भी खुलकर बात की। उन्होंने कहा- फिल्म इंडस्ट्री में महिलाओं के लिए करियर की अवधि बहुत छोटी होती है। यह एक मेल-डोमिनेटेड इंडस्ट्री है। आज भी सलमान खान और शाहरुख खान जैसे अभिनेता 20-25 साल बाद भी लीड रोल निभा रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि जिन अभिनेत्रियों ने कभी इन सुपरस्टार्स के साथ काम किया, आज वे सपोर्टिंग रोल या पारिवारिक किरदार निभा रही हैं, और कुछ तो ऑनस्क्रीन मां तक का रोल कर रही हैं।



### स्टारडम भी एक नशा है

रिमी ने स्टारडम को भी एक तरह की लत बताया। उन्होंने कहा-फेम का नशा भी जुए की तरह होता है। समझदार इंसान जानता है कि कब टेबल छोड़नी है। किसी भी बिजनेस में सही समय पर बाहर निकलना बेहद जरूरी है। उन्होंने आगे कहा- अगर बिना विजन के किसी काम में लगे रहेंगे, तो पूरी जिंदगी संघर्ष ही करते रह जाएंगे। मैंने शुरू से अपने करियर को एक बिजनेस की तरह देखा। मुझे पता था कि गरिमा के साथ कहां तक जाना है। उसके बाद गिरावट आती है, खासकर महिलाओं के लिए।




## 'बैटल ऑफ गलवान' के पहले गाने मातृभूमि का टीजर जारी

### सलमान ने इंस्टाग्राम पर शेयर किया, वीडियो में बिगुल की आवाज और लहराता तिरंगा दिखा

सलमान खान ने अपनी आने वाली फिल्म बैटल ऑफ गलवान के पहले गाने का टीजर शेयर किया है। टीजर में फिल्म के गाने मातृभूमि की एक छोटी झलक दिखाई गई है। एक्टर ने शुक्रवार को इंस्टाग्राम पर यह 19 सेकेंड का टीजर शेयर किया। टीजर की शुरूआत सेना की बिगुल की आवाज से होती है और इसमें भारतीय झंडा मजबूती से लहराता दिखता है।

फिल्म का पूरा गाना मातृभूमि 24 जनवरी को रिलीज किया जाएगा, जो गणतंत्र दिवस से 2 दिन पहले आएगा। इस गाने का संगीत हिमेश रेशमिया ने दिया है, बोल समीर अंजान ने लिखे हैं और इसे अरिजीत सिंह व श्रेया घोषाल ने गाया है।

बता दें इस फिल्म को सलमान खान फिल्म्स प्रोड्यूस कर रहे हैं। इसमें एक्टर के अपोजिट एक्ट्रेस चित्रांगदा सिंह नजर आएंगी। साथ ही फिल्म में कई नए चेहरे भी दिखेंगे। फिल्म में सलमान कर्नल बी.संतोष बाबू की भूमिका में नजर आएंगे।

पिछले साल जुलाई के महीने में पीटीआई से बातचीत के दौरान सलमान ने अपने रोल को लेकर कहा था कि फिल्म में मेरा किरदार फिजिकली काफी चैलेंजिंग है। हर साल, हर महीने, हर दिन यह और भी ज्यादा मुश्किल होता जा रहा है। अब मुझे ज्यादा समय देना पड़ता है। पहले मैं यह एक या दो हफ्तों में कर लेता था, लेकिन अब मुझे दौड़ना, किक मारना, पंच करना और इस तरह की चीजें करनी पड़ती हैं। इस फिल्म की मांग ही ऐसी है।

सलमान ने यह भी कहा था कि जब मैं फिल्म 'सिकंदर' कर रहा था तो उसका एक्शन अलग था। वह किरदार अलग था, लेकिन 'बैटल ऑफ गलवान' का रोल फिजिकली अलग और मुश्किल है। इसके लिए मुझे लद्दाख के ऊंचे पहाड़ों पर और ठंडे पानी में शूटिंग भी करनी है, जो एक बड़ी चुनौती है।

# रानी मुखर्जी की कद-काठी, रंग और आवाज का उड़ा मजाक






लोगों ने कहा- हीरोइन बनने के लायक नहीं, 8 फिल्मफेयर और नेशनल अवॉर्ड मिले

बॉलीवुड में अक्सर यह माना जाता है कि फिल्मी परिवार से आने वाले कलाकारों के लिए रास्ते आसान होते हैं, लेकिन रानी मुखर्जी की कहानी इस धारणा को पूरी तरह तोड़ देती है। पिता के सख्त विरोध, इंडस्ट्री में मजाक, आर्थिक परेशानियों और उनके आत्मविश्वास पर लगातार हमले किए गए। कभी यह कहकर दुत्कारा गया कि हीरोइन मटेरियल नहीं हैं। कभी उनकी कद-काठी, रंग और आवाज को लेकर मजाक उड़ाया गया। बावजूद इसके रानी मुखर्जी ने न सिर्फ अपनी जगह बनाई, बल्कि तीन दशक तक सिनेमा पर राज किया। आज वह राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार जीत चुकी एक सशक्त, गंभीर और सम्मानित अभिनेत्री हैं।

आज की सक्सेस स्टोरी में जानेंगे रानी मुखर्जी के करियर और लाइफ से जुड़ी कुछ खास बातें..

**पिता के मना करने के बावजूद बॉलीवुड में कदम रखा-** रानी मुखर्जी का जन्म 21 मार्च 1978 को मुंबई में हुआ। वह मशहूर फिल्ममेकर राम मुखर्जी की बेटी और अभिनेत्री तनुजा की भतीजी हैं। यानी फिल्मी बैकग्राउंड मजबूत था, लेकिन इसके बावजूद उनके पिता राम मुखर्जी नहीं चाहते थे कि रानी फिल्मों में जाएं। बातचीत के दौरान रानी ने इस बारे में बात की। रानी मुखर्जी कहती हैं- मेरे पापा खुद फिल्म इंडस्ट्री से थे, लेकिन उस समय का माहौल इतना आसान नहीं था। पेरेंट्स का पहला फर्ज बच्चों को बचाना होता है। यह बात मुझे तब समझ में आई जब मैं मां बनी। हमारा पहला ख्याल बच्चों की सुरक्षा का होता है। जब बच्चे 12वीं पास करके करियर चुनने वाले होते हैं, तो पेरेंट्स ज्यादा प्रोटेक्टिव हो जाते हैं, लेकिन हम सबको तो दुनिया में आगे बढ़ना ही पड़ता है, अपनी राह खुद बनानी पड़ती है। हमारी जर्नी अलग होती है।

**औरत की सहनशक्ति को एक औरत ही समझ सकती है-** उस समय डैडी को लगा होगा कि इंडस्ट्री के उतार-चढ़ाव मैं झेल नहीं पाऊंगी। शायद उन्हें डर था कि उनकी बेटी ये सब संभाल न पाए। इसलिए वे ज्यादा खुश नहीं थे कि मैं इंडस्ट्री में हूं। हमेशा लोग लड़कियों को कम आंकते हैं। सोचते हैं कि हम मुश्किलें नहीं झेल पाएंगी, लेकिन एक औरत की सहनशक्ति बहुत मजबूत होती है। यह बात सिर्फ औरत ही समझ सकती है।

**करियर की शुरूआत में खूब मजाक उड़ाया गया-** रानी मुखर्जी ने अपने पिता राम मुखर्जी के डायरेक्शन में बनी बंगाली फिल्म बियेर फूल (1996) से एक्टिंग डेब्यू किया था। इसके बाद उन्होंने हिंदी फिल्म ह्यराजा की आएगी बारात से बॉलीवुड में डेब्यू किया। करियर की शुरूआत में कद-काठी, रंग और आवाज को लेकर खूब मजाक उड़ाया गया। बावजूद इसके रानी ने बॉलीवुड में अपनी एक अलग जगह बनाई। रानी कहती हैं- मैं अपने फैंस का तहेदिल से शुक्रिया करती हूं। आर्टिस्ट जैसा होता है, उसे अपनाना दर्शकों का फैसला होता है। इंडस्ट्री ने शुरूआत में मेरी आवाज पसंद न आने पर डब कर दी, लेकिन फैंस ने दिल से सराहा। उनकी ताकत से ही आलोचकों की बोलती बंद हो गई।

**हार के बाद ही जीत का असली मजा है-** मेरी जिंदगी में बहुत उतार चढ़ाव आए, लेकिन ऊपर वाले ने जो जिंदगी दी है, उसे हम आसानी से हार नहीं सकते। इसलिए हमेशा ग्रेटफुल रहना जरूरी है। चाहे आगे क्या हो जाए, ये तो बस घटनाएं हैं। सबसे बड़ी बात ये है कि हम इस दुनिया में पैदा हुए हैं और कुछ न कुछ करना है। भले ही मैं फिल्मों में काम कर रही हूं, लेकिन कोई वर्दी में देश की सेवा कर रहा है, कोई डॉक्टर हॉस्पिटल में मरीजों की मदद कर रहा है। सबका अपना-अपना रोल है। मेरा काम ऐसे किरदार लाना है जो सबको इंस्पायर करें। डल या हारने वाले पल भी महसूस करने चाहिए। तभी जीत का असली मजा आता है।

**कुछ कुछ होता है से बदली किस्मत-** 1998 में रिलीज फिल्म कुछ कुछ होता है रानी मुखर्जी के करियर का टर्निंग पॉइंट साबित हुई। काजोल और शाहरुख खान के साथ सीमित स्क्रीन टाइम के बावजूद रानी ने टीना मल्होत्रा के किरदार से दर्शकों पर गहरी छाप छोड़ी। इस फिल्म के लिए उन्हें फिल्मफेयर बेस्ट सपोर्टिंग एक्ट्रेस अवॉर्ड मिला और बॉलीवुड ने पहली बार रानी मुखर्जी को गंभीरता से लेना शुरू किया। कुछ कुछ होता है के अलावा रानी को हम तुम, ब्लैक, युवा, साथिया, ब्लैक, नो वन किल्ड जेसिका मिसेस चटर्जी वर्सेस नार्वे जैसी फिल्मों को मिलाकर 8 फिल्मफेयर अवॉर्ड मिल चुके हैं। रानी मुखर्जी की खसियात यह रही है कि उन्होंने खुद को सिर्फ रोमांटिक फिल्मों तक सीमित नहीं रखा। उन्होंने लगातार अलग-अलग और जोखिम भरे किरदार चुने।

### भारत ने न्यूजीलैंड को 7 विकेट से हराया:209 रन का टारगेट 15.2 ओवर में चेज

# भारत ने छठी बार 200+ का टारगेट चेज किया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रायपुर




रायपुर में भारत ने न्यूजीलैंड को 28 गेंद रहते हरा दिया। 200 से ज्यादा रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए यह भारत की अब तक की सबसे तेज जीत रही। टीम इंडिया ने 209 रन का टारगेट सिर्फ 15.2 ओवर में 3 विकेट खोकर हासिल किया और छठी बार 200+ का टारगेट चेज किया। इसके साथ ही सीरीज में भारत ने लगातार दूसरी जीत हासिल कर ली।

मैच में कई रिकॉर्ड बने, लेकिन सबसे यादगार प्रदर्शन ईशान किशन का रहा। उन्होंने महज 21 गेंदों में अर्धशतक जड़कर मुकाबले का रुख भारत की ओर मोड़ दिया। एक खास पल तब देखने को मिला, जब आउट होने के बाद कप्तान सूर्यकुमार यादव ने ईशान को गले लगाकर उनकी पारी की सराहना की। सूर्या ने भी शानदार बल्लेबाजी करते हुए 23 पारियों बाद टी-20 में फिफ्टी पूरी की और 37 गेंदों पर नाबाद 82 रन बनाए। दोनों के बीच 122 रन की साझेदारी ने न्यूजीलैंड को मुकाबले से बाहर कर दिया।

**भारत ने छठी बार 200+ रन का लक्ष्य हासिल किया-** टी-20 इंटरनेशनल में भारत ने 200 या उससे ज्यादा रन का लक्ष्य छठी बार हासिल कर लिया। इस उपलब्धि के साथ टीम इंडिया इस मामले में ऑस्ट्रेलिया के बाद दूसरे स्थान पर पहुंच गई है। भारत ने 209 रन का लक्ष्य हासिल कर अपने दूसरे सबसे बड़े रन चेज की बराबरी कर ली। इससे पहले टीम इंडिया का सबसे बड़ा रन चेज 2009 में मोहाली में देखने को मिला था, जब भारत ने 211 रन का टारगेट सफलतापूर्वक पूरा किया था। यह जीत इसलिए भी खास रही, क्योंकि घर पर 100वां टी-20 मैच खेल रही भारत ने मैच जीता।

**ईशान की 21 गेंदों में फिफ्टी, भारत श्२ न्यूजीलैंड इतिहास की सबसे तेज-** भारत और न्यूजीलैंड के बीच टी-20 मुकाबलों में सबसे तेज अर्धशतक का रिकॉर्ड अब ईशान किशन के नाम दर्ज हो गया है। ईशान ने 21 गेंदों में फिफ्टी पूरी कर यह उपलब्धि हासिल की। इससे पहले इस सूची में अभिषेक शर्मा का नाम था, जिन्होंने नागपुर में 22 गेंदों में अर्धशतक लगाया था। इस मैच में ईशान किशन का आक्रामक अंदाज पावरप्ले में ही देखने को मिला, जहां उन्होंने शुरूआती 6 ओवर में 56 रन ठोक दिए। यह टी-20 इंटरनेशनल में किसी भारतीय बल्लेबाज का पावरप्ले में दूसरा सबसे बड़ा स्कोर है। इस मामले में उनसे आगे सिर्फ अभिषेक शर्मा हैं, जिन्होंने 2025 में इंग्लैंड के खिलाफ पावरप्ले में 58 रन बनाए थे।

**सूर्या की 23 इनिंग बाद फिफ्टी-** 11वें ओवर में भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने अपना अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने 23 गेंदों में फिफ्टी लगाई, जो 23 पारियों के बाद आई। सूर्या ने 37 गेंदों पर नाबाद 82 रन की शानदार पारी खेली, जिसमें 9 चौके और 4 छक्के शामिल रहे। यह आठवीं बार था जब उन्होंने 25 या उससे कम गेंदों में अर्धशतक जड़ा, जबकि 200 से ज्यादा की स्ट्राइक रेट से फिफ्टी लगाने का यह उनका 11वां मौका रहा।

**न्यूजीलैंड का भारत में भारत के खिलाफ हाईएस्ट टी-20 टोटल-** भारत की सरजमीं पर न्यूजीलैंड ने टी-20 इंटरनेशनल में अपना सबसे बड़ा स्कोर 208 रन बनाया। इससे पहले न्यूजीलैंड का भारत में सबसे बड़ा स्कोर 2017 में राजकोट में 196 रन का था, और उस मुकाबले में न्यूजीलैंड को जीत भी मिली थी।

**फाउक्स एक पारी में सबसे ज्यादा रन देने वाले बॉलर-** कीवी तेज गेंदबाज जैक फाउक्स ने टी-20 इंटरनेशनल में एक पारी की शुरूआत में सबसे ज्यादा रन लुटाने का रिकॉर्ड बना दिया। फाउक्स ने अपने शुरूआती तीन ओवर में 67 रन खर्च कर दिए, जो इस फॉर्मेट में अब तक का सबसे महंगा स्पेल है। इससे पहले यह रिकॉर्ड आयरलैंड के लायम मैक्कार्थी के नाम था। मैक्कार्थी ने 2025 में ब्रेडी में वेस्टइंडीज के खिलाफ अपने पहले तीन ओवर में 63 रन दिए थे।

**कैच ड्रॉप का फायदा नहीं उठा सके सैमसन-** भारतीय ओपनर संजू सैमसन को पारी की शुरूआत में ही जीवनदान मिला। पहले ओवर में मैट हेनरी की दूसरी गेंद पर डेवोन कॉन्वे ने उनका कैच छोड़ दिया, तब सैमसन का खाता भी नहीं खुला था। हालांकि, वह इस मौके का ज्यादा फायदा नहीं उठा सके और पांचवीं गेंद पर रचिन रवींद्र को कैच थमाकर 6 रन बनाकर पवेलियन लौट गए।

## शुभमन गिल की कप्तानी में पंजाब दो दिन में हारा



### सौराष्ट्र 194 रन से जीता, सरफराज का दोहरा शतक, 19 चौके और 9 सिक्स लगाए

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई

रणजी ट्रॉफी के छठे राउंड के दूसरे दिन शुभमन गिल की कप्तानी वाली पंजाब टीम को सौराष्ट्र के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। टर्निंग पिच पर खेले गए इस मुकाबले में पंजाब दूसरी पारी में सिर्फ 125 रन पर सिमट गई। पहली पारी की बढ़त के दम पर सौराष्ट्र ने 194 रन से मैच जीत लिया और दो दिन के भीतर ही मुकाबला अपने नाम कर लिया।

उधर, मुंबई के लिए सरफराज खान ने दोहरा शतक लगा दिया। उन्होंने 227 रन की जबरदस्त पारी खेलते हुए हैदराबाद के खिलाफ मुंबई को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। सरफराज ने पारी में 19 चौके और 9 सिक्स भी लगा दिए। गिल फिर सस्ते में आउट सौराष्ट्र ने पंजाब के खिलाफ दो दिन में मुकाबला खत्म किया। दूसरी पारी में पार्थ भुट और धर्मेंद्रसिंह जडेजा ने पांच-पांच विकेट लिए। सौराष्ट्र ने पहली पारी में 33 रन की बढ़त लेने के बाद दूसरी पारी में 286 रन बनाए, जबकि स्कोर 75/5 तक गिर चुका था। 319 रन का लक्ष्य पंजाब के लिए टर्निंग पिच पर असंभव साबित हुआ और टीम 125 पर सिमट गई। शुभमन गिल का यह मैच खराब रहा और उन्होंने 0 व 14 रन बनाए। झारखंड ने 561 रन बनाए अन्य मुकाबलों में झारखंड ने उत्तर प्रदेश के खिलाफ पहली पारी में 561 रन बनाकर दबदबा बना लिया। बंगाल ने सर्विसेज के सामने 519 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया। मध्य प्रदेश के खिलाफ कर्नाटक की टीम संघर्ष करती नजर आई, जबकि छत्तीसगढ़ ने दिल्ली के खिलाफ खुद को मजबूत स्थिति में पहुंचा लिया है।

# बांग्लादेश टी-20 वर्ल्ड कप से बाहर होने की कगार पर

### बोर्ड बोला- भारत में नहीं खेलेंगे, आईसीसी ने कल कहा था- इंडिया में ही खेलना होगा



ब्रह्मास्त्र ▸▸ ढाका

बांग्लादेश ने गुरुवार को भारत में टी-20 वर्ल्ड कप खेलने से इनकार कर दिया, जिसके बाद टीम का टूर्नामेंट से बाहर होना तय माना जा रहा है। एक दिन पहले ही आईसीसी ने स्पष्ट किया था कि बांग्लादेश के सभी ग्रुप मैच भारत में ही कराए जाएंगे।

इससे पहले बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने मांग की थी कि उसके सभी मुकाबले भारत की बजाय श्रीलंका में कराए जाएं। आईसीसी ने यह मांग खारिज कर दी और बीसीबी को इस पर फैसले के लिए एक दिन का समय दिया था।

बांग्लादेश सरकार के खेल सलाहकार आसिफ नजरुल ने नेशनल टीम के खिलाड़ियों के साथ आज ढाका में बैठक की। बैठक के बाद उन्होंने कहा, 'हम वर्ल्ड कप खेलना चाहते हैं, लेकिन भारत में हमारे खिलाड़ियों और सपोर्ट स्टाफ की सुरक्षा को लेकर चिंता अब भी बनी हुई है।'

वहीं, बीसीबी अध्यक्ष अमीनुल इस्लाम ने कहा कि बोर्ड एक बार फिर आईसीसी से बातचीत करेगा और अपनी चिंताओं को मजबूती से रखेगा। बांग्लादेश अपनी लड़ाई जारी रखेगा। इस बीच, आईसीसी ने कोलकाता के ईडन गार्डन्स की तैयारियों पर संतोष जताया है। आईसीसी की निरीक्षण टीम ने बीसीसीआई के साथ मैदान का दौरा किया था। यहां ग्रुप स्टेज के 4 मैच खेले जाने हैं।

खेल सलाहकार आसिफ नजरुल ने कहा- आईसीसी कितना भी कहे कि सुरक्षा का खतरा नहीं है, लेकिन हकीकत यह है कि हमारे खिलाड़ी को आईपीएल से बाहर निकाला गया। वही देश वर्ल्ड कप की मेजबानी करने जा रहा है। ऐसे में सवाल यह है कि तब से अब तक क्या बदला है?

## वर्ल्डकप से पहले बाबर-शाहीन की पाकिस्तानी टीम में वापसी



ब्रह्मास्त्र ▸▸ कराची

वर्ल्ड कप से पहले अनुभवी बैटर बाबर आजम और पेसर शाहीन शाह अफरीदी की पाकिस्तान की टी-20 टीम में वापसी हुई है।

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने शुक्रवार को बताया कि ये दोनों सीनियर प्लेयर्स ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 29 जनवरी से शुरू हो रही 3 मैचौं की टी-20 सीरीज में हिस्सा लेंगे। बाबर-शाहीन के आने से वर्ल्ड कप से पहले पाकिस्तानी टीम को मजबूती मिलेगी। टीम को 7 फरवरी को नीदरलैंड से पहला मैच खेलना है। 28 जनवरी को पाकिस्तान पहुंचेगी कंगारू टीम ऑस्ट्रेलियाई टीम 28 जनवरी को पाकिस्तान पहुंचेगी। पाकिस्तानी सरजमीं पर यह ऑस्ट्रेलिया की दूसरी टी20 सीरीज होगी। इससे पहले अप्रैल 2022 में सिर्फ एक टी20 इंटरनेशनल मैच खेला गया था। सिलेक्टर्स ने वर्ल्ड कप टीम जारी नहीं की पाकिस्तान चयनकर्ताओं ने अब तक वर्ल्ड कप के लिए अंतिम टीम की घोषणा नहीं की है। बोर्ड के टूर्नामेंट से हटने की अटकलें भी चल रही हैं, जो भारत में खेलने को लेकर सुरक्षा कारणों से बांग्लादेश बोर्ड के रुख से जुड़ी बताई जा रही हैं। बाबर-शाहीन श्रीलंका दौरे से बाहर थे बाबर आजम और शाहीन शाह अफरीदी श्रीलंका के खिलाफ खेली गई टी-20 सीरीज से बाहर रखा गया था।

**लोन... लोन... लोन...**
श्रीराम फाइनेंस कंपनी द्वारा लोन लेना हुआ आसान
सभी प्रकार के लोन
आधार कार्ड लोन, बिजनेस लोन, पर्सनल लोन, होम लोन, वाहन लोन, महिला ग्रुप लोन 50% छूट)
आसानी से मिलेगा घर बैठे लोन सबसे कम ब्याज दर पर!
(लोन का पैसा सीधे आपके बैंक खाते में)
हमसे संपर्क करें
मो. 7404467154

**आवश्यकता है**
कक्षा प्राइमरी व मिडिल (इंग्लिश मिडियम )के लिए। शिक्षक - शिक्षिकाओं की।
आवश्यकता
विशेष इंग्लिश स्पोकन एवं इंग्लिश मिडियम एवं काउंसलिंग वाले को प्राथमिकता। वेतन योग्यता अनुसार।
अल्मा इंटरनेशनल स्कूल तराना
मो:9893648687

**आवश्यकता**
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉन्वेंट मिडिल स्कूल भैरवगढ मे अंग्रेजी माध्यम में कक्षा नर्सरी से 8वी तक अध्यापन हेतु शिक्षक / शिक्षिकाओ की आवश्यकता है। B.ED / D.AD/DEID को प्राथमिकता ऑफिस कार्य हेतु बाई की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार
सम्पर्क: राजेश राव सर
Mo No. 9977588698

**फार्म हाउस**
मात्र 99 रुपये sqfit में फार्मलैंड
साईज 36x100 बकरी, खरगोश पालन, दूध डेरी, सब्जी की खेती, आश्रम के लिए अति उत्तम। इंदौर से मात्र 110km, उज्जैन-आगर रोड से 5 मिनट दूरी पर
9669777899

**आवश्यकता**
मे. प्रथम इन्टरप्राईजेस लुबरिकेन्ट ऑयल मार्केटिंग
सेल्समेन- पद 5 (सैलरी 5 अंकों में)
पता- चिमनगंज मण्डी, हीरो शोरुम, HDFC बैंक के सामने, आगर रोड, उज्जैन (म.प्र.)
CONTACT: 8225022548

**खरीदना है**
मकान या प्लांट पीपलीनाका, जयसिंहपुरा, गऊघाट में साइज 20 बाय 40 या 20 बाय 50 मकान प्लाट दक्षिण मुखी नहीं होना चाहिए मकान के आगे थोड़ा रोड फोर विलय गाड़ी पार्किंग हो सके मकान प्लाट की रजिस्ट्री होना प्लाट मालिक के नाम चाहिए
पंडित रामनारायण शर्मा: 999 3 154947
व्हाट्सएप नंबर: 8959513547

अब आपके इंदौर शहर में... सप्ताह में दिन... सोमवार बुधवार शुक्रवार
श्री गोपाल हाड़ वैद्य
हड्डी रोग दवाखाना उज्जैन वाले
समय दोप. 12:30 से शाम 7 बजे तक
मो. 7000813235
चोंट | मोच | फैक्चर विशेषज्ञ
पता- जवाहर मार्ग 11/5 निहालपुरा गुरुद्वारा के सामने वाली पट्टी लक्ष्मी मेडिकल हाल के पीछे निहालपुरा, इन्दौर

**भूमि बेचना है**
ग्राम मेंढिया तक्षशीला स्कूल के पास इन्दौर रोड़ से अन्दर की ओर पौने चार बीघा भूमि का विक्रय करना है एवं ग्राम चन्दूखेड़ी में बड़नगर रोड़ सिक्स लैन पर साढ़े तीन बीघा भूमि का विक्रय करना है। भूमि क्रय करने के इच्छुक व्यक्ति ही सम्पर्क करें।
सम्पर्क सूत्र मो. नं- 7999080798, 7999512383, 7987874500

**बेचना है**
दो मंजिला स्वतंत्र बंगला कॉर्नर प्लाट
नवलखा चौराहे के पास, मंगलमूर्ति धाम में 911 स्के. फीट प्लाट पर 1650 स्क्वेयर फीट निर्माण
3BHK+2 कार पार्किंग, उत्तर-पूर्व मुखी
9893681399

**किराए से देना है**
1 BHK ke 2 फ्लैट
एक फ्लैट में 2 रुम, 2 लेटबाथ, 1 किचन, एक और फ्लैट में भी सेम यही।
पता: 40 घी मंडी सखीपुरा उज्जैन, (न्यू गीता रोडलाइंस के ऊपर)
मोबाइल: 9425056656 9111175000

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

वैश्विक अनिश्चितताओं का

# सामना कैसे कर रहा भारत?



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

आरबीआई की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक मजबूत बैंकिंग सिस्टम, संतुलित नियमन और सुधारों की बदौलत भारत वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद आर्थिक रूप से स्थिर है। 2025-26 में भारत के सबसे तेज बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बने रहने की उम्मीद जताई गई है। भारतीय रिजर्व बैंक की ताजा रिपोर्ट में कहा गया है कि उपभोक्ता संरक्षण, नवाचार और सतर्क नियामक दृष्टिकोण के बीच संतुलन बनाए रखने पर केंद्रित नीति से भारत की दीर्घकालिक आर्थिक वृद्धि को मजबूती मिलेगी। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत की वित्तीय संरचना मजबूत बनी हुई है और यह साबित होता है कि बैंकों और गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों दोनों प्रतिकूल परिस्थितियों में भी पूंजी स्तर को नियामक न्यूनतम से ऊपर बनाए रख सकते हैं।

रिपोर्ट आगे बताती है कि आगे बढ़ते हुए नवाचार और स्थिरता के साथ उपभोक्ता संरक्षण व सतर्क नियमन और पर्यवेक्षण पर ध्यान देना उत्पादकता में सुधार और दीर्घकालिक आर्थिक वृद्धि को समर्थन देगा। भारत के बैंक मजबूत पूंजी भंडार, सुधरी परिसंपत्ति गुणवत्ता और लाभप्रदता के साथ वैश्विक चुनौतियों के बीच भी स्थिर बने हुए हैं। ऐसे कारक भारत जैसे उभरते बाजारों के लिए जोखिम और नीति अनिश्चितता बनाए रखते हैं, लेकिन इसके बावजूद भारत की अर्थव्यवस्था के टिकाऊ प्रदर्शन के लिए आधार मजबूत बना हुआ है। भारत की जीडीपी वृद्धि अनुमानित रूप से 2025-26 में दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था की स्थिति बनाए रखेगी। रिपोर्ट में यह भी संकेत दिया गया है कि भारत निर्यात में विविधता लाने और बाहरी क्षेत्र से जुड़े जोखिमों को कम करने के लिए निरंतर प्रयास कर रहा है, और 14 देशों या समूहों के साथ व्यापार वार्ता जारी है।

सेंसर टावर की रिपोर्ट : भारत एप डाउनलोड में दुनिया में सबसे आगे

# माइक्रोड्रामा प्लेटफॉर्म ने भी बढ़ाई गति

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

एआई का असर इस कदर हो रहा है कि भारतीयों ने एप्स पर एक साल में 1.23 लाख करोड़ घंटे बिताए हैं। सेंसर टावर की रिपोर्ट के मुताबिक भारत एप डाउनलोड में दुनिया में सबसे आगे है। इसी के साथ माइक्रोड्रामा प्लेटफॉर्म ने भी गति बढ़ाई है।

जेनरेटिव आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) को अपनाने की तेज रफ्तार के चलते भारत एप डाउनलोड के मामले में दुनिया का अग्रणी देश बन गया है। आलम यह है कि देश में 2025 में 25.5 अरब एप डाउनलोड हुए, जो वैश्विक स्तर पर सबसे ज्यादा है। खास बात है कि भारत उन चुनिंदा देशों में शामिल है, जहां एप डाउनलोड में सालाना वृद्धि देखने को मिली है। हालांकि, डाउनलोड की यह संख्या 2023 के 25.9 अरब से कम, लेकिन 2024 के 24.6 अरब की तुलना में ज्यादा है।

सेंसर टावर की स्टेट ऑफ मोबाइल 2026 रिपोर्ट में कहा गया है कि एप डाउनलोड के साथ यूजर्स के जुड़ाव में भी वृद्धि दर्ज की गई। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि भारतीयों ने बीते साल इन एप्स पर 1.23 लाख करोड़ घंटे खर्च कर डाले, जो 2024 के 1.13 लाख करोड़ घंटे की तुलना में ज्यादा है।

रिपोर्ट के मुताबिक, जेन एआई और माइक्रोड्रामा एप्स (स्मार्टफोन पर एक-दो मिनट के एपिसोड वाले छोटे वीडियो एप) के उदय ने मिलकर भारत में डाउनलोड एवं इंगेजमेंट ट्रेंड्स को बदल दिया। इसकी बदौलत बीते साल भारतीयों ने जेन एआई एप्स को 60.2 करोड़ बार डाउनलोड किया, जो 2024 के 19.8 करोड़ की तुलना में तीन गुना अधिक है।



### माइक्रोड्रामा एप्स ने ओटीटी को पीछे छोड़ा

- भारत में एप डाउनलोड बढ़ाने में माइक्रोड्रामा की भी बड़ी भूमिका रही।
- 2025 में 35 करोड़ से ज्यादा माइक्रोड्रामा एप्स डाउनलोड किए गए।
- इनमें कुकू टीवी, स्टोरी टीवी, क्विक टीवी और डशरील जैसे एप्स सबसे आगे रहे।
- एआई असिस्टेंट, वीडियो एडिटिंग, सोशल डिस्कवरी और फूड-ग्रॉसरी डिलीवरी एप्स के डाउनलोड में भी अच्छी बढ़ोतरी दर्ज की गई।
- हालांकि, देश में सोशल मीडिया, सोशल मैसेजिंग और सिक्योरिटी एप्स के डाउनलोड में गिरावट देखी गई।

### चैटजीपीटी सबसे ज्यादा डाउनलोड

- रिपोर्ट के मुताबिक, डाउनलोड वृद्धि में एआई असिस्टेंट एप्स की बड़ी हिस्सेदारी रही। चैटजीपीटी भारत में सर्वाधिक डाउनलोड किया जाने वाले जेन एआई एप रहा। इसके बाद गूगल जेमिनी, परप्लेक्सिटी और गोर्क का स्थान रहा।
- रिपोर्ट में कहा गया है कि 2025 में देश में कुल एप डाउनलोड के मामले में चैटजीपीटी सिर्फ इंस्टाग्राम से पीछे रहा।
- सेंसर टावर की तिमाही आंकड़ों से यह भी पता चलता है कि 2025 की दूसरी छमाही में एआई असिस्टेंट डाउनलोड में तेजी से बढ़ोतरी हुई, जो एआई कंटेंट जेनरेटर और एआई कंपेनियम एप्स जैसी दूसरी जेनरेटिव एआई श्रेणी से कहीं अधिक है।

### दुनियाभर में...यूजर्स ने एप पर बिताए 5.3 लाख करोड़ घंटे

आंकड़े बताते हैं कि बीते साल दुनियाभर में यूजर्स ने एप्स पर कुल 5.3 लाख करोड़ घंटे बिताए। इसमें गेमिंग एप्स पर बिताए गए समय की हिस्सेदारी सबसे ज्यादा रही। सोशल मीडिया, शॉर्ट ड्रामा और एआई एप्स जैसे श्रेणी भी यूजर्स का ध्यान खींचने में सफल रहे।

टैरिफ संकट के बीच केंद्र का बड़ा दांव

## विनिर्माण बढ़ाकर 2035 तक निर्यात तीन गुना करने का लक्ष्य




ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

वैश्विक टैरिफ संकट के बीच केंद्र सरकार 15 प्रमुख क्षेत्रों में विनिर्माण बढ़ाकर 2035 तक निर्यात तीन गुना करने की योजना बना रही है। लालफीताशाही घटाने और हब विकसित करने पर जोर है।

वैश्विक अनिश्चितता और उच्च टैरिफ संकट के बीच भारत भारी खर्च करने के बजाय रणनीतिक बदलावों के जरिये विनिर्माण को बढ़ावा देकर 2035 तक देश के निर्यात को तीन गुना करने की योजना बना रहा है। दो सरकारी अधिकारियों ने बताया, इसके लिए प्रधानमंत्री की तीसरी ऐसी कोशिश में देश 15 क्षेत्रों में विनिर्माण को प्राथमिकता दे रहा है, जिसमें हाई-एंड सेमीकंडक्टर, मेटल और श्रम आधारित लेदर इंडस्ट्री शामिल हैं। इसका मकसद भारत की आर्थिक वृद्धि को बढ़ाना और माल निर्यात को सालाना 1.3 लाख करोड़ डॉलर तक पहुंचाना है।

दरअसल, मोदी सरकार जीडीपी में विनिर्माण का हिस्सा दोगुना कर 25 फीसदी करने में दो बार नाकाम रही है। पहला...2014 में मेक इन इंडिया अभियान के जरिये और दूसरा... 2020 में 23 अरब डॉलर के प्रोत्साहन पैकेज के साथ। नीति निमार्ताओं में शामिल एक अधिकारी ने बताया, पिछले कुछ वर्षों में सरकार की कई पहलों के बावजूद विनिर्माण में धीमी वृद्धि देखने को मिली है। अब तीसरी कोशिश में बदलाव लाने के लिए एक साहसिक, फोकस्ड और एकजुट रणनीति की जरूरत है। अधिकारियों ने बताया, सरकार ने योजना को अमलीजामा पहनाने के लिए एक पैनल बनाया है, जिसका फोकस बड़ी परियोजनाओं के लिए तेज नियामकीय मंजूरी, जमीन और सस्ता फाइनेंस उपलब्ध कराने पर होगा।

बजट से उम्मीदें: टैरिफ संकट के बीच अर्थव्यवस्था की रफ्तार

# निर्यात और रोजगार बढ़ाने वाला होगा बजट

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

अर्थशास्त्री संदीप वेम्पति ने बताया कि एक फरवरी को पेश होने वाले बजट में विकसित भारत लक्ष्य को साधने की झलक दिखेगी। वेम्पति का मानना है कि सरकार इस लक्ष्य के लिए बजट में व्यापार सुगमता, निर्यात, रोजगार, प्रत्यक्ष विदेशी निवेश, विनिर्माण, बुनियादी ढांचा, पर्यावरण और शहरी-ग्रामीण विकास पर ध्यान केंद्रित करेगी।

टैरिफ संकट और वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के बीच एक फरवरी, 2026 को पेश होने वाला आम बजट भारतीय अर्थव्यवस्था की रफ्तार को बढ़ाने वाला हो सकता है।?साथ ही, यह मोदी सरकार की सतत विकास रणनीति के अनुरूप होगा, जिसमें 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को साधने की झलक भी दिखाई देगी। अर्थशास्त्री संदीप वेम्पति का मानना है कि सरकार इस लक्ष्य के लिए बजट में व्यापार सुगमता, निर्यात, रोजगार, प्रत्यक्ष विदेशी निवेश, विनिर्माण, बुनियादी ढांचा, पर्यावरण और शहरी-ग्रामीण विकास पर ध्यान केंद्रित करेगी।




वेम्पति ने कहा, सतत विकास रणनीति ने 2014 से अर्थव्यवस्था को गति प्रदान की है। यह आत्मनिर्भरता के सिद्धांत से निर्देशित है। इसके 5 मूलभूत स्तंभ हैं, जो पांच रणनीतिक मोर्चों से संचालित है। ये पांच मूलभूत स्तंभ हैं...नागरिकों एवं संप्रभुता की सुरक्षा। स्वास्थ्य-शिक्षा एवं सामाजिक सुरक्षा और कौशल विकास। पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन पर निरंतर ध्यान। मजबूत, स्थिर और लचीली वृहद अर्थव्यवस्था का निर्माण। नेतृत्व की स्थिरता, निरंतरता और हर मोर्चे पर प्रभावी गवर्नेंस।

**इन क्षेत्रों पर रहेगा जोर-** अर्थशास्त्री ने कहा, जो पांच रणनीतिक क्षेत्र हैं, उनमें समावेशिता और संतुलित क्षेत्रीय विकास के माध्यम से आर्थिक वृद्धि का विस्तार। निरंतर सुधार। घरेलू विनिर्माण को सुदृढ़ करना। अनुसंधान एवं विकास, नवाचार व उत्पादकता बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करना और उभरते क्षेत्रों को समर्थन देना है। ये ऐसे क्षेत्र हैं, जिन पर बजट में जोर दिया जा सकता है।

### 56 लाख करोड़ हो सकता है बजट का आकार

बजट 2026 का आकार 55 लाख करोड़ से 56 लाख करोड़ के बीच रहने की संभावना है। 2025-26 में नॉमिनल जीडीपी में 10 फीसदी की वृद्धि का अनुमान है और 2026-27 में इसके लगभग 390 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचने की संभावना है।

**बढ़ सकता है पूंजीगत खर्च-** खर्च की गुणवत्ता में सुधार जारी रहेगा और पूंजीगत व्यय 12.25 लाख करोड़ से 12.5 लाख करोड़ रुपये के बीच रहने की संभावना है। पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता जारी रहने की संभावना है। इसके लिए 1.5 लाख करोड़ रुपये आवंटित किए जाएंगे।

**नियामक व वैधानिक स्वीकृतियां बड़ी बाधाएं-** उच्च वृद्धि दर हासिल करने में सबसे बड़ी बाधाएं नियामक और वैधानिक स्वीकृतियां व अनुपालन एवं निजी क्षेत्र की जोखिम से बचने की प्रवृत्ति हैं। व्यापार करने में आसानी सरकार की प्राथमिकता होगी। अब तक की कई पहलों को आगे बढ़ाते हुए नेशनल सिंगल विंडो सिस्टम के पुनर्गठन की घोषणा होने की संभावना है।

अमेरिकी अर्थव्यवस्था ने पकड़ी रफ्तार

# तीसरी तिमाही में जीडीपी 4.4% की दर से बढ़ी, चिंता क्या जानिए

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

उपभोक्ता खर्च के दम पर अमेरिकी अर्थव्यवस्था 4.4% की दर से बढ़ी, जो 2 साल में सबसे तेज है। हालांकि, कमजोर जॉब मार्केट और के-शेप्ड रिकवरी चिंता का विषय है।

वैश्विक अनिश्चितताओं और आंतरिक नीतिगत बदलावों के बीच अमेरिकी अर्थव्यवस्था ने जबरदस्त लचीलापन दिखाते हुए उम्मीद से बेहतर प्रदर्शन किया है। वाणिज्य विभाग द्वारा गुरुवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, जुलाई से सितंबर की तिमाही में अमेरिका की सकल घरेलू उत्पाद विकास दर 4.4 प्रतिशत रही। यह पिछले दो वर्षों में दर्ज की गई सबसे तेज वृद्धि दर है। हालांकि, इन शानदार आंकड़ों के पीछे रोजगार बाजार की सुस्ती और आय में असमानता की गहरी चिंताएं भी छिपी हुई हैं।

**उपभोक्ता खर्च और निर्यात से मिली मजबूती -** वाणिज्य विभाग ने अपने पहले के अनुमान (4.3 प्रतिशत) को संशोधित करते हुए बताया कि तीसरी तिमाही में विकास दर 4.4 प्रतिशत रही। इस तेजी का मुख्य इंजन अमेरिकी उपभोक्ता रहे। अमेरिकी जीडीपी में 70 प्रतिशत की हिस्सेदारी रखने वाले 'उपभोक्ता खर्च' में 3.5 प्रतिशत की स्वस्थ वृद्धि दर्ज की गई। इसके अलावा, निर्यात में उछाल और आयात में गिरावट ने भी विकास दर को 3.8 प्रतिशत (अप्रैल-जून तिमाही) से ऊपर ले जाने में अहम भूमिका निभाई। गौरतलब है कि 2023 की तीसरी तिमाही के बाद से अर्थव्यवस्था ने इतनी तेज गति से विकास नहीं किया था।

यह आर्थिक वृद्धि इसलिए भी महत्वपूर्ण मानी जा रही है क्योंकि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की आक्रामक व्यापार नीतियों के कारण बाजार में अनिश्चितता का माहौल था। विशेष रूप से दुनिया के लगभग हर देश से आयात पर लगाए गए 'डबल-डिजिट टैक्स' के बावजूद अमेरिकी अर्थव्यवस्था पटरी पर बनी हुई है। जीडीपी के मजबूत आंकड़ों के बावजूद, जमीनी स्तर पर अमेरिकी नागरिकों में अर्थव्यवस्था को लेकर असंतोष है।

## जम्मू-कश्मीर के कठुआ में जैश कमांडर ढेर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर के कठुआ में शुक्रवार शाम सुरक्षाबलों ने पाकिस्तान के आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के कमांडर उस्मान को मार गिराया। एनकाउंटर बिलावर इलाके में हुआ। आतंकियों की तलाश में पिछले एक हफ्ते से ऑपरेशन चल रहा था। उस्मान पिछले 2 साल से अन्य आतंकवादियों के साथ डोडा-उधमपुर-कठुआ इलाके में एक्टिव था। एनकाउंटर की साइट से अमेरिका में बनी M4 राइफल, हथियार और गोला-बारूद बरामद हुआ। कठुआ की एसएसपी मोहिता शर्मा ने बताया शुक्रवार 1 बजे पोरहेटर गांव में आतंकी ने एक घर में घुसकर नागरिकों को बंधक बना लिया था। पुलिस, भारतीय सेना और सीआरपीएफ की टीम ने इलाके की घेराबंदी की। पुलिस की एक टीम ने पहले सभी नागरिकों को सुरक्षित बाहर निकाला। इसके बाद जवान घर के अंदर घुसे। आतंकी ने पहले फायरिंग की। जवाबी कार्रवाई में जवानों ने उस्मान का हथियार छीनकर उसे मार गिराया।

सूत्रों के मुताबिक सुरक्षाबलों और उस्मान का इससे पहले कठुआ, डोडा, बसंतगढ़, उधमपुर में भी आमना-सामना हुआ, लेकिन वो हर बार बच कर निकल जाता था। इस बार सुरक्षाबलों ने उसे ढेर कर दिया। पिछले हफ्ते सुरक्षाबलों की जॉइंट टीम ने बिलावर इलाके में ही आतंकियों के 3 ठिकानों का भंडाफोड़ किया था। मौके से कई चीजें बरामद की गईं थीं। आज से पहले 7 जनवरी और 13 जनवरी को भी बिलावर इलाके के ही कहोग और नजोत जंगलों में सुरक्षाबलों और आतंकियों की मुठभेड़ हुई थी।

## राजस्थान में तापमान -7 डिग्री, बर्फ जमी, आंधी-बारिश की चेतावनी



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

राजस्थान में आंधी-बारिश और ओले गिरने से मौसम में बड़ा बदलाव हुआ है। हिल स्टेशन माउंट में शुक्रवार रात का तापमान माइनस 7 डिग्री रिकॉर्ड हुआ है। ये इस सीजन का सबसे कम तापमान है। शनिवार सुबह यहां जगह-जगह बर्फ की मोटी परत जमी नजर आई। वहीं, शेखावाटी के सीकर में भी खेतों में बर्फ जम गई। राजस्थान के अधिकतर हिस्सों में दिन का तापमान 10 डिग्री तक लुढ़क गया है। जयपुर, दौसा, अलवर सहित कई जिलों में सुबह से बर्फीली हवा चल रही है। वहीं, मौसम विज्ञान केन्द्र ने राज्य में 24 और 25 जनवरी को मौसम साफ रहने का अनुमान जताया है।

केंद्र के अनुसार 26 और 27 जनवरी को एक नया वेस्टर्न डिस्टरबेंस के एक्टिव होने की संभावना जताई है। इस सिस्टम के असर से आंधी-बारिश की संभावना है। कई इलाकों में घना कोहरा भी रह सकता है। शुक्रवार को राजस्थान के 10 से ज्यादा जिलों में बरसात हुई। कई जिलों में ओले भी गिरे। इसके असर से तापमान में बड़ी गिरावट हुई है। वहीं, पहाड़ों पर हुई बर्फबारी के कारण राजस्थान के अधिकतर हिस्से शनिवार सुबह से बर्फीली हवा की चपेट में हैं। दिन और रात के तापमान में गिरावट के कारण सर्दी बढ़ गई है। बर्फ जमने के कारण फसलों के नुकसान की भी आशंका है। वहीं, शुक्रवार को जैसलमेर, बीकानेर, बाड़मेर समेत 15 शहरों में दिन का अधिकतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस से भी नीचे दर्ज हुआ।

# हरियाणा, उत्तर प्रदेश, राजस्थान में बारिश और ओले गिरे, बिजली गिरने से आग लगी

## जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश में बर्फबारी







ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर के मैदानी और पहाड़ी जिलों में बर्फबारी हुई। श्रीनगर एयरपोर्ट पर 4 इंच तक बर्फ जम गई है, इसके कारण शुक्रवार के लिए सभी फ्लाइट कैंसिल कर दी गई हैं। उत्तराखंड के 10 जिलों में बर्फबारी से रास्ते बंद हो गए।


हिमाचल प्रदेश में इस सीजन की पहली स्नोफॉल हुई। शिमला में बर्फीला तूफान चला। इसके कारण शिमला शहर में शुक्रवार सुबह से ब्लैक आउट हो गया। शहर के 95 प्रतिशत इलाकों में बिजली गुल हो गई। तीनों राज्यों में मौसम विभाग की तरफ से ऊंचे इलाकों में एवलांच की चेतावनी जारी की गई है। उधर, उत्तर प्रदेश, हरियाणा और राजस्थान में बारिश हुई साथ ही कुछ जगह पर ओले गिरे।

## मसाज बुकिंग कैंसिल करने पर महिला से मारपीट, थेरेपिस्ट ने गाली-गलौज की

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई

मुंबई के वडाला में रहने वाली एक महिला ने महिला मसाज थेरेपिस्ट पर मारपीट का आरोप लगाया है। महिला ने एप-बेस्ड कंपनी से मसाज थेरेपिस्ट बुक किया था। असहज महसूस होने पर मसाज सेशन बीच में कैंसिल कर दिया, जिसके बाद थेरेपिस्ट ने उसके साथ गाली-गलौज और मारपीट की। पुलिस ने थेरेपिस्ट के खिलाफ नॉन-कॉग्निजेबल केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना से जुड़ा एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

पुलिस के मुताबिक, शिकायतकर्ता शहनाज सैयद ने फ्रोजन शोल्डर की समस्या के इलाज के लिए मोबाइल ऐप के जरिए मसाज सर्विस बुक की थी। महिला थेरेपिस्ट अश्विनी वतार्पी उनके घर पहुंची। शिकायत में कहा गया है कि थेरेपिस्ट के व्यवहार और उसके साथ लाए गए मसाज बेड के साइज को लेकर महिला को असहजता महसूस हुई। इसके बाद उन्होंने सेशन कैंसिल कर दिया और रिफंड की मांग करने लगी।



महिला का आरोप है कि सेशन कैंसल करने की बात सुनते ही थेरेपिस्ट नाराज हो गई। उसने पहले गाली-गलौज की और फिर घर के अंदर ही महिला के साथ मारपीट की। शिकायत के अनुसार, थेरेपिस्ट ने महिला के बाल खींचे, चेहरे पर मुक्का मारा, नाखूनों से खरोंचा और उसे धक्का देकर जमीन पर गिरा दिया। बीच-बचाव करने आए महिला के बेटे के साथ भी धक्का-मुक्की की गई। बेटे ने ही पूरा वीडियो रिकार्ड किया। मारपीट के दौरान महिला ने पुलिस हेल्पलाइन पर कॉल किया।

## दिल्ली में कैफे के अंदर युवक की गोली मारकर हत्या, एक सिर में, दो सीने में लगीं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

दिल्ली के मौजपुर इलाके में शुक्रवार रात एक कैफे के अंदर हुई फायरिंग में 24 साल के युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान फैजान उर्फ फज्जी (24) के रूप में हुई है, जो वेलकम इलाके का रहने वाला था। पुलिस के मुताबिक, घटना की सूचना रात 11:28 बजे वेलकम थाना पुलिस को मिली। पुलिस ने इठर की धारा 103(1) और आर्म्स एक्ट की धारा 25/27 के तहत मामला दर्ज किया है। आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए टीमें बनाई गई हैं। मृतक के भाई सलमान ने आरोप लगाया कि फैजान को तीन गोलियां मारी गईं। उनके अनुसार, एक गोली सिर में लगी और आर-पार निकल गई, जबकि दो गोलियां सीने में लगी थीं। उन्होंने यह भी दावा किया कि फैजान के हाथों पर कट के निशान थे, जिससे लगता है कि उसने हमलावरों का विरोध किया।

परिवार का कहना है कि फैजान ने कुछ समय पहले कर्ज लिया था। रकम न चुका पाने को लेकर एक पिता और बेटे से विवाद चल रहा था। इस मामले में भजनपुरा थाने में पहले भी शिकायत दी गई थी, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

## दिल्ली-मुंबई और बेंगलुरु में पानी की कमी, चेन्नई सूखे की कगार पर

# दुनिया की आधी आबादी जल संकट झेल रही

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

यूनाइटेड नेशंस की नई रिपोर्ट में बताया गया कि दुनिया में आधी आबादी यानी करीब 4 अरब लोग जल संकट से जूझ रहे हैं। रिपोर्ट में चेतावनी दी गई है कि दुनिया के 100 सबसे बड़े शहरों में आधे शहरों को गंभीर पानी की कमी का सामना करना पड़ रहा है। इनमें दिल्ली, बीजिंग, न्यूयॉर्क और रियो जैसे बड़े शहर शामिल हैं। रिपोर्ट के अनुसार, 39 शहरों में स्थिति बेहद गंभीर है।

रिपोर्ट में दिल्ली चौथे स्थान पर है। कोलकाता 9वें, मुंबई 12वें, बेंगलुरु 24वें और चेन्नई 29वें स्थान



पर हैं। इसके अलावा हैदराबाद, अहमदाबाद, सूरत और पुणे भी लंबे समय से पानी की कमी झेल रहे हैं।

अफगानिस्तान की राजधानी काबुल पहला आधुनिक शहर बन सकता है जहां पानी पूरी तरह खत्म हो जाए। मैक्सिको सिटी हर साल करीब 20 इंच की दर से धंस रही है क्योंकि भूमिगत जल अधिक उपयोग किया जा रहा है। अमेरिका के दक्षिण-पश्चिमी राज्यों में कोलोराडो नदी के पानी को लेकर विवाद चल रहा है।

### 4 अरब लोग पानी की कमी से जूझ रहे

रिपोर्ट के मुताबिक, नदियां और झीलें सिकुड़ रही हैं, भूमिगत जल स्तर गिर रहा है और वाटरलैंड सूख रही हैं। जमीन धंस रही है, सिंकहोल बन रहे हैं और रेगिस्तान फैल रहे हैं। हर साल करीब 4 अरब लोग कम से कम एक महीने तक पानी की कमी का सामना करते हैं।

## कर्नाटक के बेल्लारी में इखढ विधायक के मॉडल हाउस में आग

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

कर्नाटक के बेल्लारी में इखढ विधायक जी. जनार्दन रेड्डी के मॉडल हाउस में आग लगने की घटना सामने आई है। यह घटना सोमवार शाम ऋ स्क्वेयर लेआउट में हुई। आग से मॉडल हाउस को भारी नुकसान पहुंचा है। विधायक जी. जनार्दन रेड्डी के भाई और पूर्व विधायक सोमशेखर रेड्डी ने आरोप लगाया है कि यह आग कांग्रेस विधायक नारा भारत रेड्डी के समर्थकों ने जानबूझकर लगाई। उनका दावा है कि हमलावरों ने मॉडल हाउस पर पेट्रोल और डीजल डालकर आग लगाई। सोमशेखर रेड्डी ने कहा कि यह मॉडल हाउस हमारी मां के नाम पर बनाया गया था। भारत रेड्डी के समर्थकों ने पेट्रोल और डीजल डालकर इसमें आग लगा दी।

## तेजी से बढ़ रहा जंगी बेड़ा;

# ईरानी नेता बोले- खाड़ी के सभी अमेरिकी मिलिट्री बेस हमारे निशाने पर, क्या ईरान पर हमला करेगा अमेरिका

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन**

अमेरिका और ईरान के बीच लगातार तनाव बढ़ता जा रहा है। द वॉल स्ट्रीट जर्नल ने अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से बताया है कि राष्ट्रपति ट्रम्प ईरान के खिलाफ सैन्य विकल्प पर विचार कर रहे हैं।


रिपोर्ट के मुताबिक, ट्रम्प ने ऐसे सैन्य विकल्पों की मांग की है, जिनका असर ह्यनिर्णायकह्न हो। रक्षा मंत्रालय पेंटागन और व्हाइट हाउस ने इन पर काम करना शुरू कर दिया है। इनमें ईरानी शासन को सत्ता से हटाने की योजना भी शामिल है। दूसरी तरफ आज अमेरिकी जंगी बेडा वरर अब्राहम लिंकन भी मिडिल ईस्ट पहुंच सकता है। इसके चलते आशंका जताई जा रही है कि अमेरिका ईरान पर कोई अचानक सैन्य कार्रवाई कर सकता है। अमेरिकी गतिविधियों के जवाब में ईरानी सुप्रीम काउंसिल के जावेद अकबरी ने कहा है कि मिडिल ईस्ट में अमेरिका के सभी सैन्य अड्?डे ईरान के निशाने पर हैं। हमारी मिसाइलें आदेश के इंतजार में दुश्मन पर गरजने को तैयार हैं।

राष्ट्रपति ट्रम्प ने शुक्रवार को कहा कि अमेरिकी जंगी जहाज वरर अब्राहम लिंकन अरब सागर में ईरान की ओर तेजी से बढ़ रहा है। ईरान के कई शहर इसकी स्ट्राइक रेंज में हैं।

रिपोर्ट्स के मुताबिक यह अरब सागर में अमेरिकी सेंट्रल कमांड के जोन में आ चुका है। साथ ही अमेरिका का उ 37-इ एयरक्राफ्ट भी ईरान के उत्तर में तुर्कमेनिस्तान के अशगाबाद बेस पहुंच गया है। वरर अब्राहम लिंकन पहले साउथ चाइना सी में तैनात था।



### ईरान की ओर बढ़ रहा अमेरिकी जंगी बेड़ा




नोट: जंगी बेड़ा के आज ईरान पहुंचने का अनुमान है।

## जॉर्डन में फाइटर जेट्स तैनात किए

रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक वर एयरफोर्स ने जॉर्डन में कम से कम 12 ऋ- 15 फाइटर जेट्स तैनात किए हैं। अमेरिकी अधिकारियों ने बताया कि और विमान भी रास्ते में हैं। 20 से 22 जनवरी के बीच अमेरिकी उ-17 सैन्य ट्रांसपोर्ट विमान कई बार जॉर्डन के मफराक अल-खवाजा एयरबेस पहुंचे। रिपोर्ट के मुताबिक इन विमानों से पैट्रियट-3 मिसाइल डिफेंस सिस्टम लाए गए हैं। इनका मकसद इजराइल को ईरान की जवाबी कार्रवाई से बचाना है, क्योंकि तेहरान पहले ही बदले की धमकी दे चुका है। इसके अलावा हिंद महासागर में स्थित डिएगो गार्सिया स्थित अमेरिकी सैन्य अड्डे पर लगातार कार्गो विमान उतर रहे हैं। इससे आशंका जताई जा रही है कि अमेरिका संभावित सैन्य ऑपरेशन के लिए रसद और सैनिकों की तैनाती कर रहा है। एक अधिकारी ने रॉयटर्स को बताया कि मिडिल ईस्ट में अतिरिक्त एयर-डिफेंस सिस्टम तैनात करने पर भी विचार चल रहा है, ताकि इलाके में मौजूद अमेरिकी सैन्य ठिकानों को ईरान के संभावित हमले से बचाया जा सके।



## पाकिस्तान में शादी समारोह में हमलावर ने विस्फोट किया, 7 की मौत, 25 घायल

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ खैबर पख्तूनख्वा**

पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के डेरा इस्माइल खान जिले में शुक्रवार को एक शादी समारोह के दौरान आत्मघाती हमलावर ने धमाका कर दिया। इस हमले में सात लोग मारे गए और 25 घायल हो गए। हमला नूर आलम महसूद नाम के एक प्रो-गवर्नमेंट कम्युनिटी लीडर नूर आलम महसूद के घर पर हुआ। जहां शादी की खुशी मनाई जा रही थी। पुलिस के अनुसार, मेहमान नाच रहे थे तभी यह धमाका हुआ, जिससे जगह पर अफरा-तफरी मच गई। विस्फोट इतना जोरदार था कि छत ढह गई, जिससे मलबे के नीचे फंसे लोगों को बचाना मुश्किल हो गया। अधिकारियों के अनुसार, मृतकों में एक पूर्व तालिबान सदस्य भी शामिल था। बाकी मृतक उसके रिश्तेदार बताए गए हैं। शुरूआती रिपोर्ट के मुताबिक, शांति समिति के नेता वाहीदुल्लाह महसूद उर्फ जिगरी महसूद भी इस हमले में

# यूक्रेन-रूस और अमेरिका के बीच 4 साल में पहली बैठक

## मेलोनी बोली- जंग खत्म हुई तो ट्रम्प को नोबेल के लिए नॉमिनेट करूंगी

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन**

यूक्रेन, रूस और अमेरिका के बीच अबू धाबी में शुक्रवार को त्रिपक्षीय वार्ता हुई। यह बातचीत आज भी जारी रहेगी। 2022 में रूस के यूक्रेन पर हमले के बाद तीनों देशों की पहली संयुक्त बैठक है।

यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने पहले दिन के बातचीत के बाद एक बयान जारी कर कहा है कि इसके बारे में कुछ भी कहना अभी बहुत जल्दबाजी होगी। जेलेंस्की ने आगे कहा, ह्यहम देखेंगे कि कल बातचीत कैसे आगे बढ़ती है और इसके क्या परिणाम निकलते हैं।ह्न दोनों पक्ष पहले भी कह चुके हैं कि जमीन का सवाल सबसे अहम है। खास तौर पर पुतिन की मांग है कि यूक्रेन डोनेत्स्क क्षेत्र का वह 20 प्रतिशत हिस्से पर दावेदारी छोड़ दे जिस पर उसका अब भी नियंत्रण है।

जेलेंस्की ने यह साफ कर दिया है कि 2022 से भारी नुकसान झेलते हुए जिस जमीन की रक्षा यूक्रेन ने की है, उसे वह नहीं छोड़ेगा। इसके साथ ही यूक्रेन अमेरिका से सुरक्षा गारंटी की मांग कर रहा है। संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल-नाहयान ने अबू धाबी के अल-शाती पैलेस में अमेरिका, रूस और यूक्रेन के बीच त्रिपक्षीय वार्ता में भाग लेने वाले प्रतिनिधिमंडलों के चीफ से मुलाकात की।



## ट्रम्प ने दावोस में जेलेंस्की से एक घंटे बात की थी

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने गुरुवार को दोवास में जेलेंस्की से बात की थी। यह बैठक बंद कमरे में हुई और लगभग एक घंटे तक चली। इसके बाद उन्होंने मीडिया से कहा कि पुतिन के लिए मेरा साफ संदेश है कि यूक्रेन जंग खत्म होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि जेलेंस्की के साथ उनकी बातचीत अच्छी रही। हालांकि उन्होंने यह नहीं बताया कि किन मुद्दों पर बात हुई। इससे एक दिन पहले ट्रम्प कह चुके थे कि युद्ध खत्म करने का समझौता अब काफी नजदीक है। ट्रम्प ने कहा कि जेलेंस्की से आज की बातचीत एक चल रही प्रोसेस का हिस्सा है। उन्होंने यह भी बताया कि अमेरिका के प्रतिनिधि गुरुवार को रूस की राजधानी मॉस्को में बातचीत के लिए जा रहे हैं।

## ट्रम्प के गाजा पीस बोर्ड को लेकर घिरे पाकिस्तानी PM




### विपक्ष बोला- ट्रम्प को खुश करने के लिए इससे जुड़े शहबाज

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ इस्लामाबाद**

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने गुरुवार को दावोस में अमेरिका के ह्यबोर्ड ऑफ पीसह्न के चार्टर पर साइन किए हैं। इस बोर्ड को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की अगुवाई में गाजा में शांति कायम करने और फिर से बसाने के लिए बनाया गया है। मीडिया डॉन के मुताबिक ऐसा कर-के शहबाज शरीफ अपने ही घर में घिर गए हैं। पाकिस्तान में विपक्षी पार्टियों ने उनके फैसले का विरोध किया है और इसे पाकिस्तान के लिहाज से गलत बताया है। प्रसिद्ध पत्रकार और लेखक जाहिद हुसैन ने कहा कि पाकिस्तान ने जल्दबाजी में यह कदम उठाया है।

हुसैन ने कहा कि PM को दूसरों के फैसलों का इंतजार करना चाहिए था। उन्होंने इसे ट्रम्प की जोखिम भरी नीति का हिस्सा बताया और कहा कि यह बोर्ड यूनाइटेड नेशन (वठ) के जैसा एक संगठन बन रहा है, जो वैश्विक व्यवस्था के लिए खतरा है। हुसैन ने कहा कि यह बस एक अमीरों का क्लब बन रहा है।

### ट्रम्प की गुड बुक्स में रहने के लिए गाजा पीस बोर्ड से जुड़ा पाकिस्तान


लेखक हुसैन ने चिंता जताई कि पाकिस्तान ट्रम्प की गुड बुक्स में रहने के लिए उनकी नीतियों का पालन कर रहा है। एक जिम्मेदार देश की विदेश नीति ऐसी नहीं होती। बोर्ड में इजराइल और अब्राहम समझौते करने वाले देश शामिल हैं, लेकिन फिलिस्तीनियों का कोई प्रतिनिधित्व नहीं है। उन्होंने इसे ह्यविनाशकारी कदमह्न करार दिया। उन्होंने पूछा कि क्या पाकिस्तान हमास को हथियार छोड़ने पर मजबूर करने के लिए तैयार है। उन्होंने आशंका जताई कि अमेरिकी जनरल के नेतृत्व में गाजा में फोर्स तैनात हो सकता है और पाकिस्तानी सैनिकों को फिलिस्तीनी प्रतिरोध से लड़ना पड़ सकता है। संसद में विपक्षी नेता अल्लामा राजा नासिर अब्बास ने एक्स पर पोस्ट कर इसे नैतिक रूप से गलत और अस्वीकार्य बताया। उन्होंने कहा कि यह बोर्ड फिलिस्तीनियों से उनका अधिकार छीन रहा है।

यह फिलिस्तीनियों के आत्मनिर्णय के अधिकार को कमजोर करेगा और वठ को हाशिए पर धकेलने की कोशिश है। पाकिस्तान, जो कश्मीर जैसे मुद्दों पर वठ के प्रस्तावों पर जोर देता है, इस तरह की पहल में शामिल होकर अपनी विश्वसनीयता खो रहा है। तहरीक-ए-तहफ्फुज के नेता मुस्तफा नवाज खोखर ने बिना संसद या सार्वजनिक बहस के इस बोर्ड में शामिल होना सरकार की मनमानी को दिखाता है। उन्होंने इसे औपनिवेशिक परियोजना (किसी शक्तिशाली देश का दूसरे देश पर कब्जा) बताया और कहा कि बोर्ड का चार्टर ट्रम्प को अत्यधिक शक्तियां देता है। खोखर के मुताबिक, बोर्ड के सदस्य को ट्रम्प शामिल या हटा जा सकते हैं और उनके पास वीटो का अधिकार भी होगा। खोखर ने सवाल उठाया कि अगर यह बोर्ड ईरान जैसे किसी देश के खिलाफ कार्रवाई का फैसला करता है, तो पाकिस्तान क्या करेगा। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान खुद को ऐसे खतरनाक जिम्मेदारियों से बांध रहा है।

जेल में बंद पूर्व पीएम इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (ढळक) के नेताओं का कहना है कि इतना जरूरी अंतरराष्ट्रीय फैसला लेने से पहले सभी पार्टियों से सलाह लेनी चाहिए थी। ढळकका कहना है कि अंतरराष्ट्रीय शांति प्रयासों को वठ की मौजूदा व्यवस्था को मजबूत करना चाहिए न कि उसके जैसी कोई नई संरचना बनानी चाहिए। पार्टी ने सरकार से मांग की है कि वह ह्यबोर्ड ऑफ पीसह्न में पाकिस्तान की सदस्यता फिलहाल वापस ले और इस मुद्दे पर संसद की निगरानी में फिर से चर्चा की जाए, जिसमें इमरान खान को भी शामिल किया जाए। ढळकने कहा कि वह फिलिस्तीनी जनता के समर्थन में है, लेकिन फिलिस्तीन के लोगों की इच्छा के खिलाफ किसी भी योजना को स्वीकार नहीं करेगी। इस फैसले पर राष्ट्रीय जनमत संग्रह या रेफरेंडम कराने की मांग भी की गई है।

## अंतर ढूंढो...





## सूडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 6 | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 2 | | | | 9 | | 7 | |
| 4 | | | 1 | 6 | | | | 2 |
| | | 8 | | | 2 | | 3 | |
| 1 | | 4 | | | | 2 | | 5 |
| | 3 | | 5 | | | 8 | | |
| 7 | | | | 9 | 5 | | | 3 |
| | 8 | | 6 | | | | 4 | |
| 6 | | 2 | | 7 | | 5 | | 1 |

## पिछले सुडोकू का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |

## वर्ग पहेली

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | ■ | 4 | | 5 | 6 |
| 7 | | ■ | 8 | | | ■ | 9 | |
| | ■ | ■ | | ■ | 10 | 11 | ■ | |
| 12 | | 13 | ■ | 14 | | | | |
| ■ | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | ■ |
| 15 | | | 16 | | ■ | 17 | | 18 |
| | ■ | 19 | | ■ | 20 | ■ | ■ | |
| 21 | 22 | ■ | 23 | | | ■ | 24 | |
| 25 | | | | ■ | 26 | | | |

### बाएं से दाएं

1. पैगंबर, खुदाई रहनुमा-2
4. कारगुजारी, करिश्मा-4
7. दौड़ना (अंग्रेजी-2)
8. पासे फेंक कर भविष्य जानने की विद्या-3
9. गहराई-2
10. राय, वोट-2
12. आलीशान, उदार-3
14. नकारना, इंकार करना-2, 3
15. चोरी करना-2, 3
17. राशन, खाद्य सामग्री-3
19. गन्ना-2
21. हर रोज, प्रतिदिन-2
23. वाद्य बजाने वाला-3
24. शारीरिक ऊंचाई-2
25. जहां ताजिए दफन करते हैं-4
26. महीन व मूल्यवान कपड़ा-4

### ऊपर से नीचे

1. हमेशा, हर पल, सदैव-4
2. जनता, लोक-2
3. द्रव पदार्थ-3
4. नागपुर के पास का एक कस्बा जहां जापान के सहयोग से भव्य बौद्ध मंदिर बना है-4
5. और, एवं-2
6. मन भटकाना-4
11. झगड़ा, कहासुनी-4
13. कोमलता-4
14. राजी करना-3
15. सहखिलाड़ी-4
16. चौकीदार, प्रहरी-4
18. कीचड़-4
20. नगद राशि-3
22. पानी से सराबोर-2
24. थोड़ा, जरा-2

## पिछले वर्ग पहेली का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] | ■ | [illegible] | ■ | ■ |
| ■ | [illegible] | ■ | [illegible] | ■ | [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] |
| [illegible] | [illegible] | [illegible] | ■ | [illegible] | [illegible] | [illegible] | ■ | [illegible] |
| ■ | [illegible] | [illegible] | [illegible] | ■ | [illegible] | ■ | [illegible] | [illegible] |
| [illegible] | ■ | [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] | ■ | [illegible] |
| [illegible] | [illegible] | ■ | [illegible] | ■ | [illegible] | [illegible] | [illegible] | ■ |
| [illegible] | ■ | [illegible] | [illegible] | [illegible] | ■ | [illegible] | [illegible] | [illegible] |
| [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] | ■ | [illegible] | ■ | [illegible] | ■ |
| ■ | ■ | [illegible] | ■ | [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] | ■ |

## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 145 | | 31 | | 32 | | 50 | = | 94 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 60 | | 30 | | 20 | | 25 | = | 25 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 50 | | 44 | | 24 | | 15 | = | 15 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 10 | | 5 | | 40 | | 15 | = | 25 |
| = | ■ | = | ■ | = | ■ | = | ■ | = |
| 45 | | 40 | | 36 | | 25 | = | 59 / 16 |

## शब्दों का जाल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सु | रा | मा | त | र | र | अ | ट | गु | क | वि |
| दी | बी | सू | ह | का | ल | जी | दि | ल | को | ज |
| वा | र | ल | द | अं | त | त | मा | मो | ल | य |
| सं | वि | दा | ना | ल | क | वा | हा | ह | व | म |
| दा | ज | न | प | व | म | है | डी. | म्म | सी | यें |
| दि | य | य | स | जि | स्क | क | इ | द | म | ट |
| वे | ह | वु | मां | या | म | र | ह | र | जा | श |
| श | जा | व | ला | ज | र | सी | डी. | ट | फ | धी |
| मौं | रे | त | सू | ह | रे | दा | बे | जे. | र | र |
| मि | ल | च | त्त | र | ट | क | वें | न | गां | थ |
| या | र | म | न | लां | वा | इ | र | म्हे | ह | पी |

## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 2 | | 3 | 5 | 1 | |
| 2 | 32 | 4 | 39 | 7 | 34 | 4 |
| | 1 | | 4 | | 5 | 2 |
| | 30 | 3 | 38 | 6 | 31 | |
| 1 | 2 | | 6 | | 7 | |
| 3 | 27 | 2 | 25 | 1 | 31 | |
| | 6 | 1 | 4 | | 3 | 5 |

## रंग भरकर चित्र बनाओ



## रास्ता खोजों...




## रंग भरकर चित्र बनाओ



# यूरोप की सबसे ताकतवर फ्रांस-जर्मनी की जोड़ी टूटने के करीब

द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से जर्मनी और फ्रांस यूरोप की सबसे ताकतवर जोड़ी मानी जाती रही है। लेकिन अब इसमें दरार आने लगी है। यूरो न्यूज के मुताबिक जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज अब इटली की दक्षिणपंथी प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी के साथ दोस्ती बढ़ा रहे हैं। मर्ज ने इसका इशारा दावोस में वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम के मंच से ही कर दिया था। उन्होंने कहा कि 23 जनवरी को रोम में होने वाली इटली-जर्मनी समिट में वह और मेलोनी मिलकर यूरोपीय यूनियन को बेहतर और अलग तरीके से चलाने के लिए कुछ नए सुझाव सामने रखेंगे। अमेरिकी वेबसाइट द पॉलिटिको के मुताबिक मर्ज-मेलोनी दोनों ही दक्षिणपंथी सोच वाले हैं, अमेरिका के साथ रिश्तों को जरूरी मानते हैं और ट्रम्प के साथ टकराव से बचना चाहते हैं। इसके अलावा दोनों की फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से कुछ न कुछ नाराजगी भी है। यही वजह है कि पहले जर्मनी यूरोपीय नीति तय करने के लिए फ्रांस की ओर देखता था। लेकिन अब व्यापार, उद्योग और अमेरिका से रिश्तों जैसे मुद्दों पर आगे बढ़ने के लिए इटली के साथ खड़ा दिख रहा है।



## मेलोनी के साथ दोस्ती बढ़ा रहे जर्मन चांसलर, मैक्रों से क्यों हुए नाराज



**जर्मनी का कहना है कि सालों की बातचीत के बाद यह समझौता तैयार हुआ लेकिन फ्रांस घरेलू राजनीति और किसानों के दबाव में इसे रोक रहा**

### ट्रेड डील से फ्रांस-जर्मनी के बीच मनमुटाव बढ़ा

रिपोर्ट के मुताबिक मर्ज का मेलोनी की ओर झुकाव आंशिक रूप से फ्रांस से नाराजगी की वजह से है। जर्मनी इस बात से खफा है कि फ्रांस ने दक्षिण अमेरिका के साथ होने वाले मकोर्सुर ट्रेड डील को कमजोर करने की कोशिश की।

मकोर्सुर दक्षिण अमेरिका का एक क्षेत्रीय व्यापार समूह है। इसमें ब्राजील, अर्जेंटीना, उरुग्वे, पराग्वे जैसे देश शामिल हैं। यूरोपीय




यूनियन (एव) इन देशों के साथ फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (ऋछअ) करना चाहता है। जर्मनी की इकोनॉमी निर्यात पर टिकी है। उसे इस समझौते में ज्यादा फायदा नजर आ रहा है। वहीं, फ्रांस इस समझौते का विरोध कर रहा है। फ्रांस में किसान बहुत बड़े राजनीतिक ताकत रखते हैं। किसान संगठनों को लगता है कि दक्षिण अमेरिका से सस्ता अनाज, डेयरी, बीफ के आयात से उनकी इंडस्ट्री तबाह हो जाएगी। मैक्रों सरकार को किसानों के नाराज होने का डर है। इस वजह से वे मकोर्सुर डील को टालमटोल कर रहे हैं।

### मर्ज ने मेलोनी को बनाया नया यूरोपीय साथी

जर्मनी का अहम अखबार हांडेल्सब्लाट के मुताबिक मेलोनी अब मर्ज के लिए ह्यतेजी से अहम सहयोगीह्व बनती जा रही हैं। दोनों नेताओं का रवैया अमेरिका के साथ टैरिफ और ग्रीनलैंड जैसे मुद्दों पर फ्रांस से अलग है। वे अमेरिका के साथ ट्रेड वॉर नहीं चाहते।

इटली के पूर्व राजदूत पिएत्रो बेनासी का कहना है कि,ह्लमेलोनी और मर्ज, ट्रम्प से बातचीत के लिए सबसे ज्यादा खुले रुख वाले यूरोपीय नेता रहे हैं। ट्रम्प के अचानक फैसलों ने इटली और जर्मनी को और करीब ला दिया है ह्व मेलोनी के सहयोगी नेताओं का आरोप है कि मैक्रों, ट्रम्प के मामले में दो चेहरे दिखाते हैं। सार्वजनिक मौके पर वे ट्रम्प के सामने खुद को सख्त दिखाने की कोशिश करते हैं और यूरोप को अमेरिका पर निर्भर न होने की वकालत करते हैं। लेकिन पर्दे के पीछे उनके साथ उनसे बेहतर रिश्ता रखने की कोशिश करते हैं। पिछले दिनों ट्रम्प ने मैक्रों का प्राइवेट मैसेज लीक कर दिया था। इसमें मैक्रों, ट्रम्प से रिश्ते संभालने की कोशिश करते हुए दिखाई दे रहे हैं।

## फाइटर जेट प्रोजेक्ट को लेकर भी विवाद बढ़ा



मकोर्सुर के अलावा दोनों देशों के बीच 100 अरब यूरो (10.7 लाख करोड़) के एक फाइटर जेट प्रोजेक्ट को लेकर भी विवाद है। इस प्रोजेक्ट का नाम फ्यूचर कॉम्बैट एयर सिस्टम (ऋछअर) है। यह एक पूरा एरियल वॉरफेयर सिस्टम है।ऋछअर में छठी पीढ़ी का लड़ाकू विमान, अक आधारित कमांड सिस्टम, सैटेलाइट और रडार नेटवर्क और इलेक्ट्रॉनिक वॉरफेयर सिस्टम जैसी एडवांस तकनीक शामिल हैं। यह सिस्टम 2040 के बाद फ्रांस के राफेल और जर्मनी-स्पेन के यूरोफाइटर की जगह लेने वाला है। 3 देशों के इस प्रोजेक्ट में फ्रांस और जर्मनी के बीच मतभेद हैं। फ्रांस चाहता है कि फाइटर जेट की डिजाइन और कंट्रोल उसके पास रहे। वहीं, उसकी कंपनी डसॉल्ट एविएशन को अहम भूमिका मिले। वहीं, जर्मनी इस प्रोजेक्ट में बराबर की हिस्सेदारी चाहता है और अपने देश की कंपनी एयरबस के लिए भी बराबर का अधिकार मांग रहा है।



### मर्ज-मेलोनी की बढ़ती नजदीकी, रणनीति से ज्यादा मजबूरी

मेलोनी ने दिसंबर 2025 में रूस की फ्रीज की हुई संपत्तियों से यूक्रेन की मदद करने के मर्ज के प्रस्ताव का समर्थन नहीं



किया था। वित्तीय नीतियों पर भी दोनों देशों में मतभेद रहे हैं। इटली नरम बजट नीति चाहता है, जबकि जर्मनी लंबे समय से खर्च में सख्ती का समर्थक रहा है। फिर भी हाल के दिनों में यहां भी कुछ नजदीकी दिखी है। मेलोनी ने इटली में खर्च घटाया है, जबकि मर्ज ने जर्मनी में बुनियादी ढांचे और रक्षा पर कर्ज लेकर खर्च बढ़ाने की मंजूरी दी है। विशेषज्ञ मानते हैं कि यह गठजोड़ काफी हद तक राजनीतिक मजबूरी और आपसी फायदे पर टिका है। इटली की मेलोनी और जर्मनी के मर्ज, दोनों ने अपनी घरेलू राजनीति में बदलाव किए हैं, जिससे वैचारिक तौर पर वे एक-दूसरे के करीब आए हैं। हालांकि पूर्व राजनयिक स्टेफानो स्टेफानिनी चेतावनी देते हैं,ह्लयह गठबंधन रणनीतिक से ज्यादा तात्कालिक है।

■ वर्ष-12 अंक-83 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश | छत्तीसगढ़ | गुजरात | महाराष्ट्र | राजस्थान | उत्तरप्रदेश | उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, शनिवासरः 24 जनवरी, 2026

## सुभाषितानि

**श्रीर्वर्चस्वमायुष्यमारोग्यमाविधाच्छोभमानं महीयते।
धनं धान्यं पशुं बहुपुत्रलाभं शतसंवत्सरं दीर्घमायुः॥**

**भावार्थ** : भगवती महालक्ष्मी मानव के लिये ओज, आयुष्य, आरोग्य, धन-धान्य, पशु, अनेक पुत्रों की प्राप्ति तथा सौ वर्ष के दीर्घ जीवन का विधान करें और मानव इनसे मण्डित होकर प्रतिष्ठा प्राप्त करे।

**ऋणरोगादिदारिद्र्यपापक्षुदपमृत्यवः।
भयशोकमनस्तापा नश्यन्तु मम सर्वदा॥**

**भावार्थ** : ऋण, रोग, दरिद्रता, पाप, क्षुधा, अपमृत्यु/अकाल मृत्यु, भय, शोक तथा मानसिक ताप आदि ये सभी मेरी बाधाएँ सदैव के लिये नष्ट हो जाएँ।

## विशेषसशस्त्रसेनायाः बालाघाटजिल्लापुलिसबलस्य

ब्रह्मास्त्र ›› भोपाल

अत एव तेषां पदोन्नतिः प्राप्ता। पुलिस मुख्यालयस्य अनुसारं एते सर्वे जवानाः विशेषसशस्त्रसेनायाः बालाघाटजिल्लापुलिसबलस्य च सन्ति। प्रतिबन्धितमाओवादीसङ्गठनस्य जीआरबीविभागस्य मलाजखण्डदलस्य चत्वारि क्षेत्रसमित्याः सदस्यान् मुठभेडे मारयित्वा तेषां कायार्णां कृते एतेषां कर्मचारिणां सम्मानः क्रियते। हतानां नक्सलीनां मध्ये रीता उर्फ तुब्बी श्रीरङ्ग हिदामी (पतिः चण्डु उर्फ देवचन्दः), सुमनः, इमाला उर्फ तुलसी, रवि मदवी उर्फ बद्रेको च सन्ति। एकस्य हवलदारस्य पदोन्नतिलिफाफं सम्प्रति सीलबद्धम् अस्ति बालाघाटमण्डलस्य लान्जी थानाक्षेत्रे मुख्यहवालदारस्य संतकुमारधूर्वे इत्यस्य विरुद्धे प्रकरणस्य रजिस्ट्रेशनस्य कारणेन सम्प्रति प्रमोशनलिफाफः सीलितः अस्ति।

## सम्पादकीयम्

### एतादृशाः 'दिनचर्या' कार्याणि उत्तरदायीभ्यः

कर्म न पर्याप्तम्। राज्यसर्वकारेण नगरनिगम-आयुक्ताय कारण-प्रदर्शन-सूचना जारीकृता, अतिरिक्त-नगरपालिका-आयुक्तं इन्दौर-नगरात् निष्कासितम्, अधीक्षक-इञ्जिनीयरस्य उत्तरदायित्वं च हृतम्। परन्तु एतत् पर्याप्तम् वा? एतादृशाः 'दिनचर्या' कार्याणि उत्तरदायीभ्यः पाठं न शिक्षयन्ति, अपितु पीडितानां उपहासं कुर्वन्ति। उपरितः अधः यावत् सवेषां कृते उत्तरदायित्वं निश्चितं भवितुमर्हति। सुधारस्य आवश्यकता अस्ति। इन्दौर-नगरस्य भागीरथपुरा-नगरस्य घटना अपि अत्यावश्यक-नागरिक-सुविधानां अभावं दर्शयति। अद्यत्वे अपि देशे प्रतिलक्षजनसंख्यायां दूषितपेयजलस्य कारणेन समासे प्रायः ३५ जनाः म्रियन्ते। एतत् वैश्विकसरासरीयाः प्रायः त्रिगुणं भवति। यद्यपि जलजीवनमिशन इत्यादीनि अभियानानि सर्वकारेण आरब्धानि, यत् प्रायः ८१% ग्रामीणगृहेभ्यः नलजलं प्रदत्तम् इति दावान् करोति तथापि अद्यापि सुधारस्य महती आवश्यकता वर्तते आव्हानं केवलं वर्धते एव। भारतेन २०४७ तमवर्षपर्यन्तं विकसितदेशानां पङ्क्तौ सम्मिलितुं लक्ष्यं निर्धारितम्, परन्तु प्रथमं सामान्यजनानाम् मूलभूतानाम् आवश्यकतानां पूर्तिः अवश्यं करणीयः। भारतस्य जनसंख्या २०५० तमे वर्षे १.७ अर्बं यावत् भविष्यति इति अनुमानं भवति, येन जलसम्पदां उपरि अपि अधिकं दबावः भवति। एतस्य आव्हानस्य सामना कर्तुं देशस्य जलप्रबन्धनव्यवस्थायाः उन्नतिः आवश्यकी अस्ति।

## वण्डे भारत स्लीपर रेलयानस्य अन्तःभागस्य विषये

# रेडिट् इत्यत्र तस्य डिजाइनस्य भाडा च विषये उष्णविमर्शः उत्पन्नः अस्ति



ब्रह्मास्त्र ›› नव देहली

भारतीयरेलवे-संस्थायाः प्रथमा वण्डेभारतस्लीपर-रेलयानस्य प्रक्षेपणेन अस्य अन्तःभागः देशे सर्वत्र चचार्याः विषयः अभवत्। अद्यत्वे सामाजिकमाध्यममञ्चे इत्यत्र सर्वाधिकं बहसः विषयः अस्य अत्याधुनिकस्य रेलयानस्य आन्तरिकविन्यासस्य, आरामस्य, यात्रिकाणां अनुभवस्य च विषये अस्ति, यत् हावड़ा-कामाख्यमार्गे कार्यं आरब्धवान् रेलयानस्य आन्तरिकस्य छायाचित्रं लघुविडियोक्लिप् च द्रुतगत्या साझां क्रियते, यत्र एर्गोनॉमिक बर्थ्, मृदुः परिवेशप्रकाशः, स्लीपरकोचानां कृते नवनिर्मितं सोपानं च प्रकाशितं भवति यदा बहवः उपयोक्तारः भारतीयरेलवे-संस्थायाः स्लीपर-अनुभवे ऐतिहासिक-परिवर्तनम् इति प्रशंसन्ति, तदा अन्ये सामान्ययात्रिकाणां कृते अस्य भाडा-सुलभतायाः विषये प्रश्नान् उत्थापयन्ति।

रेडिट् इत्यत्र साझाः क्रियमाणाः छायाचित्राः स्पष्टतया दर्शयन्ति यत् वण्डे भारतस्लीपर-प्रशिक्षकाः पारम्परिक-स्लीपर-रेलयानेभ्यः सर्वथा भिन्नम् अनुभवं प्रदातुं प्रयतन्ते बर्थ्स् शरीरस्य दबावं सन्तुलितरूपेण अवशोषयितुं निर्मिताः सन्ति, येन दीर्घदूरयात्रायां क्लान्तता न्यूनीभवति। उपयोक्तारः निवेदयन्ति यत् बर्थविस्तारः गद्दागुणवत्ता च पूर्वभारतीयस्लीपररेलयानेषु दृष्टाभ्यः श्रेष्ठा अस्ति। अनेकाः पोस्ट्-पत्राणि अपि टिप्पणीं कुर्वन्ति यत् शयन-उपविष्टयोः स्थितियोः मनसि कृत्वा निर्मितः अयं विन्यासः वृद्धानां बालकानां च कृते अधिकं आरामदायकः भवितुम् अर्हति।

रेलयानस्य अन्तः प्रकाशः अपि चचार्याः विषयः अभवत्। रेडिटस् इत्यस्य मते मृदुप्रकाशः न केवलं नेत्राणि शान्तयति अपितु रात्रौ शान्तं प्रीमियमं च वातावरणं निर्माति। केचन उपयोक्तारः एतत् होटेल-सदृशं भावः इति वर्णितवन्तः, अन्ये तु टिप्पणीं कृतवन्तः यत् भारतीय-स्लीपर-रेलयाने एतादृशं विचारणीयं प्रकाशं प्रथमवारं प्रयुक्तम् रात्रौ आव्हानात्मकं भवितुम् अर्हति इति व्यक्तिगतप्रकाशानां व्यवस्था अपि प्रशंसिता अस्ति। यत् डिजाइन-तत्त्वं सर्वाधिकं प्रशंसां प्राप्तवान् तत् अस्ति स्लीपर-बर्थ्स्थानानि प्रति गच्छन्ति नूतनानि सोपानानि। पारम्परिकरेलयानेषु उपरितनबर्थ्-स्थानेषु आरोहणं प्रायः यात्रिकाणां कृते विशेषतः वृद्धानां महिलानां च कृते आव्हानात्मकं जातम्। वन्दे भारतस्लीपरस्य सोपानं दृढपरिग्रहं दातुं डिजाइनं कृतम् अस्ति, येन आरोहणं अवरोहणं च तुल्यकालिकरूपेण सुरक्षितं सुलभं च भवति रेडिट् इत्यत्र बहवः उपयोक्तारः एतेषां सोपानानाम् छायाचित्रं साझां कृतवन्तः, लिखितवन्तः यत् एषः परिवर्तनः लघुः इव भासते चेदपि यात्रिकाणां अनुभवे महत्त्वपूर्णं परिवर्तनं कर्तुं शक्नोति इति।

## वाशिङ्गटन-सुन्दरस्य

### बहिष्कारस्य अनन्तरं चयनसमित्या लेग्-स्पिनरं

ब्रह्मास्त्र ›› नव देहली

न्यूजीलैण्ड्-विरुद्धे प्रथमे एकदिवसीय-क्रीडायां वाशिङ्गटन-सुन्दरः स्वस्य अधः पृष्ठपार्श्वयोः असुविधां अनुभवति स्म स्कैन् कृत्वा विशेषज्ञेन सह परामर्शं कृत्वा तस्य पार्श्वतनावस्य निदानं जातम्, कतिपयदिनानि यावत् विश्रामं कर्तुं सल्लाहः दत्तः अस्ति। सः अधुना अधिकचिकित्सायाः पुनवार्सार्थं च बीसीसीआई उत्कृष्टताकेन्द्रे प्रतिवेदनं दास्यति।

वाशिङ्गटन-सुन्दरस्य बहिष्कारस्य अनन्तरं चयनसमित्या लेग्-स्पिनरं रवि बिश्नोइ इत्यस्य स्थाने तस्य स्थाने समावेशः कृतः अस्ति। रवि बिश्नोई द्रुतगति-आक्रामक-पद-स्पिन्-कृते प्रसिद्धः अस्ति, पूर्वं च टी-२० प्रारूपे स्वस्य योग्यतां सिद्धं कृतवान्। अपि च, श्रेयस अय प्रथमत्रिषु टी-२०-क्रीडासु टीमे योजितः अस्ति, तस्य स्थाने आहत-तिलक-वर्मा-इत्यस्य स्थाने, यः मध्यक्रमस्य बलं दास्यति इति अपेक्षा अस्ति न्यूजीलैण्ड्-विरुद्धम् अस्याः टी-२०-श्रृङ्खलायाः कृते भारतीयदलस्य अनुभवस्य, युवानां उत्साहस्य च उत्तमः मिश्रणः अस्ति। सूर्यकुमारयादवः कप्तानरूपेण दलस्य नेतृत्वं करिष्यति, अक्षरपटेलः उपकप्तानः भविष्यति। अभिषेकशर्मा, संजू सैमसन, हार्दिकपाण्ड्या, शिवमदुबे, रिंकुसिंह इत्यादयः आक्रामकाः बल्लेबाजाः जसप्रीतबुमराह, आर्षदीपसिंहः, कुलदीपयादवः, वरुणचक्रवर्ती इत्यादयः गेन्दबाजाः च दलस्य संतुलनं ददति। अस्मिन् सम्पूर्णे परिदृश्ये अभिषेकशर्मा प्रमुखः खिलाडी भविष्यति। दिग्गजानां प्रशंसा, निरन्तरसांख्यिकीयप्रदर्शनेन च सः एकः खिलाडी इति स्थापितः यस्य विषये भारतीयक्रिकेटस्य भविष्यस्य महती आशा वर्तते। न्यूजीलैण्ड्-सदृशस्य सशक्तस्य दलस्य विरुद्धं एषा श्रृङ्खला न केवलं अभिषेकशर्मा, अपितु सम्पूर्णस्य भारतीयदलस्य कृते।

## राशिफल

**मेष** : आर्थिक रूप से स्थिर रहें और दीर्घकालिक योजना पर भरोसा रखें। समय पढ़ाई-लिखाई और नई चीजें सीखने में मन लगेगा।

**वृषभ** : आज इस राशि के लोगों को अपने कार्यों पर फोकस करना है, आपका मन भटकता है, तो आपको मेडिटेशन करनी चाहिए।

**मिथुन** : आपको इस समय लंबे समय की ना सोचकर अभी के निवेश और सेविंग पर फोकस करना है।

**कर्क** : निवेश के अच्छे ऑप्शन मिलेंगे, इसलिए आपको इस समय अलर्ट रहना है। आपके लिए पर्सनल लाइफ में भी अच्छे पल हैं।

**सिंह** : आर्थिक रूप से, पुरानी बातों को भूलकर वर्तमान पर फोकस करें। आगे बढ़ते रहें। इस समय हेल्थ का भी ध्यान रखें।

**कन्या** : चीजें आपके लिए बेहतर होंगी, इसलिए मन को छोटा ना करें। हेल्थ को लेकर समय कुछ इश्यूज आ सकते हैं।

**तुला** : इस समय प्रोफेशनल और पर्सनल लाइफ में बैलेंस लाने की कोशिश करें। कार्यक्षेत्र में, प्रगति भी ठीक ठाक है।

**वृश्चिक** : रिश्तों में, समझदारी के छोटे-छोटे पल आपके दिल को खुश करेंगे। पर्सनल लाइफ में पार्टनर से बनेगी।

**धनु** : आपका पैसा फंस सकता है। जो अभी चल रहा है उसे स्वीकार करना ही चाहिए, इससे आप चीजों से अछ्छे से डील कर पाएंगे।

**मकर** : रिश्तों में, झगड़ों से बचें। आपको शांत रहकर चीजों को सुलझाना है। आर्थिक मामलों में समय लें।

**कुंभ** : अगर आपको सही लगे तो आप बस 'नहीं' कह सकते हैं। आर्थिक रूप से, उन फिजूलखर्ची से बचें।

**मीन** : बिजनेस में आपको आगे बढ़ने के बारे में सोचना चाहिए और लंबे समय के लिए प्लानिंग करनी चाहिए।

## ज्योतिष/वास्तु

# गुरु होंगे मार्गी, इन राशियों के लिए शुभ और अचानक धन लाभ में वृद्धि के योग

मार्च माह में देवगुरु बृहस्पति मार्गी होंगे। गुरु के मार्गी होने पर कई राशियों पर व्यापक प्रभाव देखने को मिलेगा।

ज्योतिष में ग्रहों की चाल का विशेष महत्व होता है। देवगुरु बृहस्पति को ज्ञान, शिक्षक, धन, दान, शिक्षक, संतान और धार्मिक कार्यों का कारक माना जाता है। गुरु एक राशि में करीब 13 महीनों तक रहते हैं फिर इसके बाद राशि परिवर्तन करते हैं। ज्योतिष में गुरु की चाल और राशि बदलने को विशेष महत्व होता है। जब-जब गुरु की चाल में बदलाव आता है इसका व्यापक असर देश-दुनिया के साथ-साथ सभी पर भी देखने को मिलता है। आपको बता दें कि मार्च महीने में देवगुरु मार्गी होने वाले हैं। यानी गुरु सीधी चाल



चलने वाले हैं। गुरु के मार्गी होने पर कुछ राशि वालों के लिए बहुत ही लाभकारी साबित हो सकता है। इससे धन-दौलत में वृद्धि, मान-सम्मान में इजाफा हो सकता है। आइए जानते हैं गुरु के मार्गी होने पर कौन-कौन सी राशियां होंगी भाग्यशाली।

**वृषभ राशि** – वृषभ राशि वालों के लिए गुरु का मार्गी होना शुभ और सकारात्मक साबित हो सकता है। मार्च में गुरु के मार्गी होने पर यह आपके दूसरे यानी धन भाव में माग्री होंगे। ऐसे में आपको अचानक से धन लाभ के योग हैं। इससे आपको तनाव से मुक्ति मिलेगी और मान-सम्मान में इजाफा देखने को मिलेगा। इस दौरान आपका कई से फंसा हुआ धन वापस मिल सकता है जिससे आर्थिक स्थिति में सुधार देखने को मिलेगा।

**सिंह राशि** – देवगुरु बृहस्पति का मार्गी होना सिंह राशि वालों के लिए बहुत ही लाभकारी साबित हो सकता है। गुरु आपकी राशि से ग्यारहवें भाव में मार्गी होंगे जिससे आपकी आय में जबरदस्त वृद्धि के योग बनेंगे। इस दौरान आय के नए-नए स्त्रोतों में वृद्धि के योग बन सकते हैं। आपके द्वारा किए गए निवेश से आपको लाभ मिल सकता है। व्यापार से जुड़े लोगों को लाभ कमाने का बेहतर अवसर मिल सकता है। धार्मिक गतिविधियों में भाग लेने का अवसर मिलेगा। अचानक से आय में बढ़ोतरी होगी जिससे आपकी आर्थिक स्थिति में इजाफा देखने को मिलेगा।

## खबर एक नजर...

### दिल्ली से कर्नाटक जा रहे कंटेनर से जूते-जींस के बॉक्स चोरी

**उज्जैन।** दिल्ली से कर्नाटक के लिये कंटेनर में जूते और जींस के बॉक्स भरकर चालक रोबिन पिता मोरमल निवासी नूह मेवात हरियाणा निकला था। उज्जैन–आगररोड पर श्री शांती ढाबा के पास अज्ञात बदमाशों ने कंटेनर का ताला तोड़कर उसमें रखे जूते और जींस के बॉक्स चोरी कर लिये। चालक ने ट्रक कटिंग होने पर मामले की शिकायत घट्टिया थाना पुलिस को दर्ज कराई और बताया कि बदमाश 5 बॉक्स जूते और 5 पैकेट जींस के चुराकर ले गये है। पुलिस ने मामले में प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है। आगर रोड़ और गरोठ हाइवे पर कुछ महिनों से बदमाशों का गिरोह सक्रिय है, जो चलते वाहनों से सामान चोरी की वारदात को अंजाम दे रहे है। पुलिस को आशंका है कि बदमाश पारदी–कंजर गिरोह के हो सकते है। जो आसपास के प्रदेशों और जिलों से आकर वारदात कर रहे है।

### चकरावदा-गोयला मार्ग पर दुर्घटना में घायल वृद्ध की मौत




**उज्जैन।** रिश्तेदारी में हुई गमी में शामिल होकर 21 जनवरी को भगवान पिता बाथूराम आंजना 65 साल बाइक से अपने घर ग्राम तालोद लौट रहे थे। उसी दौरान चकरावदा–गोयला मार्ग पर सड़क दुर्घटना में गंभीर घायल हो गये थे। उन्हे चरक अस्पताल लाया गया था, जहां से परिजन निजी अस्पताल उपचार के लिये लेकर गये थे। शुक्रवार दोपहर को भगवान आंजना की मौत हो गई। सूचना मिलने पर भैरवगढ़ थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया है। प्रधान आरक्षक हितेश कटारा ने बताया कि दुर्घटना के बाद सामने आया था कि बाइक के सामने कुत्ता आने पर हादसा हुआ था। लेकिन घटना का सही कारण स्पष्ट नहीं हो पाया था। फिलहाल मर्ग कायम किया गया है। मार्ग पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देख घटना की सही स्थिति का पता लगाया जायेगा।

### रास्ता रोक युवक के साथ पिता-पुत्र ने की मारपीट

**उज्जैन।** पंवासा थाना क्षेत्र के ग्राम जीवनपुरखेड़ा में रहने वाला विनोद पिता फूलसिंह नायक 30 साल दोपहर में घर से बाजार जा रहा था। उसी दौरान ग्राम में दिनेश सोलंकी और उसके पुत्र शुभम ने रास्ता रोक लिया और पुराने विवाद को लेकर मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने विनोद नायक की शिकायत पर पिता–पुत्र के खिलाफ मारपीट और धमकाने का प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है।

### 8 साल की बालिका को बाइक चालक ने मारी टक्कर

**उज्जैन।** नागझिरी क्षेत्र की लौहार पट्टी में रहने वाले चौहान परिवार की 8 वर्षीय बालिका टिया पिता मदन चौहान को दरबार टेकर वाले के आफिस के पास गेल इंडिया के सामने अज्ञात बाइक चालक ने टक्कर मार दी। बालिका गंभीर रूप से घायल हुई। परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे। नागझिरी थाना पुलिस ने घायल बालिका की मां रेखा चौहान की शिकायत पर अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। रेखा चौहान के अनुसार दुर्घटना सुबह 6.30 बजे के लगभग हुई है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 235-0 | 248-4 |
| मेन बाजार | 299-0 | 335-1 |
| मिलन डे | 680-4 | 468-8 |
| मिलन नाइट | 166-3 | 450-9 |

1 5 6

### दूसरे दिन दोपहर बाद पथराव, चप्पे-चप्पे पर पुलिस तैनात

# तराना में हालात तनावपूर्ण, बस-दुकान में लगाई आग






### बाजार पूरी तरह बंद, 5 हिरासत में

गुरुवार शाम हुए विवाद के बाद बाजार बंद हो गया था जो शुक्रवार को भी पूरी तरह से बंद दिखाई दिया। लोग घरों में दिखाई दिए जिनके चेहरे पर दहशत भी नजर आ रही थी। सोहिल ठाकुर पर हमला करने वाले पांच लोगों की पुलिस ने गिरफ्तारी कर ली थी जिसमें सपान मिर्जा, शादाब उर्फ हेडली, सलमान मिर्जा, रिजवान मिर्जा और एक नाबालिग शामिल था। एक आरोपी फरार है जिसकी तलाश की जा रही थी। घटना में घायल विश्व हिंदू परिषद नगर मंत्री सोहिल का उपचार उज्जैन में चल रहा है।

**इनका कहना-** दुकान और बस में आग लगाई गई थी तत्काल फायर ब्रिगेड ने पहुंचकर आग पर काबू पाया है, दुकान में शॉर्ट सर्किट की बात सामने आ रही है। पूरी स्थिति पर नजर रखी जा रही है फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है और शांति बनी हुई है।

**गुरुप्रसाद पाराशर, एएसपी**

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

तराना में गुरुवार शाम दो समुदाय के युवकों के बीच विवाद ने सांप्रदायिक रूप ले लिया था। जो दूसरे दिन शुक्रवार को भी बना रहा। दोपहर बाद कुछ लोगों ने बस में आग लगा दी, वहीं दूसरे पक्ष ने पथराव शुरू कर दिया। स्थिति को नियंत्रण में लेने के लिए चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात किया गया है।

शुक्ला गली में रहने वाले विश्व हिंदू परिषद के नगर मंत्री सोहिल ठाकुर और मिर्जा परिवार के नाबालिग के बीच मंदिर के पास खड़े रहने की बात पर गुरुवार शाम विवाद हुआ था, मिर्जा परिवार के लोगों ने सोहिल ठाकुर पर हमला कर दिया था। जिसके बाद तराना में विवाद ने सांप्रदायिक रूप ले लिया था। पुलिस ने सोहिल पर हमला करने वाले पांच लोगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर स्थिति को नियंत्रण में लिया था। लेकिन दूसरे दिन शुक्रवार सुबह से ही हिंदू संगठन से जुड़े लोग थाने का घेराव कर आरोपियों का जुलूस निकालने और मकान तोड़ने की बात पर पड़े हुए थे। थाने के बाहर हनुमान चालीसा का पाठ और भजन कीर्तन किया जाने लगा था। दोपहर बाद अचानक स्थिति फिर से बिगड़ गई गुरुवार रात हुई बसों में तोड़फोड़ के दौरान क्षतिग्रस्त बस में आग लगा दी गई। यही नहीं एक दुकान को भी आग के हवाले कर दिया गया। कुछ देर बाद ही दूसरा पक्ष भी बाहर आ गया और पथराव शुरू कर दिया। हिंदुओं के धार्मिक स्थल में भी तोड़फोड़ की गई। हालात तनावपूर्ण होते ही पुलिस बनने फिर से मोर्चा संभाल लिया। एएसपी गुरुप्रसाद पाराशर, एसडीओपी भविष्य भास्कर पुलिस टीम के साथ हर गली मोहल्ले का भ्रमण कर नजर रखे हुए थे। पुलिस की अलग-अलग टीमें लगातार विवाद करने वालों को खदेड़ने के लिए दौड़ लग रहे थे।

### तोड़फोड़ में हुआ लाखों का नुकसान

गुरुवार रात बसों में हुई तोड़फोड़ और शुक्रवार को लगाई गई आज के बाद शेख यासीन ने बताया कि उनके और भाई की 12 वर्षों में हुई तोड़फोड़ से लाखों का नुकसान हुआ है। आपसी विवाद को धर्म से जोड़ दिया गया है। कई दुकानों में भी तोड़फोड़ की गई है। हमारी क्या गलती थी जो बसों को नुकसान पहुंचाया गया। वहीं शहर काजी ने भी समाज जनों से शांति बनाए रखने की अपील की है और जो भी दोषी है उसके खिलाफ प्रशासन से कार्रवाई की मांग की है।

# नाबालिग के साथ पेटलावद बस स्टेंड पर मिली किशोरी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

झाबुआ से मजदूरी के लिये बड़नगर आये परिवार की 15 वर्षीय पुत्र 15 जनवरी को लापता हो गई थी। परिजनों ने मामले की शिकायत बड़नगर थाना पुलिस को दर्ज कराई। मामला नाबालिग से जुड़ा होने पर थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने धारा 137 (2) का अपराध दर्ज किया और बालिका की तलाश के लिये एसआई चांदनी पाटीदार, एएसआई सुनील देवके, प्रधान आरक्षक राहुलसिंह राठौर, आरक्षक अजय चौहान और महेश मोर्य की टीम गठित कर तलाश के निर्देश जारी किये। टीम ने तकनीकी साक्ष्यों और कस्बे में लगे कैमरों के फुटेज देखना शुरू किये। मुखबीर तंत्र को भी अलर्ट किया गया। इस दौरन सात दिन बाद खबर मिली कि बड़नगर से लापता बालिका पेटलावद बस स्टेंड पर एक युवक के साथ घूम रही है। थाना प्रभारी ने टीम को रवाना किया। जहां लापता बालिका की तलाश शुरू की गई। कुछ घंटे में बालिका का खोज निकालने में टीम सफल हो गई। उसके साथ मिला युवक भी नाबालिग होना सामने आया जो पेटलावद के महुडी पाड़ा का रहने वाला था। दोनों को बड़नगर लाया गया। जहां बालिका के बयान दर्ज करने पर सामने आया कि शादी का झांसा देकर साथ ले गया था। पुलिस ने मामले में धारा का इजाफा किया और नाबालिग को बाल न्यायालय में पेश कर बाल संप्रेक्षणगृह भेज दिया।

# अंतिम संस्कार के लिये मायके-ससुराल पक्ष में कहासुनी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

डिलेवरी के बाद प्रसूता की हालत बिगड़ गई मायके पक्ष आरडी गार्डी मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचा। प्रसूता की मौत हो गई। शुक्रवार को पोस्टमार्टम के बाद मायके और सुसराल पक्ष में अंतिम संस्कार को लेकर कहासुनी हो गई। मायके पक्ष ने ससुराल पक्ष पर आरोप लगाये।



शाजापुर कर रहने वाली वंदना पिता राधेश्याम का 2023 में आगर के रहने वाले दिपेश चौहान से विवाह हुआ था। सालभर बाद वंदना गर्भवती हुई। ऑपरेशन से उसने पुत्री को जन्म दिया लेकिन उसका निधन हो गया था। उस दौरान डॉक्टरों ने 3 साल तक दूसरे बच्चे के जन्म से बचने की सलाह दी। लेकिन ससुराल वालों को संतान की जल्दी थी। 2025 में वंदना फिर गर्भवती हो गई। उसकी हालत ठीक नहीं थी। ससुराल वालों ने उसके मायके भेज दिया। एक माह से परिजन उसका उपचार करा रहे थे, 8 दिन पहले उसने बेटी को जन्म दिया लेकिन उसकी हालत काफी बिगड़ गई। परिजनों ने निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां खर्च अधिक आने पर परिजन उसे आरडी गार्डी मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे। जहां गुरूवार-शुक्रवार रात वंदना की मौत हो गई। मेडिकल कॉलेज स्टॉफ ने चिमनगंज थाना पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मर्ग कायम कर शुक्रवार सुबह पोस्टमार्ट कराया। इस दौरान ससुराल पक्ष भी पहुंचा। लेकिन वंदना के पिता के पिता ने आरोप लगाया कि उनकी बेटी की जान ससुराल वालों की वजह से गई है। उन्होने इलाज भी नहीं कराया और मायके भेज दिया। इस दौरान ससुराल वालों ने शव का अंतिम संस्कार कराने की बात कहीं। जिसको लेकर मायके पक्ष से कहासुनी हो गई। पुलिस हस्तक्षेप किया और शव मायके पक्ष को सौंप दिया। इस बीच ससुराल पक्ष पोस्टमार्टम कक्ष से लौट गया। वंदना के पिता शव अंतिम संस्कार के लिये शाजापुर लेकर रवाना हो गये।

### आयशर में भरकर ले गये थे, खेत में छुपाकर रखे थे

# यूकोलिप्टिस के 38 पेड़ काटकर चोरी करने वाले पकड़ाये

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

सरकारी जमीन पर लगे यूकोलिप्टिस के 38 पेड़ काटकर चोरी करने वाले 4 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उनकी निशानदेही पर चोरी में प्रयुक्त आयशर के साथ 50 टन लकड़ी बरामद की गई है।



इंगोरिया थाना क्षेत्र में सरकारी जमीन पर सड़क किनारे लगे यूकोलिप्टिस के 38 पेड़ अज्ञात बदमाशों ने काटकर चोरी कर लिये थे। 20 जनवरी को मामले की जानकारी सामने आई तो नायब तहसीलदार संग्रामसिंह चौधरी टप्पा इंगोरिया ने मामले की शिकायत थाने पहुंचकर दर्ज कराई। थाना प्रभारी दिपेश व्यास ने बताया कि मामले में पेड़ काटकर अज्ञात लकड़ी चोरी करने वालों के खिलाफ मामला दर्ज कर एएसआई दिनेश निनामा, प्रधान आरक्षक राजेन्द्रसिंह परिहार, सरदारसिंह खरते, आरक्षक शिवकांत पांडे, दिलीपसिंह राणा, भोजराम परमार, दीपक सोलंकी की टीम बनाई गई। 3 दिनों की तलाश के बाद ग्राम मतांगना के रहने वाले शहजाद पिता छोटे खां पठान, भय्यू पिता रसुलअली, सोहेल पिता हाफिज और विक्रम पिता राजाराम को हिरासत में लिया गया। चारों से सख्त पूछताछ में सामने आया कि उन्होने 17 जनवरी की रात पेड़ काटकर आयशर क्रमांक एमपी 13 जीबी 6145 में रख चोरी की थी। पुलिस ने कटे पेड़ों की लकड़ी और आयशर बरामद करने के प्रयास किये। चारों ने शहजाद के खेत में चुराई लकड़ी छुपाकर रखना बताया। पुलिस टीम ने खेत पहुंच कर 50 टन लकड़ी के साथ चोरी में प्रयुक्त आयशर जप्त कर ली। एएसआई दिनेश निनामा ने बताया कि चोरों का मकसद चुराई लकड़ी बेचकर मुनाफा कमाने का था। उनका अपराधिक रिकार्ड पता करने पर सामने नहीं आया। चारों पहली बार पुलिस की गिरफ्त में आये है। शुक्रवार दोपहर कोर्ट में पेश किया था। जहां से जमानत मिलने पर चारों को रिहा किया गया है। बरामद चोरी का मश्रुका 7 लाख कीमत का सामने आया है।


स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com